
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 91
गुरुवार
03.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## पंचमी : मां स्कंदमाता



या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। मां स्कंदमाता की गोद में युद्ध के देवता अर्थात भगवान कार्तिकेय को दर्शाया गया है। भगवान कार्तिकेय अर्थात स्कंद देव की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कंदमाता कहा जाता है। माता के इस स्वरूप की चार भुजाएं है, जिसमें से दो भुजाओं में उन्होंने कमल धारण किया हुआ है। एक हाथ में कार्तिकेय जी और चौथे हाथ से आशीर्वाद देते हुए नजर आती हैं। मां सिंह की सवारी करती हैं।

### केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया वक्फ संशोधन बिल

# वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम नहीं होगा शामिल : शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश किया।सदन में पक्ष और विपक्ष लगातार अपनी राय रख रहे हैं। सरकार की ओर पक्ष रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुझे लगता है कि या तो निर्दोष भाव से या राजनीतिक कारणों से ढेर सारी भ्रांतियां सदस्यों के मन में हैं और इन्हें फैलाने का प्रयास भी हो रहा है।अमित शाह ने कहा, वक्फ एक अरबी शब्द है जिसका इतिहास कुछ हदीसों से जुड़ा मिलता है। आज जिस अर्थ में इसका उपयोग किया जाता है,अल्लाह के नाम पर संपत्ति का दान। वक्फ एक प्रकार का चैरिटेबल एंडोमेंट है। इसमें व्यक्ति पवित्र दान करता है।दान उस चीज का किया जा सकता है जो अपनी हो,मैं सरकारी संपत्ति या किसी दूसरे की संपत्ति का दान नहीं कर सकता। ये सारी बहस इसी बात पर है। गृह मंत्री ने कहा, वक्फ बोर्ड में धार्मिक क्रियाकलाप चलाने के लिए, गैर मुस्लिम को नहीं रखा जा रहा है। लेकिन विपक्ष इसके जरिये डराकर अपना वोट बैंक सुरक्षित करने का काम कर रहा है। वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद में गैर मुस्लिम रखने की बात है, जिसका काम ये देखना है कि काम ठीक से हो रहा है या नहीं।इस सदन के माध्यम से पूरे देश के मुस्लिम भाइयों को कहना चाहता हूं कि आपके वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम नहीं शामिल होगा। अमित शाह ने कहा कि वक्फ बोर्ड में जो संपत्तियां बेच खाने वाले, सौ-सौ साल के लिए औने-पौने दाम पर किराए पर देने वाले लोग है, वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद उन्हें पकड़ने का काम करेगा। ये चाहते हैं कि इनके राज में जो मिलीभगत चलती रहे। अब ये नहीं चलेगा। अमित शाह ने कहा कि 2013 का जो संशोधन आया, वो नहीं आया होता तो आज ये संशोधन लाने की नौबत नहीं आती। कांग्रेस सरकार ने दिल्ली लुटियंस की 125 संपत्तियां वक्फ को दे दीं। उत्तर रेलवे की जमीन वक्फ को दे दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में वक्फ की जमीन बताकर मस्जिद बनाने का काम हुआ। अमित शाह ने मणिपुर समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि, एक लाख 38 हजार एकड़ जमीन किराये पर दिए जाने, सौ साल की लीज पर निजी संस्थानों को जमीन हस्तांतरित किए जाने, विजयपुर गांव की 1500 एकड़ भूमि पर दावा करके विवाद में डाले जाने, फाइव स्टार होटल को 12000 महीने के किराए पर देने का जिक्र किया और कहा कि ये पैसा गरीब मुसलमान का है।जमीन हड़पने के उदाहरण देते हुए अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में एक मंदिर पर क्लेम किया, 600 एकड़ जमीन पर दावा किया।

ईसाई समुदाय की ढेर सारी जमीनों पर भी दावा कर दिया। कई समूह वक्फ बिल का विरोध कर रहे हैं। दक्षिण के जो सांसद बोल रहे हैं, वो अपने क्षेत्र के सारे चर्च को नाराज कर रहे हैं।

### कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने वक्फ विधेयक की मंशा पर उठाए सवाल

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने वक्फ संशोधन विधेयक पर कहा,आप (सरकार) क्या संदेश देना चाहते हैं? जिस समुदाय ने भारत की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ी, जिस समुदाय से 1857 में मंगल पांडे के साथ अपने प्राणों की आहुति दी, आप उस समुदाय की छवि को धूमिल करना चाहते हैं? जब आप अंग्रेजों को दया याचिकाएं लिख रहे थे, जब आप लोग भारत छोड़ो आंदोलन का समर्थन नहीं कर रहे थे, उस समुदाय ने भारत छोड़ो आंदोलन का समर्थन किया था। आप उस समुदाय की छवि को धूमिल करना चाहते हैं जिसने 1924 में जिन्ना के दो-राष्ट्र सिद्धांत को पूरी तरह से खारिज कर दिया था। यह आपकी फूट डालो और राज करो की नीति है। हमारे लिए राष्ट्रवाद का मतलब है एकजुट होना। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अपने संबोधन में सवाल उठाया कि क्या अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने ही यह विधेयक तैयार किया है या फिर इसे किसी अन्य विभाग ने तैयार किया है? ये विधायक कहां से आया है? आज देश में अल्पसंख्यकों की हालत ऐसी हो गई है कि आज सरकार को उनके धर्म का प्रमाण पत्र देना पड़ेगा। क्या वे दूसरे धर्मों से प्रमाण पत्र मांगेंगे कि आपने पांच साल पूरे किए हैं या नहीं? इस बिल में ऐसा क्यों पूछा जा रहा है? सरकार धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप क्यों कर रही है?



**वक्फ विधेयक में थी कई विसंगतियां : किरेन :** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा,इस विधेयक में कुछ विसंगतियां थीं, इसलिए इसमें संशोधन करना आवश्यक था। मैंने पहले भी कहा था कि कोई भी भारतीय वक्फ बना सकता है, लेकिन 1995 में ऐसा नहीं था। 2013 में आपने इसमें बदलाव किए और अब हमने 1995 के प्रावधान को बहाल कर दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि केवल वही व्यक्ति वक्फ बना सकता है जिसने कम से कम पांच साल तक इस्लाम का पालन किया हो। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ी वक्फ संपत्ति भारत में है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में रेलवे और रक्षा क्षेत्र के बाद तीसरी सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है, लेकिन रेलवे और रक्षा क्षेत्र की संपत्ति देश की संपत्ति है, जबकि वक्फ बोर्ड की संपत्ति निजी संपत्ति है। वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन और लाखों करोड़ की संपत्ति है तो देश के गरीब मुसलमानों के लिए इसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है ? केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि वक्फ संशोधन विधेयक से सरकार धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी, ये विधेयक सिर्फ संपत्ति के प्रबंधन का मामला है। उन्होंने विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

## वक्फ संशोधन बिल का उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है : मदनी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने वक्फ संशोधन बिल पर बयान दिया है। मौलाना महमूद मदनी ने वक्फ संशोधन विधेयक को अलोकतांत्रिक एवं असंवैधानिक करार दिया। लोकसभा में वक्फ बिल पेश होने के बाद जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा,संसद में पेश किया गया वक्फ से संबंधित यह बिल असंवैधानिक है और मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है। सरकार अपने संख्यात्मक बहुमत के बल पर इसे पारित कराने की कोशिश कर रही है। मदनी ने कहा,यह रवैया बहुसंख्यकवादी मानसिकता पर आधारित है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस बिल को जबरन संसद में लाया गया है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा,जिस तरह से यह बिल तैयार किया गया है और जिस मंशा व रवैये के साथ इसे पेश किया जा रहा है, वह मुसलमानों के खिलाफ एक नकारात्मक रुख को दर्शाता है.जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने कहा, हम पहले ही कह चुके है कि पुराने कानून में सुधार की जरूरत थी लेकिन इसके बजाय सरकार ने ऐसे संशोधन पेश किए हैं जो समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें और जटिल बना रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य के रूप में, मैं स्पष्ट रूप से ये कहना चाहता हूं कि यह बिल पूरी तरह अस्वीकार्य है और हम इसे पूरी तरह खारिज करते हैं। मौलाना महमूद मदनी ने कहा, वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी और हम हर संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

**मदनी ने कहा,यह रवैया बहुसंख्यकवादी मानसिकता पर आधारित है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है. इस बिल को जबरन संसद में लाया गया है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है.**

## क्विक न्यूज

### पांवटा साहिब में हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन, अवैध कटान पर सख्त कार्रवाई की मांग

**नाहन :** पांवटा साहिब में लगातार बढ़ रहे गौकशी के मामलों और अवैध लकड़ी कटान को लेकर हिंदू जागरण मंच ने वन विभाग कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।दरअसल, हाल ही में यमुना नदी के किनारे घुमंतू गुर्जर समुदाय के कुछ लोग और खैर की लकड़ियां बरामद हुई थीं।हिंदू संगठन का आरोप है कि वन विभाग इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है, जिससे अवैध गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। संगठन ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।प्रदर्शन के दौरान हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने डीएफओ (वन मंडल अधिकारी) को ज्ञापन सौंपा और तीन दिन के भीतर ठोस कार्रवाई की मांग की।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे धरने पर बैठेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी।मीडिया से बातचीत के दौरान संगठन के सदस्यों ने कहा कि पांवटा साहिब में गौकशी के बढ़ते मामलों से हिंदू समाज में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

### वक्फ बिल को लेकर यूपी में बढ़ाई गई चौकसी, पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द

**लखनऊ :** वक्फ (संशोधन) विधेयक के बुधवार को लोकसभा में पेश किया जा रहा है। इसको लेकर संभावित विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अगले आदेश तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। डीजीपी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द की जाती है। जो भी कर्मचारी या अधिकारी छुट्टी पर गये हैं वे तत्काल अपनी ड्यूटी को ज्वाइन कर लें। वक्फ संशोधन बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन होने की संभावना है, ऐसे में जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने इलाकों में फोर्स के साथ गश्त करते नजर आयें। संवेदनशील-अतिसंवेदनशील इलाको में अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाए। ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाए। पुलिस अधिकारी जिला प्रशासन की मदद से संभ्रांत लोगों से बैठक कर रुपरेखा तैयार करें। सोशल मीडिया पर बिल के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट और धमकियों की खबरों के बाद साइबर सेल सक्रिय हो गई है।

### मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, 8 को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली :** साकेत के सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दिए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है।

## 7 साइबर अपराधी गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** पुलिस को साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन दुमका, तीन देवघर और एक पाकुड़ का रहने वाला है। सातों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल, दो लैपटाप, 12 हजार रुपये और एक एटीएम बरामद किया है।गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार युवकों में दुमका के रसिकपुर निवासी विक्की शर्मा, तेलीपाड़ा का नीरज कापरी, काठीकुंड के आमझारी का अंकित कुमार दास, देवघर के खागा का करण कुमार राणा, प्रेम सागर राणा सूरज कुमार और पाकुड़ के राजीव कुमार शामिल है। सभी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया और बताया कि जनवरी माह से साइबर ठगी कर रहे हैं।एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बुधवार को बताया कि मुफस्सिल थाना प्रभारी को सूचना मिली कि आदित्य नारायण कॉलेज के पास एक निर्माणाधीन मकान में कुछ युवक लैपटॉप के साथ लोगों को अपने जाल में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। प्रशिक्षु आईपीएस डॉ. सैयद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में टीम बनाकर दबिश दी गई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को दिए स्वीकारोक्ति बयान में बताया वे सभी लोग कस्मटर केयर में पहले से पड़े मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर डाल देते थे। इसके बाद जो भी कस्टमर शिकायत करता तो उसके मोबाइल नंबर को एक एपीके लिंक भेजा करते थे। लिंक के टच करते ही शिकायत करने वाले का खाता से पैसा उड़ लेते थे।एसपी ने बताया कि इन साइबर अपराधियों ने हाल के वर्षों में जो भी संपत्ति खरीदी होगी, उसे जब्त किया जाएगा। सभी को रिमांड पर लेकर फिर से पूछताछ की जाएगी। इन लोगों ने अभी तक साइबर ठगी से जो भी संपत्ति अर्जित की है, उसका सत्यापन कराया जा रहा है। सभी को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

## अस्ताचलगामी भगवान भस्कर का प्रथम अर्घ्य आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सूर्योपासना के चार दिवसीय अनुष्ठान चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को पूरे दिन निर्जला उपवास रहकर शाम में व्रतियों ने खरना किया। आम की लकड़ी जलाकर दूध और ओरी के चावल से बनी खीर एवं पुड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला महा उपवास शुरू हो गया है। वहीं कई लोग छठव्रतियों के जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। खरना का प्रसाद ग्रहण करने वाले स्वयं को सौभाग्यशाली मानते है। छठव्रती गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगी। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व संपन्न हो जाएगा। महापर्व छठ को लेकर पूरा राज्य मंगलवार से ही भक्तिमय हो गया है।छठगीतों की गूंज से शहर और ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान है। बुधवार शाम छठव्रतियों ने संबंधित छठ घाटों पर पहुंचकर घाट सजाया। स्नान ध्यान कर भगवान भास्कर की उपासना की। इधर पलामू जिले के विभिन्न नदी और सरोवरों के छठ घाटों पर सूर्य भगवान की आराधना को भीड़ उमड़ पड़ी। कोयल, सोन, अमानत, सदबह, बांकी समेत संबंधित नदियों, तालाबों, सरवरों एवं जलाशयों पर बड़ी संख्या में व्रतियों ने सूर्योपासना की। व्रतियों की सुविधा के लिए सड़कों और घाटों की साफ-सफाई की गई है। जिले के हुसैनाबाद, पांकी, चैनपुर, हरिहरगंज, विश्रामपुर, तरहसी, पांडू, छतरपुर, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, रामगढ़, पाटन, मनातू, नौडीहा, छतरपुर, उंटारी रोड, लेस्लीगंज, पीपरा, सतबरवा सहित सभी प्रखंडों में छठ पर्व की धूम है।

## फिट उत्तराखण्ड अभियान के लिए बनाएं एक्शन प्लान : सीएम धामी



एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट उत्तराखण्ड पर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि फिट उत्तराखण्ड अभियान के लिए 15 दिन के अन्दर पूरा एक्शन प्लान बनाया जाए। खेल, स्वास्थ्य, आयुष, खाद्य, शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मिलकर एक्शन प्लान तैयार करें। राज्य और जिला स्तर पर इसके लिए प्रतिमाह वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाए। ईट राइट बी फिट के तहत चीनी, नमक और तेल को थोड़ा कम करने का संदेश आम जन तक पहुंचाया जाए। फिट उत्तराखण्ड अभियान को स्कूल, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के अलावा ग्राम स्तर तक व्यापक रूप से किया जाए। स्कूल और महाविद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य कैंप लगाये जाएं।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है, इसलिए, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। राज्य के रजतोत्सव कैलेंडर में फिट उत्तराखण्ड अभियान को भी शामिल किया जाए। खेल विभाग की लीगेसी प्लान की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बने खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का खेलों हेतु नियमित उपयोग किया जाए। राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए, राज्य से प्रतिभावान खिलाड़ी तैयार किए जाएं। स्थानीय युवाओं में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत् स्पोर्ट्स ईको सिस्टम विकसित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण के लिए विश्वस्तरीय और उच्च गुणवत्ता के प्रशिक्षण सेंटर विकसित किए जा रहे हैं।बैठक में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली,रविनाथ रमन,रंजीत सिन्हा, डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक खेल प्रशांत आर्य उपस्थित थे।

## केंद्र ने पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर किया नियुक्त



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा।आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कैबिनेट (एसीसी) की नियुक्ति समिति ने तीन साल के कार्यकाल के लिए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के तौर पर पूनम गुप्ता की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में अपना पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का यह पद खाली हो गया था।पूनम गुप्ता वर्तमान में देश की सबसे बड़ी आर्थिक नीति थिंक टैंक, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के महानिदेशक हैं। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य भी हैं। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में कार्यरत हैं।पूनम गुप्ता के पास अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री और पीएचडी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय अर्थशास्त्र पर पीएचडी के लिए 1998 में एक्जिम बैंक पुरस्कार जीता था। इसके साथ ही वाशिंगटन में अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक में लगभग दो दशक तक वरिष्ठ पदों पर काम करने के बाद वह 2021 में एनसीएईआर में शामिल हुईं। इसके अलावा गुप्ता राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में आरबीआई चेयर प्रोफेसर और आईसीआरआईईआर में प्रोफेसर भी रही हैं।

## रांची सहित कई जिलों में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची सहित कई जिलों में बुधवार को बादल छाए रहे। इससे रांची समेत, दक्षिणी-पूर्वी, मध्यवर्ती, दक्षिणी, उत्तर-पश्चिमी जिलों के कुछ हिस्सों में गर्जन के हल्की बारिश होने, ओलावृष्टि और वज्रपात होने की आशंका है। बारिश होने से तापमान में कमी आएगी। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बुधवार को संपर्क करने पर बताया कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आ रही है तो बीच दो जगह से नमी आ रही है तो बीच में कन्वर्जन हो रहा है। तापमान हाई है ऐसे में बारिश की संभावना होती है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आने की वजह से ही झारखंड में मौसम बदला है। बारिश के साथ कुछ जगह पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।उन्होंने बताया कि राज्य के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। लेकिन मौसम में फिर से हुई तब्दीली से फिर से तापमान में कमी होगी। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.4, जमशेदपुर 38.2, डालटेनगंज में 38.2 और बोकारो में अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री से मिले पलामू के सांसद वीडी राम

## बंशीधर नगर मंदिर को श्री कृष्ण सर्किट से जोड़ने व पलामू किला को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन मंत्रालय में केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से पलामू के सांसद वीडी राम ने मुलाकात की। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के बंशीधर नगर मंदिर एवं पलामू जिला के चैनपुर स्थित बभंडी राधा कृष्ण मंदिर की महता को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रसाद योजना के तहत श्री कृष्ण सर्किट से जोड़ने का अनुरोध किया। साथ ही साथ पलामू प्रमंडल के बेतला (पलामू व्याघ्र क्षेत्र) के अंतर्गत पड़ने वाले पलामू किला, कमलदह झील, केचकी, इको स्ट्रीट एवं मलय डैम का पर्यटन विकास एवं पलामू किला को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग किया। गढ़वा जिला झारखण्ड राज्य के उत्तर पश्चिम में स्थित है और बिहार का रोहतास, उत्तर प्रदेश का सोनभद्र एवं छतीसगढ़ का सरगुजा जिलों की सीमाएं इससे लगती है। इसलिए इसे कभी गेटवे ऑफ छोटानागपुर कहा जाता था। झारखण्ड की राजधानी



रांची से गढ़वा जिले की दूरी 205 किलोमीटर है। गढ़वा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर नगर उंटारी अनुमंडल स्थित है। जहाँ पर शताब्दियों प्राचीन श्री बंशीधर मंदिर स्थित है। इस मंदिर में राधा एवं कृष्ण की साढ़े चार फीट उँची और बतीस मन की स्वर्ण निर्मीत एक अत्यंत मोहक प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भुमि में गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित चौबीस पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पर विराजमान है। श्री वंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। नगर उंटारी गढ़ के मुख्य द्वार के पास स्थित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की चार फीट उंची और 32 मन वजनी (1280 किलो) प्रतिमा भक्तों का मन मोह लेती है। पहली बार मेरी पहल पर यहाँ वर्ष 2017 से श्री वंशीधर महोत्सव मनाया जा रहा हे। उक्त महोत्सव को झारखण्ड सरकार द्वारा राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है। इसके साथ-साथ नगर उंटारी स्थित श्री वंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए झारखण्ड सरकार एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम जो पहले नगर उंटारी था, उसे बदल कर श्री वंशीधर नगर किया जा चुका हैं। अभी हाल में नगर उटांरी स्टेशन पर रेल मंत्री ने मेरे अनुरोध पर रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव की स्वीकृति दी है। 2.चैनपुर बभंडी राधा कृष्ण मंदिर सरोवर के मध्य स्थित यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए गहरी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। विदित है कि इस ऐतिहासिक मंदिर की स्थापना वर्ष 1930 में हुयी थी। पलामू के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 रघुवंश नारायण सिंह एवं स्थानीय जिला प्रशासन के प्रयासों से इस मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। इसके ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिस प्रकार से श्री बंशीधर नगर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है, उसी प्रकार श्रद्धालुओं एवं इस क्षेत्र की स्थानीय जनता के द्वारा बभंडी में राधा कृष्ण महोत्सव का आयोजन कराने की मांग लगातार की जा रही है। इससे इस मंदिर को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है और इसे श्री बंशीधर नगर मंदिर से जोड़कर एक व्यापक राधा कृष्ण धार्मिक पर्यटन सर्किट का हिस्सा बनाएं जाने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिससे आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। 3.पलामू व्याघ्र क्षेत्र के अंतर्गत ऐतिहासिक पलामू किला अवस्थित है। चेरो वंश (आदिवासी) के राजा प्रताप राय ने सन् 1628 में पुराना किला का निर्माण कराया था, तत्पश्चात् 1658 में राजा मेदिनी राय के द्वारा नए किले का अधूरा निर्माण कराया गया था। चेरो वंश के राजाओं ने मुगल साम्राज्य और ब्रिटिश शासन के हस्तक्षेप से पलामू को बचा कर रखा था। राजा मेदिनीराय सामाजिक एकता के प्रतीक थे, उनके लोकोक्ति ''धन्य धन्य राजा मेदिनीयॉ, घर घर बजे मथनिया'' अर्थात उनके शासन काल में सर्वत्र खुशीहाली थी। झारखंड राज्य पहाड़ों, जंगलों, नदियों और खूबसूरत झीलों से अच्छादित प्रदेश है। यहॉ का एक महत्वपूर्ण भूभाग के अंतर्गत पलामू प्रमंडल के तीनों जिले क्रमशः पलामू, गढ़वा एवं लातेहार है जहां खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। वहीं प्राकृतिक संपदाओं से भी परिपूर्ण है। पलामू प्रमण्डल के लातेहार जिला के अंतर्गत बेतला व्याघ्र योजना देश के प्रथम व्याघ्र परियोजनाओं में से एक है। राजा मेदिनीराय की धरोहर, पलामू किला तथा पलामू व्याघ्र क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए पुराने एवं नए पलामू किले को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करते हुए पुरातत्व विभाग, भारत सरकार के द्वारा किला का रख-रखाव, जीर्णोधार एवं सौदर्यीकरण तथा पुरातत्व विभाग, भारत सरकार की सूची में शामिल कराने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायें। साथ ही साथ मलय डैम, कमलदह झील, केचकी इको रिट्रीट को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत किया जाय।उपरोक्त मामले में मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया। साथ ही उक्त संबंध में झारखण्ड सरकार से प्रस्ताव भेजवाने को कहा, ताकि उक्त मामलों पर अग्रतर कार्यवाई की जा सके।

## अरविंद ने दिव्यांग को कराया बैसाखी उपलब्ध



**पिपरा,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तेंदुई के मुखिया पति सह समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने अपने ही पंचायत के ग्राम तेनुडीह के दिव्यांग सत्येंद्र भुइया को बैसाखी उपलब्ध कराया. अरविंद सिंह ने कहा कि सत्येंद्र भुइया चलने फिरने में असमर्थ हैं बैसाखी मिल जाने के बाद इसे सहारा बनाकर थोड़ा बहुत घूम फिर सकेंगे. बैसाखी मिलने के बाद दिव्यांग सत्येंद्र काफी खुश थे. स्थानीय लोगों इस कार्य के लिए अरविंद सिंह का काफी सहराहना कर रहे है. अरविंद सिंह ने पहले भी दर्जनों दिव्यांगों को बैसाखी कान में लगाने वाला मशीन कंबल इत्यादि अपने निजी खर्चे से उपलब्ध कराया है. साथ ही पंचायत क्षेत्र में घूम कर लोगों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में नवीन शैक्षणिक सत्र-2025-26 का हुआ भव्य शुभारंभ



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संस्कारों की पाठशाला नगर की प्रतिष्ठित संस्था सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के प्रांगण में प्रांतीय योजना के अनुसार हवन-पूजन का आयोजन किया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय में आनेवाले भैया-बहनों का तिलक-वंदन से हार्दिक स्वागत विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा किया गया।विधिवत हवन पूजन के साथ सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र-2025-26 का आरंभ किया गया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नए सत्र के आरंभ के पूर्व परमपिता परमेश्वर एवं मां शारदे से प्रार्थना की जाती है कि वर्ष भर विद्यालय की गतिविधियां एवं भैया-बहनों का शिक्षण कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो। इसमें आचार्य के साथ-साथ भैया-बहनों में भी आध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है तथा पूरे सत्र भर आचार्यों में उर्जा बनी रहती है। हवन-यज्ञ से मन पवित्र हो जाता है।प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय के द्वारा विधिवत हवन पूजन व मंत्रों का उच्चारण भैया-बहनों के बीच किया गया। विद्यालय के आचार्य रणजीत मिश्रा व विद्यालय के आचार्य-दीदी जी एवं भैया-बहन उपस्थित थे।

# मोहम्मदगंज के नव निर्माणाधीन महावीर मंदिर में भव्य आयोजन, हुआ प्रसाद वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** स्थानीय स्टेशन रोड बाजार स्थित नव निर्माणाधीन महावीर मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्र और रामनवमी के अवसर पर हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है और भक्तों की आस्था को देखते हुए इसे जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को सामाजिक और धार्मिक एकता का प्रतीक बताया। श्रद्धालुओं ने मंदिर समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को बल मिलता है। आयोजन के सफल संचालन में स्थानीय युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया।

# बेलाबार प्रीमियर लीग मैच केतार ने 19 रनों से नावाडीह को हराकर जीता खिताब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बुधवार को बेलाबार नदी फील्ड में 12 साल के बच्चों द्वारा आयोजित बेलाबार प्रीमियर लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में नावाडीह गोपला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केतार टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान पंचायत के मुखिया मूंगा साह और मैच के उद्घाटन कर्ता बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी शामिल रहे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केतार टीम ने 98 रन बनाए और नावाडीह टीम को 99 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में नावाडीह टीम ने संघर्षपूर्ण खेल



दिखाया और लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 3 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बाद पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आनंद कुमार को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस रोमांचक मुकाबले ने क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति नई ऊर्जा भर दी। आयोजकों ने घोषणा की कि अगले साल टूर्नामेंट को और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## महावीर मंडल ने नगर में निकाला मंगला शोभायात्रा




**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महावीर मंडल के द्वारा आयोजित मंगला शोभा यात्रा में छतरपुर में भव्य मनोरम झांकी मगलवार कि निकाली गई। यह झांकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से हनुमान चालीसा का पढ़ के साथ शुरू किया गया और सरैडीह मोड़ के पास स्थित महाबीर मंदिर में हनुमान चालीसा के पाठ के साथ समाप्त हुआ। छतरपुर में मंगला शोभायात्रा की शुरुआत तीन साल पहले 2023 में महाबीर मंडल के द्वारा किया गया था जिसकी भव्यता आज भी कायम है। इस झांकी में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के प्रतीक स्वरूप बच्चों को रथ पर बैठाकर पूरे शहर का भ्रमण करवाया गया। डीजे और भांगड़ा पार्टी के धुन पर श्रीराम के जयकारे के साथ छतरपुर गूंजता रहा। इस मौके पर संरक्षक अरविन्द गुप्ता ने कहा कि इस तरह की शोभयता सनातन संस्कृति की खूबसूरती है। रामनवमी का त्योहार हमें सन्देश देता है कि हम समाजिक सौहाद्र और स्नेह की गांठ को समाज मे और मजबूत करते चलें। वहीं महावीर मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि लोगों के सहयोग से यह आयोजन सम्भव हो पाया है, आगामी रामनवमी के त्योहार को उन्होंने और भी यादगार बनाने का संकल्प दुहराया। इस अवसर पर श्रीराम और महावीर के उद्घोष और भगवा और महावीरी झंडे लिए लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। महावीर मंडल की शोभायात्रा को सफल बनाने में संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून, गोपाल चंद्रवंशी, कुंदन पाठक, अध्यक्ष पंकज गुप्ता सचिव रॉकी उर्फ लाला, कोषाध्यक्ष मनु कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष अंकित कुमार पांडेय, रितेश कुमार चंद्रा, आशीष मिश्रा, पंकज मिश्रा, ऋषभ गुप्ता, सोनू सिंह, टोन वर्मा, आकाश चंद्रा, सोनू गुप्ता, गोलू गुप्ता, शुभम मालाकार, अभिषेक छोटू, ओमप्रकाश सोनी, आयुष चंद्रा, पिंटू गुप्ता, जितेंद्र मिश्रा, विशाल गुप्ता, मंजुल गुप्ता, राकेश चंद्रवंशी, डब्लू चंद्रवंशी, राजेन्द्र जायसवाल सहित सैकड़ो की संख्या में हिंदू धर्मावलम्बियों ने मंगला शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा की सुरक्षा में पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ड्रोन कैमरा से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नज़र आये, वहीं एसआई राहुल कुमार, संजय सिंह सहित दर्जनों महिला पुलिसकर्मी भी सुरक्षा में तत्पर नजर आए।

# मंगलवारी जुलूस को लेकर राम भक्तों ने निकाला बाईक जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** रामनवमी पूजा महासमिति व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रामनवमी व मंगलवारी जुलूस को लेकर बाइक जुलूस निकाला। इस दौरान जपला नगर के अलावा योगीवीर, चनैनी, जपला चौबे, कठौन्धा, ऊपरी, मोहम्मदाबाद, लँगरकोट, बुधुवा, फातमा चक आदि कई अखाड़ों के भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही मिलान स्थल, महाआरती समेत जुलूस की सफलता पर चर्चा की गयी। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केसरी, संतोष कश्यप, गौतम कांस्यकार, पंकज गुप्ता, बीकू कश्यप, राहुल केसरी, राजू सोनी, अक्षय कुमार, रवि चंदेल, धनंजय सोंडिक, पवन गुप्ता, संदीप सोनी, अंकुश कांस्यकार, शंभू सौंडिक, आशु कुमार, प्रमोद कुमार, विकास कांस्यकार आदि शामिल थे।

# समाजसेवी अरविन्द राम की धर्मपत्नी का रिम्स मे इलाज के दौरान हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के खैरादोहर गाँव के निवासी अरविन्द राम के धर्मपत्नी श्रीमति सरस्वती देवी के इलाज के दौरान रिम्स रांची मे अपनी जिंदगी हार गई और मौत जीत गई। मृतिका सरस्वती देवी ने ब्रेन टियूमर रोग से ग्रसित थी, मृतिका ने अपने पीछे छोटे -छोटे बच्चें छोड़ कर दुनिया से चल बसी। उनकी परिजनों की रो -रो कर बुरा हाल है। उनकी शव गाँव पहुंचते ही पुरा गाँव मे मातम छाया गया। उनकी अंतिम दाह संस्कार पैतृक गाँव मे किया गया। अंतिम दाह संस्कार के उपरांत आत्मा के शांति के एक मिनट की मौन रखा। अंतिम दाह संस्कार मे रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक, पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्णा दास, पंसस सदस्य संतोष कुमार यादव, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, समाजसेवी अजय कुमार के अलावा वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, जुदागिर राम शिक्षक, कृष्णा कुमार रवि, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुदामा राम समेत अन्य समाज सेवी व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों की ढाढस व हर संभव मदद करने की बात कहा।

# आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का मनाया जायेगा जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के महदेइया ग्राम स्थित नव प्राथमिक विद्यालय में आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर प्रबुद्ध लोगो की बैठक माणिक राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में सर्वसम्मति से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में आगामी 14 अप्रैल को प्रातः 6 बजे महदेइया स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर उंटारी बाबा बंशीधर मंदिर परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पैदल मार्च करते हुये पाल्हे ग्राम तक जाने तथा वापसी में चितविश्राम होते हुये जगजीवन मोड़, पिपरडीह, जमुआ ग्राम का भ्रमण करते हुये पुनः महदेइया पहुंचकर प्रभातफेरी सम्पन्न करने का निर्णय लिया गया. बैठक में माणिक राम, सुदेश्वर राम, जितेंद्र कुमार, सूर्यदेव राम, दिनेश राम, जयराम, जितेन्द्र कुमार, अमर राम, महेन्द्र राम, शंभूराम, रामकिशुन राम, सत्येंद्र राम, राजकुमार राम, उदय राम, श्रीकेश्वर निराला, डॉ. अखिलेश कुमार, विक्रम कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राम दरबार हनुमान तांडव के साथ शाहपुर में निकला मंगलवारी जुलूस

# अंतिम मंगला जुलूस के दौरान दिखा रामभक्तों का सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार की रात्रि नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के तत्वधान में मंगलवारी जूलूस निकाला गया। इसमें झांकी में राम दरबार एवं हनुमान का तांडव दिखाकर दर्शन किया गया।वही राम भक्तों के द्वारा जय श्री राम जय जय श्री राम हर हर महादेव के जयकारे एवं जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों व महावीरी झंडा के साथ बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर पनेरीबांध रोड विवेकानंद नगर होते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला, गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला से नगर भ्रमण करते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर जूलुस पहुंचा



और लाठी डंडे से लोगों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं साथ ही शिवसेना संघ, चंद्रशेखर आजाद क्लब, वीर बजरंग दल, नवयुवक एकता संघ के द्वारा भी काफी संख्या में लोग लाइट साउंड के साथ महावीर नवयुवक दल जेनरल के साथ मिलान कर पूरे शाहपुर नगर भ्रमण किया।उसके बाद महावीर मंदिर में पूजा पाठ के बाद प्रसाद वितरण करते हुए जुलूस को समापन किया गया।इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में राम भक्तो ने तलवार बाजी, लाठी डंडा आदि का खेल प्रदर्शन किया। इसे लेकर लोगों में काफ़ी उत्साह भी देखा गया। जेनरल के अध्यक्ष ने बताया कि 4 अप्रैल को सप्तमी जुलूस रात्रि 8:00 बजे निकालकर पूरा नगर भ्रमण करते हुए 5 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे रावण दहन किया जाएगा साथ ही 4 अप्रैल से रात्रि में 6 अप्रैल नवमी के रात तक झांकी प्रस्तुति साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जुलूस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाहपुर महावीर में युवक दल के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डू, अनिल जायसवाल, भोला पांडे, डब्ल्यू जायसवाल, सुनील गुप्ता, दिपक जायसवाल, मिंशु जायसवाल, लवलेश प्रजापति सोनू जायसवाल, गणेश जायसवाल, उमेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, शेखर सिंह, शशांक सुमन, मुकेश अग्रवाल, पंकज जयसवाल, पिंटू जायसवाल, सुनील गुप्ता, मोनू जायसवाल, अशेन्द्र सिंह, सुशील कुमार, पंकज जायसवाल त्रिपुरारी जायसवाल, राकेश जायसवाल, दिनेश पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा बुधवार को की गई । विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बच्चों के शानदार प्रदर्शन एवं उन्नत प्राप्तांक को लेकर अभिभावक काफी प्रसन्न दिखे। बच्चों के मुख की मुस्कान बता रही थी की उनकी मेहनत शिक्षकों के उत्कृष्ट शिक्षण एवं अभिभावक के उचित मार्गदर्शन रंग लाया है। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम को लेकर प्रबंधक शशीकेश कश्यप ने कहा कि शिक्षकों की लगन मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि बच्चे मुस्कुरा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि जपला नगर में शिक्षा की गति को तेज करने के लिए एवं सभी बच्चों का शिक्षा कि नींव सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय परिवार बहुत ही प्रयासरत है। इसलिए विद्यालय के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सभी बच्चों का



नामांकन फ्री किया जा रहा है।विशेष कर बच्चियों के लिए विशेष व्यवस्था दी गई है। नामांकन प्रारंभ है स्थान सीमित है। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण हमारे विद्यालय के संरक्षक महोदय डॉक्टर सत्येंद्र कुमार चंदेल के द्वारा किया गया उन्होंने बच्चों को पुरस्कार के साथ आशीर्वाद एवं बधाई भी दी। जिस क्लास से जो भी बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं उनके नाम इस प्रकार से हैं क्लास प्ले से फस्ट सूरज कुमार, सेकंड अनिका, थर्ड राधिका कुमारी। क्लास नर्सरी से फर्स्ट में वेदांश कुमार सेकंड में अभिनंदन कश्यप, थर्ड सत्यम पाल। क्लास एलकेजी से फर्स्ट नव्या कुमारी, सेकंड बारवीं कुमारी, थर्ड दिव्यांशी अग्रवाल। क्लास यूकेजी से फर्स्ट में अब्दुल रहमान, सेकंड में अलीना हुसैन, थर्ड में इशान खान। क्लास वन में फर्स्ट में राजवीर पासवान, सेकंड में आरव सिंह, थर्ड में देवांश कुमार। क्लास 2 में फर्स्ट पीहु कुमारी, सेकंड में रिद्धि कुमारी, थर्ड में आद्या अग्रवाल। क्लास 3 से फर्स्ट में रितिक कश्यप सेकंड में जोएल कुमार, थर्ड में प्रतीक अग्रवाल। क्लास 4 से फर्स्ट में अमृत रानी, सेकंड में शिवम तिवारी, थर्ड शिवम राज। क्लास 5 से फर्स्ट में लकी कुमार गुप्ता, सेकंड यशराज, थर्ड दीप्ति कुमारी, इत्यादि बच्चे उत्तीर्ण हुए लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल परिवार सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### वक्फ विधेयक का स्वागत करता हूं: रघुवर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का मुस्लिम समुदाय के लिए न्याय और पारदर्शिता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, इसके लिए केंद्र सरकार का साधुवाद।मैं वक्फ (संशोधन) विधेयक का स्वागत करता हूँ, जो देश में संपत्ति से जुड़े अधिकारों में पारदर्शिता, न्याय और समता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विधेयक गरीब और जरूरतमंद मुस्लिम समुदाय के लोगों के हितों की रक्षा करेगा और किसी भी प्रकार के भेदभाव से मुक्त एक सशक्त भारत के निर्माण में सहायक होगा। इस संशोधन से मुस्लिम समुदाय को काफी लाभ होगा। अभी कुछ लोग इसे अपनी संपत्ति समझ रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अच्छे उद्देश्य से बनाए गए वक्फ बोर्ड का सत्यानाश कर दिया है। यह अपने सही उद्देश्य से भटक गया है। मोदी सरकार द्वारा पेश संशोधनों से पारदर्शिता बढ़ेगी और वक्फ की आय भी बढ़ेगी, जिससे जरूरतमंद मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए कल्याण के बेहतर काम किए जा सकेंगे।

### नेत्रहीन विद्यालय परिसर में ईद मिलन समारोह मनाई गई

**रांची :** लोक सेवा समिति द्वारा नेत्रहीन संत मिसाइल नेत्रहीन विद्यालय परिसर, रांची में ईद मिलन समारोह विभिन्न जाती धर्म एवं भाषायो के साथ हरसोलस के साथ मनाया गया एक दूसरे को बधाई दी गई सवैया, कुर्ता पैजामा वस्त्रों आदि सामाग्री का वितरण नेत्रहीनों के बीच किया गया जिसमें विभिन्न धर्म जाति के लोग शामिल थे। इस मिलन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय कुकरेती और प्रदीप उपस्थित थे। इस अवसर समिति के महासचिव प्रो. हरबिंदर बीर सिंह, राज कुमार नागवंशी मोहम्मद मीर , अनस बिन नौशाद , प्रदीप, राजू आदि शामिल हुए।

# गरीब मुसलमानों, महिलाओं की प्रगति नहीं चाहने वाले कर रहे है वक्फ बिल का विरोध : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने आज वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024का स्वागत किया है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी सहित इंडी गठबंधन को कटघरे में खड़ा किया है।उन्होंने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम समाज के गरीबों , महिलाओं को उनके हक और अधिकार दिलाने का विधेयक है। कहा कि जो पार्टियां मुस्लिम समाज ,समाज की महिलाओं की प्रगति और विकास नहीं देखना चाहते वे ही इसका विरोध कर रहे।कहा कि वक्फ बोर्ड को भू-माफियाओं और लुटेरों के चंगुल से मुक्त कराकर गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कुछ लोग इसे गरीब मुसलमानों के हित में इस्तेमाल करने की बजाय भू-माफियाओं की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। यह दुखद है, उन्हें गरीब मुसलमानों की चिंता करनी चाहिए।कहा कि विधेयक कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है। आजादी के पहले से वक्फ है और आजादी से पहले भी संशोधन हुआ। अब से पहले तक इस एक्ट में 5 बार संशोधन हो चुके हैं। जब यह तब असंवैधानिक नहीं था, तब यह संशोधन असंवैधानिक कैसे हो गया? आजादी के बाद 1954 में अंग्रेजों के समय से चले आ रहे वक्फ एक्ट को रेगुलेट कर वक्फ एक्ट बनाया गया। इसके बाद साल 1995 में नया वक्फ बोर्ड एक्ट आया।

कहा कि 2013 में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इसमें गैरकानूनी तरीके से संशोधन कर वक्फ बोर्ड को असीमित अधिकार दे दिया कि वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन पर अपना अधिकार जता सकता है।कहा कि वक्फ से जुडी समस्या केवल मुसलमानों की नहीं है बल्कि इससे बड़े पैमाने पर हिंदू, सिख, बौद्ध, इसाई और यहाँ तक कि मुस्लिम भी पीड़ित हैं। कई ऐसे मामले आये हैं जिसमें वक्फ ने मनमाने तरीके से मंदिरों, गुरुद्वारों और यहाँ तक कि पूरे गाँव को ही वक्फ की प्रॉपर्टी बता दिया है। कहा कि कोलकाता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ को एक धार्मिक बोर्ड नहीं माना है, बल्कि इसे वक्फ अधिनियम के तहत स्थापित एक ट्रस्ट या संस्था के रूप में देखा है जो संपत्ति के प्रबंधन और रखरखाव से संबंधित है।कहा कि वक्फ अमेंडमेंट एक्ट से वक्फ में पहले से रजिस्टर्ड भू-संपत्तियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। जिन मुद्दों पर विवाद चल रहा है, उसका निपटारा कोर्ट के आदेश पर होगा। वक्फ अमेंडमेंट एक्ट बस राज्य वक्फ बोर्डों की शक्तियों, वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, सर्वेक्षण और अतिक्रमण हटाने से संबंधित मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना है।

## वक्फ बिल पर भाजपा के इतिहास में आज का दिन काले अक्षरों में लिखा जाएगा : इरफान अंसारी

**रांची।** वक्फ बिल हमारे संविधान पर सीधा हमला है। इतिहास में आज का दिन काले अक्षरों में लिखा जाएगा। देश को झंझावात में झोंकने वाली भाजपा को इतिहास कभी माफ़ नहीं करेगा। भारतीय हमेशा से शांति के प्रतीक रहे हैं, लेकिन भाजपा ने पूरे देश को तबाह करके रख दिया है। देश में अमन-चैन की जगह सिर्फ और सिर्फ नफरत एवं हिन्दू-मुस्लिम विभाजन रह गया है, जबकि विश्व प्रतिदिन विज्ञान के क्षेत्र में इतिहास रचने को आतुर है। इसके विपरीत, मोदी सरकार किसी एक वर्ग का हक छीनने पर आमदा है। यह बिल असंवैधानिक है और मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है।इस बिल को जबरन संसद में लाया गया है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है। आज सरकार की नजर एक खास समुदाय की जमीन पर है, तो कल उनकी नजर समाज के दूसरे अल्पसंख्यकों की जमीन पर



होगी। यह सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचल रही है।सेकुलर का चोला पहनकर घी पीने वाले नीतीश नायडू और चिराग को जनता कभी माफ नहीं करेगी। जनता इनकी साजिशों को भली-भांति समझ चुकी है और समय आने पर इनसे हिसाब लेगी।यह बिल पूरी तरह अस्वीकार्य है और हम इसे पूरी तरह खारिज करते हैं। इसके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी और हम हर संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

### वक्फ बिल संशोधन असवैधानिक और देशहित में नहीं : कैलाश यादव

रांची। प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने वक्फ बिल संशोधन का विरोध करते हुए कहा कि यह बिल सीधे तौर पर मुस्लिम समाज को कमजोर करने और भय का माहौल बनाने वाला है,यह बिल स्पष्ट रूप से असंवैधानिक है क्योंकि ईश्वर के नाम से दान की हुई वक्फ संपति को लूटने और बेदखल करने की कोशिश है जबकि वक्फ कानून में किसी की दान की हुई संपति उस धर्म और समुदाय का होता है जिसे पूर्वजों ने दे दिया था । ज्ञातव्य है कि मोदी सरकार ने लगातार राष्ट्रीय संपति/संपदा रेलवे, एयरपोर्ट, पोर्ट के जमीनों को निजी तौर पर अदानी - अंबानी जैसे पूंजीपतियों के हाथों बेच रही है । यादव ने कहा कि 2014 के बाद जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी है निरंतर एक विशेष समुदाय मुस्लिम और अल्पसंख्यक समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है । विदित है भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई जैन धर्म के लोग आपसी सौहार्द और एकता में अनेकता के कायम रखने तथा गंगा जमुनी तहज़ीब को आदर्श मान कर चलते हैं । यादव ने कहा कि अपने आप को सेक्युलर पार्टी मानने वाले जेडीयू टीडीपी लोजपा (रा) हम रालोद शिवसेना शिंदे अजीत पवार एनसीपी पार्टी जैसे नेताओं का वक्फ बिल संशोधन में समर्थन करने से इनके दोहरी मानसिकता का पर्दा खुल गया। राजद का मानना है कि इन सभी दलों ने सेक्युलरिज्म के नाम वोट मांगने का हक खत्म कर दिया है अब इनको चरणबद्ध जनजागरण कार्यक्रम के तहत गांव गांव पंचायत स्तर पर इन्हें बेनकाब करने की जरूरत है ।

## दो पक्ष आपस में भिड़े, दोषियों की गिरफ्तारी का आदिवासी संगठनों ने किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पिठौरिया थाना क्षेत्र के हेठ बालू गांव में सरहुल शोभायात्रा के दौरान हुए दो समुदाय के बीच हुए विवाद को लेकर घटना स्थल पहुचे केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रशासन से 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग किया, नहीं तो पिठोरिया चौक बंद कराने का अल्टीमेटम दिया है। बताया जा रहा है किसी बात को लेकर गांव में दो पक्ष आपस में उलझ गए और देखते-देखते झगड़े को आगे बढ़ा दिया। इतना ही नहीं एक महिला ने झंडे को उठाकर उधर फेंक दिया, जिससे तनाव की स्थिति



बन गई। इस सब को देखते हुए लोगों में काफी आक्रोश है। पुलिस प्रशासन दोनों पक्षों को समझने और दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## आजसू की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यशाला आज रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को रांची रिंग रोड स्थित ट्रेडीशनल बैंक्वेट हॉल, तुरुप में किया गया है। कार्यशाला में पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा विधायक निर्मल महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी समेत कई केंद्रीय नेता संबोधित करेंगे। उक्त कार्यशाला पार्टी के संगठन को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उक्त कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड प्रभारी, पार्टी जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, युवा जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख समेत जिला के सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कार्यशाला प्रखंड एवं जिला प्रभारियों को उनके जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उक्त कार्यशाला में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए चर्चा होगी तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए जाएंगे। साथ ही संगठन की रणनीतियों को साझा किया जाएगा।

## रांची विश्वविद्यालय में पीजी और यूजी परीक्षाओं की तिथि घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय में पीजी कला, विज्ञान और वाणिज्य थर्ड सेमेस्टर (सेशन 2023-25) की रेगुलर कोर्स परीक्षा आठ अप्रैल से शुरू होगी। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा दोपहर एक से चार बजे तक आयोजित की जाएगी।

इसी के साथ पीजी थर्ड सेमेस्टर वोकेशनल कोर्स (सेशन 2023-25) की परीक्षा भी आठ अप्रैल से आयोजित की जाएगी। वही, यूजी कला, विज्ञान और वाणिज्य (सेशन




2022-26) के रेगुलर और वोकेशनल कोर्स की परीक्षा सात अप्रैल से सात मई तक आयोजित की जाएंगी।

**बीएड, एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 20 तक भरा जाएगा आवेदन**

झारखंड में बीएड, एमएड और बीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (जेसीईसीईबी) ने सत्र 2025-27 के लिए इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश प्रतियोगित परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 20 अप्रैल कर दिया गया है।

## स्वास्थ्य शिविर में 223 महिला और बच्चों की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय लघु उद्योग लिमिटेड, भारत सरकार के सामाजिक उत्तरदायित्व जन स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्था अभियान की ओर से बुधवार को रांची के सीठियो रोड, एचईसी धुर्वा में महिला और बच्चों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच शिविर लगाया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेता सिंह ने उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। संस्था की ओर से



शिविर में सीठियो बस्ती की जरूरतमंद महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच के बाद दवा और सेनेटरी पैड दिया गया। इसके पूर्व शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लघु उद्योग लिमिटेड की रांची शाखा प्रमुख किरण तिरु का स्वागत डॉक्टर विजेता सिंह ने किया। वहीं शिविर में समय देने के लिये किरण तिरु ने डॉक्टर विजेता सिंह का आभार प्रकट किया और उनका स्वागत अंगवस्त्र देकर किया। शिविर में लगभग 213 महिला और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर संस्था के सचिव मनोज कुमार राय, काउंसलर अम्बिका रानी, कंपाउंडर शिवलाल प्रसाद, सहायक रमेश कुमार, गुनगुन, मौली और अन्वेषा सहित अन्य उपस्थित थे।

## अन्नपूर्णा सेवा में 425 लोगों ने किया भोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा और पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में बुधवार को कुल 425 लोगों ने भोजन किया। बुधवार की इस अन्नपूर्णा सेवा को चंद्रकला देवी मित्तल की चौथी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र राजकुमार मित्तल और उनके परिवार ने आयोजित कराया था। वहीं सम्मेलन की ओर से संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 210 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा



लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा पिछले तीन वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, संजय सर्राफ, राजकुमार मित्तल, सुनील केडिया सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# एसी का आउटडोर पार्ट्स तक चोरी कर रहा है चोर, पुलिस बनी मुक दर्शक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शहर में इन दिनो अपराध का इतिहास लिखा जा रहा है, हत्या, रेप, लूट, छिन ताई, चोरी, डकैती जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस असफल साबित हो रही हैं। अब तो चोर एसी, वायर के पार्टस तक चुराकर ले जा रहें हैं। खास कर ऐसे चोर गिरोह हैं जो नशा, गांजा का सेवन करने के लिए इस तरह की चोरी कर रहा हैं और ऐसे नशेडियो, गंजेडियों को स्थानीय थाना की पुलिस पहचानती भी है लेकिन ढ़ील दे रखी है। जिसका नतीजा यह है कि घटनाएं बढ़ रहीं है। ऐसा ही एक घटना हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर गली में भी घटित हुई है। यहां आए दिन एसी का आउटडोर पार्ट्स चोरी हो रहा है या टुल्लू पंप, साइकिल अदि की चोरी अक्सर हो रही हैं, इसकी सूचना लिखित रुप से हिंदपीढ़ी थाना को दे दी गई है और संयुक्त रूप से मोहल्ले वासियो और दुकानदारों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि विश्वकर्मा मंदिर गली में पुलिस निगरानी और पुलिस गश्त कराई जाए । ये एरिया बिजनेस लोकेशन




हैं,साथ में ही यहाँ रांची का प्रसिद्ध मंदिर विश्वकर्मा मंदिर हैं अंजुमन पलाजा नामजगाह भी हैं साथ ही सीपीआईएम का राज्य कार्यालय, रांची के मशहूर डॉक्टरों का क्लिनिक भी इस गली में हैं । इस गली में हमेशा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विवाह समारोह भी होते रहते हैं। पहले भी घटनाए घटती रही है और पुलिस मेन रोड में गस्त करती है अभी मेन रोड की बहुत सारी गलियां है उन गलियों में भी गस्त करने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने कहा है पुलिस नशेड़ी, गंजेड़ी, चोर, उच्चको पर त्वरित कार्रवाई नहीं करेगी तो हमलोग सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे और पुलिस की लापरवाही का पोल खोलेंगे।इस घटना के संबंध पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंए ने बताया कि मुझे इससे पहले इसकी जानकारी नहीं थी आपने जानकारी दी है तो मैं थानेदार को बोल देता हूं उस क्षेत्र में गस्ती भी करेगी और जितना जल्दी हो सके चोरों को खोजबीन कर उसकी गिरफ्तारी भी करेगी।

## कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वर्ष 2006 में कांग्रेस ने आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम लागू किया था, लेकिन केंद्र सरकार की निष्क्रियता के चलते इस कानून के तहत किये गये लाखों वास्तविक दावे बिना किसी समीक्षा के मानमाने ढंग से खारिज कर दिये गये। इससे कई आदिवासियों के अपनी जमीन से बेदखल होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे सभी लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने का आदेश दिया, जिनके दावे खारिज हो चुके थे, लेकिन भारी विरोध के बाद कोर्ट ने रोक लगाई और दावों की गहन समीक्षा का आदेश दिया था। अब गुरुवार को पुनः इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बातें बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 2019 में भी इस कानून की बचाव नहीं कर सकी थी और अब भी आदिवासी



अधिकारों के पक्ष में खड़ी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि दावों की समीक्षा का गंभीर प्रयास अब तक नहीं हुआ, जिससे उच्चतम न्यायालय में फैसला इस कानून के खिलाफ आ सकता है।

**भाजपा के विचारों का होगा विरोध:** उन्होंने कहा कि कांग्रेस वक्फ संशोधन विधेयक के विभिन्न प्रावधानों के विरोध में है। वक्फ बोर्ड परिषद में दो गैर मुस्लिम को शामिल करना, वक्फ ट्रिब्यूनल के स्थान पर सरकारी अधिकारी को विवाद निपटारे का अधिकार देना, वक्फ न्यायाधिकरणों के आदेशों को उच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति देने से वक्फ से संबंधित विवाद लंबे समय तक चलेंगे और न्याय की आस में लोग भटकते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा अपने एजेंडे के तहत इस संशोधन विधेयक को लायी है। भाजपा के विचारों का विरोध संवैधानिक ढांचे के अनुसार कांग्रेस करती रहेगी।

## एचईसी के सीएमडी का चेंबर कोर्ट के आदेश पर अटैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कॉमर्शियल कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) के सीएमडी का चेंबर अटैच कर दिया गया। यह कार्रवाई एक लंबित बिल के भुगतान न होने के कारण की गई। दयाचंद इंजीनियरिंग इंडस्ट्री, मुजफ्फरनगर ने 2015-16 में एचईसी को एक करोड़ रुपये से अधिक की वेल्डिंग रॉड की आपूर्ति की थी। कंपनी को इस आपूर्ति के




एवज में लगभग 22.83 लाख रुपये का भुगतान नहीं मिला था। अदालत के आदेश के बाद सिविल कोर्ट के अधिकारियों और वकीलों ने सीएमडी के चैंबर के पास पहुंचकर अटैचमेंट की प्रक्रिया पूरी की।

## मांडर में युवा कांग्रेस के द्वारा सेवा निवृत्त सेना के जवान को सम्मानित किया गया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड में सेवा से निवृत सेना के जवान हवलदार अफ़रोज़ अंसारी को बुधवार दोपहर 3 बजे मांडर मे युवा कांग्रेस के द्वारा सम्मानित किया गया। हवलदार सईद आलम ने बताया कि अफ़रोज़ अन्सारी का पहला पोस्टिंग सिक्किम में हुआ था इसके बाद देश के कई राज्यों में वह पदस्थापित रहे और देश की सेवा की। सम्मानित करने वालों में हवलदार सईद आलम, हसिब खान, जमील अख्तर, नेसार अंसारी,अदनान हुसैन, जमील अन्सारी उर्फ़ चरकु,इश्तियाक अंसारी, मोहम्मद जमील,साहिल अन्सारी, शाहिद साह,साजिद अंसारी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन में आवारा पशु और गंदगी से यात्री परेशान

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकुड़ रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं की बदहाली को लेकर हाल ही में ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर एसोसिएशन की कड़ी प्रतिक्रिया आई थी। यहां यात्री सुविधाओं की बदहाली को लेकर ईजरप्पा ने सीधे तौर पर स्थानीय रेलवे प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया था। ईजरप्पा की वो टिप्पणी कहीं ना कहीं सही साबित होता दिख रहा है। पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्री सुविधाओं को स्थानीय रेलवे प्रशासन ना सिर्फ दुरुस्त रखने में नाकाम दिख रहे हैं, बल्कि साफ-सफाई के मामले में भी उनकी कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहा है। यहां आवारा पशुओं पर भी कोई नियंत्रण नहीं है। यह तस्वीरें पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर की है, जो मंगलवार की आधी रात को खींची गई है। इन तस्वीरों से साफ समझा जा सकता है कि रेलवे स्टेशन परिसर आवारा पशुओं का चारागाह बन गया है। आवारा कुत्तों का अड्डा सा बना हुआ है। जिसके हमले से कोई भी यात्री को नुकसान पहुंच सकता है। इसका डर भी यात्रियों में बना रहता है। इन्हीं में से एक तस्वीर स्टेशन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करने के लिए काफी है। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि गंदगी का ढेर स्टेशन परिसर में बिखरा पड़ा है। एक और तस्वीर में कुछ यात्री वेटिंग हॉल में आराम फरमाते नजर आ रहे हैं। जिनके लिए यह कहना गलत नहीं होगा कि गंदगी के साथ-साथ आवारा पशुओं से यात्री कितने परेशान है। इन आवारा पशुओं की मौजूदगी और आवारा कुत्तों के खौफ के साये में वेटिंग हॉल में यात्री की नींदे अचानक से कब टूट जाए और अफरा-तफरी मच जाए, यह साफ तौर पर दिख रहा है। इसके बावजूद स्थानीय रेलवे प्रशासन की नींद नहीं खुलती हैं। यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि इतना तो जरूर है कि जब रेलवे के किसी बड़े अधिकारियों का पाकुड़ का दौरा होता है या निरीक्षण करना होता है, तो एक झटके में स्टेशन परिसर का कोना-कोना चमक उठता है।उल्लेखनीय है कि ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर एसोसिएशन ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में लिफ्ट, स्वत चालित सीढ़ी, पानी का नल आदि व्यवस्था के खराब रहने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। ईजरप्पा ने रेलवे के वरीय अधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बात भी कही थी। हालांकि ईजरप्पा की टिप्पणी के बाद व्यवस्थाओं में अचानक ही सुधार भी शुरू हो गया था। इधर स्टेशन परिसर में गंदगी और आवारा पशुओं को लेकर लोगों में चर्चा शुरू हो गई है।

## पुलिस निरीक्षक ने मासिक बैठक कर रामनवमी पर चौकसी बरतने का निर्देश दिया

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशपुर पुलिस निरीक्षक बाबुराम भगत ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की गई.मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों,यूडी से संबंधित लंबित कांडों,पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।गोष्ठी में अवैध परिवहन, तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने,अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने,चेक पोस्ट पर लगातार गस्ती करने एवं संदिग्ध लोगों के ऊपर नजर रखने,फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने, वारंटियों की गिरफ्तारी करने,नियमित रूप से दिवा,संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया।पुलिस निरीक्षक द्वारा रामनवमी पर्व को लेकर विशेष रूप चर्चा की गई।रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। साथ ही रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही रामनवमी जुलूस में उपद्र मचाने वालों पर पैनी नज़र बनाए रखने की बात कही है।उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में बच्चा चोर को लेकर जो अफवाएं फैली हुई है उसे देखते हुए स्थानीय लोगों के बीच जागरूक करने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।वहीं गोष्ठी में जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट,लूट,डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा अपने-अपने संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने को लेकर निर्देश दिया।मासिक अपराध गोष्ठी में थाना प्रभारी महेशपुर विकर्ण कुमार ,पाकुडिया थाना प्रभारी अमित कुमार एवं रद्दीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार मौजूद थे।

## हथियार बंद अपराधियों ने पोकलने चालक को बनाया बंधक, रुपया लूटकर और डीजल चोरी कर भागा

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के महादेवनगर गांव में पोकलेन ड्राइवर को हथियारबंद बदमाशों ने बंधक बनाकर पोकलेन का डीजल एवं पैसा छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है।मामले को लेकर पोकलेन ड्राइवर कोडरमा जिला अंतर्गत जयनगर थाना के गैडा गांव निवासी अमर कुमार राणा ने महेशपुर थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि विगत 31 मार्च 2025 को रात्रि करीब 1ः00 बजे वह महेशपुर थाना अंतर्गत महादेवनगर गांव में सरकारी पोखर जीर्णोद्धार कार्य के तहत अपना पोकलेन पोखरा के किनारे लगाकर सो गए थे.उसी समय अचानक चार लोग हाथ में पिस्टल एवं तलवार लेकर पोकलेन पर चढ़ गए तथा उसे बंधक बना लिया और उसका गाड़ी से स्क्रूप ड्राइवर लेकर पोकलेन का टंकी खोल लिया तथा टंकी से करीब 350 लीटर डीजल तथा एक छोटा ड्रम में 600 लीटर डीजल था उसे भी पाइप से निकालकर अपना ड्रम में डाल लिया। उन लोगों के पास चार मोटरसाइकिल था तथा सभी मोटरसाइकिल में ड्रम बंधा हुआ था।उसका पॉकेट से नगद 14,600 रुपए भी छीन लिए और उसे बंधा हुआ छोड़ दिया। बाद में वह किसी तरह रस्सी खोल तथा मोबाइल से खांपुर गांव के लोगों को सूचना दी गई। खांपुर के लोग एक मोटरसाइकिल संख्या डब्लूबी 46 डी - 7940 को पकड़ा जिसे चालक छोड़कर भाग गया।वही जिस ड्रम में 200 लीटर डीजल था। मोटरसाइकिल मलिक सादेक शेख ग्राम श्रीरामपुर थाना मुरारोई जिला बीरभूम पश्चिम बंगाल का है। वादी ने उक्त व्यक्ति एवं अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वादी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर थाने में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## जल, जंगल, जमीन से जुड़ा प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया

# निकाला गया भव्य शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र में प्राकृतिक का पर्व सरहुल बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। वहीं मुख्य सरना अखाड़ा लुपुंग,मोदीडीह,खपचाबेड़ा, पिस्का, नीचे टोला सिल्ली, में सरहुल पूजा तैयारी गांव के सरना स्थल पर की गई, जहां दर्जनों सरना झंडा को पुरे विधी विधान के साथ गाड़ा गया। जय सरना,जय धर्मेश,जय धरतियायो की जय कारा के साथ लुपुंग सरना अखाड़ा में जुलूस के साथ शामिल हुए साथ ही धुमधाम एवं पारम्परिक वेशभूषा के साथ नृत्य संगीत से झुमने लगे। पाहन मंगला (पुजारी ), सदस्य पाहन धिरजा, राजाराम,डिंडा उरांव, दुर्गा चरण मांझी, शक्ति पाहन,मंशु,प्राण मुंडा ने विधिवत रूप से सखुआ पेड़ की पूजा पाठ को सम्पन्न कराया गया,लाल मुर्गी बलि के रूप में चढ़ाया गया। पेड़ के नीचे कांसा की थाली में चुडा गुड़,फुला चना, सिंदूर प्रसाद के रूप में चढ़ाया गया। मंच पर मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित महतो, शामिल हुए। इस दौरान सरहुल पर्व पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, इंस्पेक्टर हंसे उरांव,



समाज सेवी शयाम सुन्दर महतो, जिला परिषद वीणा चौधरी,प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, पूर्व प्रखंड प्रमुख कमल नाथ मांझी,सिल्ली सरना समिति के अध्यक्ष भरत मुंडा, सचिव गोंदुरा उरांव, मुख्य संरक्षक अनिल कुमार मांझी, संरक्षक अजय दोहरा, त्रिदेव मांझी, मुखिया सीमा गोंझु, मुखिया शर्मिली कुमारी, उपाध्यक्ष मोतीलाल मांझी, महासचिव हजारी मुंडा, कोषाध्यक्ष दुर्गा चरण मांझी, कार्यकारी अध्यक्ष विमल उरांव, कार्यकरिणी अध्यक्ष ललित मुंडा शंकर उरांव ,मुखिया मुखिया लालू राम उरांव, मोहम्मद फारुख,ने सरहुल पर्व पर सभी पंचायत के साथ झारखंड वासी को शुभकामनाएं दी और कहा कि हम आदिवासी का जीवन प्राकृतिक से जुड़ा हुआ है इसके संरक्षण से हमारा अस्तित्व है। अस्तित्व बचाने हेतु प्राकृतिक को सम्मान देना मेरा कर्तव्य है। गांव के सभी लोग आज पारम्परिक वेशभूषा में सरना स्थल पर आकर शीश झुकाते हुए परिवार, समाज,देश और देश के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा एवं संरक्षण की कामना की। वहीं सिल्ली के सड़कों पर जुलूस के दौरान काफी जाम देखा गया ! सिल्ली प्रशासन के द्वारा जाम को देखते हुए अपने शांतिपूर्वक जुलूस को अखाड़े तक पहुंचने में मदद की इस दौरान सड़कों पर भारी वाहनों का आवागमन बाधित रहा ! सरहुल पर्व को लेकर सिल्ली प्रशासन काफी गस्ती करते हुए नजर आए! इस दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली ! सरना समिति द्वारा पुलिस प्रशासन कि व्यवस्था को लेकर धन्यवाद दिया।

## भव्य एवं आकर्षक मंगलवारी शोभा यात्रा निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** श्री राम वानर सेना के द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक मंगल वारी शोभा यात्रा निकाली गई ।यह शोभा यात्रा राम शिव मंदिर टाटीसिलवे के प्रांगण से आरंभ होकर टाटीसिलवे थाना, दुर्गा मंदिर,उषा मार्टिन , स्वर्णरेखा नदी, टाटी बस्ती, होते हुए दुर्गा मंदिर तक शोभा यात्रा के रूप मे निकाला गया।इस शोभा यात्रा में राम,लखन,जानकी, वीर हनुमान बने बच्चों की खूब सूरत झांकी देखने को मिली। भव्य एवं आकर्षक शोभा यात्रा में ढोल, ताशा,



बैंड के साथ नाचते गाते जय श्री राम,जय वीर हनुमान,जय सनातन के जयकारा लगाते हुए विभिन्न अखाड़ेधारी हैरतअंगेज खेल दिखा रहे थे।शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ों लोग हाथ में ध्वज,पताका,झंडा लेकर चल रहे थे।इस शोभा यात्रा में में मुख्य रूप से शिक्षाविद गोपाल पाठक,आशुतोष द्विवेदी, रविन्द्र तिवारी,ब्रजेश सिंह, रामकृष्ण महतो,मदन महतो, मुन्ना सिंह,मंटू कुमार,विनोद सिंह,राजन साहू,गिरेन्द्र मोहन प्रसाद, अरविंद सिंह,अमित मिश्रा,नागेश्वर महतो,सुभाष चंद्र श्रीवास्तव,अशोक तिवारी,विनोद पुरी इत्यादि गणमान्य लोग शामिल थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिंटू कुमार, गौतम कुमार, राजेश मिश्रा,राजा कुमार,विवेक सिंह, सुखु कुमार,मोहित राज, पुनित गोयल,मधुसूदन पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सुरक्षा एवं निगरानी की दृष्टि से थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा के निर्देश पर पुलिस बल साथ साथ चल रहे थे व गाड़ी लगातार गस्त लगा रही थी।

## ठाकुर गांव में धूमधाम से मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के ठाकुर गांव में सरहुल का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। केंद्रीय सरना समिति ठाकुरगांव के तत्वाधान में प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर बुधवार को ठाकुरगांव में 45 खोड़हा के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाला गया।शोभायात्रा में हजारों ग्रामीण शामिल हुए।इस दौरान सरना स्थल पर प्रकृति, पूर्वज और देवी देवताओं की पूजा की गई,सरना स्थल पर पहले पाहन ने विधि विधान के साथ देवी देवताओं, प्रकृति और पूर्वजों की पूजा की पाहन द्वारा पूजा अर्चना के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाला गया जो मंदना टोली सरना स्थल से बैंक मोड़ होते हुए बाजार टांड़ से न भवानी मंदिर में पूजा के बाद मंडा टांड़ में समाप्त हुआ इस दौरान आदिवासी संस्कृति की बेहतरीन छटा देखने को मिला शोभायात्रा में मांदर की थाप पर लोग झूमते नजर आए,और केंद्रीय सरना समिति के सौजन्य से



प्रथम और द्वितीय सहित सभी को दो सौ लीटर वाला ड्रम दिया गया। मेला में कोई दुर्घटना या किसी को कोई चोट आए तो प्रशाशन की और से बुढ़मू सीएचसी के द्वारा मेला में चिकित्सा अधिकारी भी शामिल थे।शोभा यात्रा में शामिल मुख्य अतिथि सुबोध कांत सहाय ने फीता काट कर मेला का उद्घाटन किया इस शोभा यात्रा में शामिल कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा,कांके विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी,बुढ़मू अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, बुढ़मू विकाश पदाधिकारी धीरज कुमार, खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, मांडर इंस्पेक्टर एस बी चौधरी समाज सेवी अशोक साहू, गुरुगाई मुखिया जयंती देवी, ठाकुर गांव मुखिया सचिन पहान, तेजश्वी सहाय, निर्मला भगत,पूर्वी जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेई, पूर्व जिला परिषद पार्वती देवी, शमीम बड़िहार, सहित कई लोग शामिल होकर लोगों को प्राकृतिक पर्व सरहुल की बधाई दी।सरना जुलुश को सफल रूप देने वाले केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष शंकर उरांव,सनी उरांव, रंथु उरांव, अनील उरांव,वही विधि व्यवस्था को लेकर ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार, एसआई दिलीप कुमार एसआई अरविन्द कुमार,बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो के साथ पुलिस बल के जवान शोभायात्रा में शामिल थे।

## प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरहुल पूजा समिति पुराना चतरा के द्वारा चतरा में प्रकृति पर्व सरहुल बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया।सबसे पहले पूरे विधि विधान से पाहन द्वारा पूजा अर्चना की गई।उसके बाद बच्चों के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ टाटीसिलवे थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि सरहुल पर्व शांति,एकता भाईचारे का प्रतिक है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रजिस्ट्रार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमर कुमार चौधरी थे। उन्होंने ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल पर्व भाषा,सुख शांति, सांस्कृतिक एवं सामूहिकता का परिचायक है। आयोजन समिति को ढेर सारी शुभकामनाएं जिनके द्वारा आज बच्चों के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म प्रदान किया है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रमुख वीणा कुमारी,प्रवीण



कच्छप,मुकेश कुमार महतो,सूरज कुमार,अजित महतो,टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन,सनील जॉय,रोशन गुप्ता,मुन्ना सिंह,मंटू कुमार,उप मुखिया अजय कुमार, शैलेश मिश्रा,जितेंद्र सिंह, इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक राजेश कुजूर, अध्यक्ष सह प्रधान किस्टो उरांव,कार्यकारी अध्यक्ष अमर कुमार, उपाध्यक्ष सह उप प्रमुख जयपाल हज़ाम,संजय कुजूर इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों ग्रामीण पारम्परिक परिधान के साथ ढोल, नगाड़े,मांदर की थाप पर पूरे उत्साह के साथ नृत्य कर रहे थे। नृत्य कार्यक्रम में शामिल बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## उमेदंडा के ऐतिहासिक रामनवमी मेला को लेकर प्रशासन व महावीर मंडल की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के उमेदंडा में आगामी 6 अप्रैल को अयोजित होने वाले ऐतिहासिक रामनवमी महामेला के सफल आयोजन को लेकर महावीर मंडल उमेदंडा व प्रशासन की संयुक्त बैठक बुधवार को संपन्न हुआ।

महामंडल अध्यक्ष और जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 84 मौजा और 110 गांव के महावीर मंडलों के लिए अखाड़ा, व्यवस्था से लेकर मेला परिसर के चारो ओर लाइटिंग ड्रोन सीसी टीवी कैमरा लगाने, चिकित्सा, पेयजल, एंबुलेंस,सहित विधि व्यवस्था संधारण हेतु अतिरिक्त पुलिस बल के साथ



महिला बटालियन की तैनाती के साथ मनचलों पर विशेष निगरानी हेतु मेला समिति की ओर से 200 से अधिक महिला पुरुष वोलेंटियर कार्यकर्ता सक्रिय करने पर सहमति बनी ।

मेला में आने वाले दर्शकों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए यातायात ट्रैफिक को सुगम बनाने हेतु सरदार मोड लखन मोड़ व कंडेर मोड़ पर बैरिकेटिंग कर पार्किंग स्थल बनाया जाएगा जहां मेला से पूर्व ही दर्शकों के वाहन सुरक्षित रखे जा सके।

बैठक में मेला संबंधित अन्य मुद्दों पर भी गंभीरता पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक का संचालन महावीर मंडल उमेडंडा के मुख्य संरक्षक रत्न प्रकाश सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनोज मिश्रा ने किया । वहीं बैठक में खलारी डीएसपी आर एन चौधरी, इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी स्स्क्र के कमांडेंट शशि शर्मा,सी ओ सचिदानंद वर्मा, बीडीओ धीरज कुमार,महतो, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो पश्चिमि जिप सदस्य रामजीत गझु,प्रमुख सत्यनारायण बुढ़मू थाना प्रभारी मुंडा,उपप्रमुख हरदेव साहू, उमेदंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष मोहन जायसवाल मेला के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती,देवी पूर्व प्रखंड प्रमुख रामेश्वर पाहन डॉ मदन प्रसाद के साथ महावीर मंडल उमेडंडा के तमाम लोग शामिल थे।

## केंद्रीय सरना समिति की तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर इटकी में बुधवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में निकाले गए शोभा यात्रा में प्रखंड के मोरो, बोड़िया, मकुंदा, मल्टी, कुंदी व रानीखटंगा सहित अन्य खोड़ा दलों के आदिवासी समुदाय के हजारों महिला पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में इटकी मौसीबाड़ी में एकत्र हुए। जहां से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो गुलज़ार रोड, बाजार टांड़ से होते हुए सरना स्थल पहुंची जहां पारंपरिक नृत्य गान प्रस्तुत किया गया। शोभा यात्रा में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर त्योहार की बधाई दी गयी। मौके पर आदिवासी समाज के महिला पुरुष ढोल, नगाड़ा व मांदर की थाप पर जम कर थिरके। इधर गढ़गांव टिकरा टोली में खददी उरांव के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। जो टिकरा टोली सरना स्थल से निकल कर चमेली मैदान पहुंची जहां नृत्य गान प्रस्तुत किया गया। इधर शोभायात्रा के स्वागत में मुस्लिम अधिकार मंच के द्वारा पानी और चना का इंतेजाम किया गया था। इसके साथ ही थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात थी। शोभा यात्रा में जीप सदस्य रीना देवी, केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष भोला उरांव, सरहुल पूजा समिति अध्यक्ष बीरा उरांव, अशोक उरांव, मुन्ना कुजूर, सुधीर उरांव, डब्बू केरकेट्टा, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, अजीत केशरी, कामेश बर्मन, आरिफ रजा, अफसर इमाम, कलीम अंसारी, अंजुम जमाल, विकास उराँव, सोनू उराँव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## एनके एरिया ने 23 लाख 83 हजार 324 टन कोयले का उत्पादन किया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विषम परिस्थितियों एवं सीमित संसाधनों के बीच एनके एरिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन में बेहतर प्रदर्शन किया है. एरिया में 23 लाख 83 हजार 324 टन कोयले का उत्पादन हुआ है. जो कि करीब लक्ष्य का 84 प्रतिशत उत्पदान है. वहीं 14 लाख 806 टन कोयला डिस्पैच किया गया है. उक्त जानकारी एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने डकरा वीआईपी सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी. उन्होंने बताया कि एनके एरिया को 38 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला था. लेकिन कई परियोजनाओं में जमीन की समस्या के कारण कोयला उत्पादन पर बुरा असर पड़ा. जिससे एरिया अपने लक्ष्य से पीछे रह गया. पुरनाडीह परियोजना 10 लाख टन के एवज में 2 लाख 5 हजार 592 टन और रोहिणी परियोजना ने 6 लाख टन लक्ष्य के एवज में 1 लाख 2 हजार 660 टन ही कोयला उत्पादन कर पाई. वहीं केडीएच परियोजना ने विषम परिस्थितियों में 9 लाख 41 हजार 768 टन कोयला का उत्पादन किया. डकरा परियोजना ने मिले लक्ष्य से अधिक 5 लाख 69 हजार 632 टन कोयला का उत्पादन किया है. चूरी परियोजना ने भी प्रतिकूल 5 लाख 64 हजार 272 टन कोयला का उत्पादन किया. वहीं महाप्रबंधक ने बताया कि एरिया को वित्त वर्ष 2025-26 में 34 लाख टन का लक्ष्य मिला है. जिसमें डकरा परियोजना को 5 लाख टन, पुरनाडीह 7 लाख, केडीएच 10 लाख, रोहिणी 6 लाख और चूरी 6 लाख टन का लक्ष्य मिला है. उन्होंने कहा कि अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, श्रमवीरों,विस्थापित ग्रामीणों के सहयोग से लक्ष्य हासिल करेंगे. उन्होंने भविष्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रोहिणी परियोजना में एक नई क्रेशर मशीन लगाई जाएगी. जिससे कोयला उत्पादन में आने वाले दिनों में बढ़ोतरी दिखेगी. उन्होंने कहा कि फिलहाल एरिया की स्थिति अच्छी नहीं है. लेकिन कोयला उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काफी काम किया जा रहा है. जिसका परिणाम आने वित्तीय वर्ष में जरूर देखने को मिलेगा. इस दौरान यूनियन प्रतिनिधि प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

## जंगली हाथियों के आने से ग्रामीण दहशत में

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कुंदी टोंगरी पतरा में दो जंगली हाथी के आने से गांव में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। हाथी देखने के लिए क्षेत्र से लोगों काफ़ी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः से शाम तक रेलवे ट्रैक स्थित टोंगरी पतरा के किनारे हाथी देखने के लिए लोगों का हुजूम लगा रहा। सूचना पाकर वन विभाग व इटकी पुलिस पतरा (जंगल) के समीप जाने से लोगो को रोके रखा, चोंगा लगा वन विभाग की टीम लोगों को जंगली हाथी को छेड़ छाड़ करने से मना करता रहा। संध्या करीब साढ़े छह बजे वन विभाग के हाथी भगाओ दस्ता बम पटाखे, मशाल लेकर पहुंची और पतरा किनारे आग लगा दी। थोड़ी देर में जंगली हाथी नगड़ी थाना क्षेत्र के लद्दा गांव स्थित नदी तक गयी जहां पानी पीकर पुनः इटकी तुरुगुरु टिकरा की ओर रुख किया। समाचार लिखे जाने तक हाथी भगाओ दस्ता द्वारा जंगली हाथी सुरक्षित दिशा में भगाने के प्रयास में जुटी थी।

# फाइनल की दहलीज पर जमशेदपुर, बढ़त बनाने को तैयार

## जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुकाबला शाम 7.30 बजे से, फर्नेस हाउसफुल होने की उम्मीद





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी गुरुवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट का सामना करने के लिए तैयार है। ये दोनों टीमें पहली बार प्लेऑफ में भिड़ने जा रही है। एमबीएसजी आईएसएल लीग शील्ड जीतने के कारण पहले ही अंतिम-चार में पहुंच गई थी, जबकि रेड माइनर्स ने सिंगल-लेग नॉकआउट मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 2-0 से हराकर डबल-लेग सेमीफाइनल में जगह बनाई है। जमशेदपुर एफसी को आईएसएल में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ अपने पिछले छह मैचों में कोई जीत नहीं मिली है और इस दौरान चार हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर, एमबीएसजी पिछले छह अवे मैचों में अपराजित रही है, जिसमें उसने तीन बार जीत हासिल की है और 13 गोल किए हैं, जबकि केवल तीन गोल खाए हैं। आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 10 मुकाबले हुए हैं। एमबीएसजी ने पांच बार जीत हासिल की है जबकि जमशेदपुर एफसी ने तीन मैच जीते हैं। दो मुकाबले ड्रा रहे हैं। रेड माइनर्स के मुख्य कोच खालिद जमील मैच से पहले आशावादी नजर आए। उन्होंने कहा, %हमें अभी दो चरण खेलने हैं और हमारा सामना एक बहुत अच्छी टीम से है। हम सकारात्मक हैं, क्योंकि हम अपने घरेलू मैदान पर खेलने जा रहे हैं, और हमें सकारात्मक परिणाम के बारे में सोचना चाहिए। मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना ने आईएसएल कप जीतने को लेकर अपनी टीम की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हम तैयार हैं और हम आईएसएल कप जीतना चाहते हैं। हम इस सीजन से बेहद खुश हैं, लेकिन हम कप भी जीतना चाहते हैं।

## सैमसंग कॉर्डलेस स्टिक वैक्यूम क्लीनर बेस्पोक एआई जेट अल्ट्रा करेगा लॉन्च



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली कॉर्डलेस स्टिक वैक्यूम क्लीनर, बेस्पोक एआई जेट अल्ट्रा के वैश्विक रोलआउट की घोषणा की है। जिसका अनावरण इस महीने आयोजित वेलकम टू बेस्पोक एआई ग्लोबल इवेंट में किया गया था। उन्नत एआई क्लीनिंग मोड 2.0 और उन्नत एचईपीए फ़िल्टरेशन सिस्टम की विशेषता वाला यह नवीनतम नवाचार स्मार्ट होम क्लीनिंग उपकरणों में सैमसंग के नेतृत्व को आगे बढ़ाता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में डिजिटल अप्लायंसेज बिजनेस के लिए आर एंड ए टीम के प्रमुख और ईवीपी जियोंग सेउंग मून ने कहा कि सैमसंग ने दुनिया में सबसे शक्तिशाली मॉडल लॉन्च करके कॉर्डलेस स्टिक वैक्यूम क्लीनर सेगमेंट में अपने अगले स्तर के नवाचार को साबित कर दिया है। हमें विश्वास है कि यह नया मॉडल वैश्विक बाजार में एक सच्चा गेम चेंजर होगा। बेस्पोक एआई जेट अल्ट्रा सबसे कठिन सफाई कार्यों से निपटने के लिए 400 वाट तक की सेक्शन पावर का दावा करता है। हेक्साजेट मोटर प्रमुख घटक है जो उच्च सक्शन पावर उत्पन्न करता है। दूसरे चरण के डिफ्यूज़र और कम मोटाई वाले इम्पेलर के साथ इसकी अनूठी हेक्सागन स्टेटर संरचना वायु प्रवाह में सुधार करती है और मोटर दक्षता बढ़ाती है, जिससे 400 वाट तक की सक्शन पावर मिलती है।

## मैक्स फ़ैशन ने लैक्मे फ़ैशन वीक में शानदार शुरुआत की, कल्कि केकलाँ रनवे पर छा गई



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मैक्स फ़ैशन ने लैक्मे फ़ैशन वीक एक्स एफडीसीआई के 25वें एडिशन में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरुआत की, जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फ़ैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फ़ैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया। यह महज़ एक रनवे क्षण नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मूल्यांकन था - एक बयान कि वैश्विक फ़ैशन हर किसी के लिए है, जिसमें ऐसी शैली अपनाई जाती है जो सुलभ हो, ट्रेंड के साथ चलने वाली हो, जिसे आसानी से पहना जा सके। अपने सिसिलियन समर और अमाल्फ़ी एस्केप कलेक्शन्स के लॉन्च के साथ, मैक्स फ़ैशन ने न केवल हाई-स्ट्रीट फ़ैशन को पुनर्परिभाषित किया बल्कि इसने एक मंच तैयार करके दिया जिससे लाखों लोगों की आकांक्षा सुलभ हो गई।

## नव ज्योति विद्या मंदिर में पूजन के साथ नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** नव ज्योति विद्या मंदिर जगन्नाथपुर, गम्हरिया में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पूजन, हवन, यज्ञ आदि का आयोजन किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस कार्यक्रम के पश्चात सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राधेश्याम ट्रस्ट के सचिव डॉ0 संजीव श्रीवास्तव, विद्यालय की प्राचार्या अनामिका श्रीवास्तव समेत सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## जंगली भालू ने एक पर किया हमला, ट्रेस में जुटी वन विभाग

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला के सीनी ओपी क्षेत्र के उकरी मोड़ के आस पास जंगली भालू देखे जाने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है. भालू ने एक आदमी पर हमला करते हुए उसे घायल कर दिया है. वहीं वन विभाग की टीम भालू को ट्रेस करने में लग गई है. बता दें कि मामला बुधवार का बताया जा रहा है. भालू की सूचना पर सीनी ओपी पुलिस के साथ वन विभाग के जिले में सक्रिय हो गई और भालू की खोज में जुट गई है. इस संबंध में सीनी ओपी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया की खतुआकुदर गांव के समीप जंगली भालू को घूमता देखा गया है.भालू के हमले से गांव का एक ग्रामीण घायल हुआ है.

## हवलदार देवलाल तांती हुए रिटायर, ओपी प्रभारी समेत सबों ने नम आंखों से दी विदाई



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले 21 वर्षों से झारखंड ग्रामीण पुलिस में एवं पिछले 5 वर्षों से आमदा ओपी में सेवा दे रहे हवलदार देवलाल तांती आज सेवानिवृत हुए जिसको लेकर आमदा ओपी परिसर में उनका विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जहां नम आंखों से ओपी प्रभारी अमन कुमार विश्वकर्मा सेमत थाना के सभी पदाधिकारीओं ने उन्हें गुलदस्ता देखकर एवं शाल उड़ाकर एवं छाता देकर उन्हें विदाई दी गई. वहीं ओपी प्रभारी ने कहा कि इनके कार्य की जितनी भी सरहाना की जाए कम पड़ेगी उन्होंने कहा कि थाना में इनका जगह कोई नहीं ले सकता है ये सब के दिलों में बसे हुए हैं। मौके पर पंकज कुमार साहू, चोकन तांती, मेनका मुखी, शंकर तांती,अनामों तांती, कार्तिक तांती, अषोक तांती, गणेश तांती,लखविन्द्र गोप समेत अन्य उपस्थित है ।

## बोड़ाम में 13 और पोखरिया में 14 अप्रैल को नाइट शॉर्ट पिच क्रिकेट टूर्नामेंट

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर वर्ष गर्मी का मौसम आते ही बोड़ाम प्रखंड में नाइट शॉर्ट पिच क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो जाती है। इस वर्ष भी बोड़ाम क्रिकेट मैदान में आरके इलेवन की ओर से 13 अप्रैल और पोखरिया क्रिकेट मैदान में सहारा क्रिकेट टीम पोखरिया की ओर से 14 अप्रैल को नाइट शॉर्ट पिच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दोनों ही प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले सकते है। आरके इलेवन क्रिकेट टीम के सदस्य राजा मोदक ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8000 रु, द्वितीय पुरस्कार 6000 रु, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार 2600 -2600 रु है। सहारा क्रिकेट टीम पोखरिया के सदस्य विशाल ने बताया कि पोखरिया की प्रतियोगिता में पुरस्कार 8000 रु, 6000, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार 2500 -2500 रु निर्धारित है।

## आगामी 20 अप्रैल से कुंजाडीह जामडीह में होगी अखंड हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुंजाडीह,जामडीह,दुरूसाई में श्री श्री राधा गोविंद हरि संकीर्तन मंडली के द्वारा हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें आगामी 19 अप्रैल शनिवार शाम को गंधाधिवास के साथ 20 अप्रैल रविवार नाम शुभारंभ 21 अप्रैल सोमवार रात्रि जागरण एवं 22 अप्रैल मंगलवार कुंज विसर्जन एवं दधी धुलौट के साथ प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। हरि नाम संकीर्तन में कीर्तन मंडली भगवान दास, तिगडा पश्चिम बंगाल,भीम दास झारखंड, लाल बहादुर दास घोडाबांधा पश्चिम बंगाल, शिव शंकर भालकी झारखंड,राज किशोर दास कालीमाटी बंगाल, साधु संत कीर्तन नारद प्रधान कुला झारखंड एवं अभिमन्यु प्रधान जामडीह के कीर्तन मंडली योगदान देंगे।

## पटमदा के दगड़ीगोड़ा आश्रम में जगन्नाथ महाप्रभु का मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन 15 को, तैयारी बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के दगड़ीगोड़ा स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में बुधवार को सेवानिवृत्त शिक्षक अजित दत्त की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री श्री हरि साधना आश्रम में जगन्नाथ महाप्रभु का मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम पहला बैशाख (15 अप्रैल) को सुबह निर्धारित किया गया है। इसके पहले गोपालपुर गांव में मौसीबाड़ी का निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर निर्माण के लिए सर्वसम्मति से एक संचालन कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद मिश्रा, सचिव प्रेमचांद महतो व कोषाध्यक्ष जहरलाल मिश्रा को बनाया गया है। सदस्यों में इंद्रजीत मिश्रा, मृत्युंजय महतो, प्रदीप महतो, श्रीमंत मिश्रा, कृपासिंधु महतो, संदीप मिश्रा, पंचानन दास, बाबूराम महतो, भीष्मनाथ महतो, वीरेंद्र भट्टाचार्य, हाराधन घोषाल, बलराम माहली, कृष्णपद महतो, गणेश महतो को चुना गया। जबकि सलाहकार मंडली में गुणधर घोषाल, बासुदेव मिश्रा, शंभू दास बाबाजी, पंचानन दास, अजित दत्त, कल्याण कुमार गोराई, इंद्रजीत मिश्रा व केदारनाथ माझी शामिल किए गए। इस संबंध में आश्रम संचालक शंभू दास बाबाजी ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम पुरी जगन्नाथ मंदिर के पांच पुरोहितों के द्वारा विधि- विधान के साथ कराई जाएगी।

## हवाई फायरिंग मामले में जमशेदपुर पुलिस ने दो अपराधी को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा में हुई हवाई फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अपराधियों में उलीडीह सुभाष कॉलोनी का रहने वाला विश्वजीत सिंह उर्फ रॉकी सिंह (32) और राहुल कुमार सिंह उर्फ छोटू (28) शामिल हैं. ये दोनों पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं. पुलिस ने इनके पास से तीन पिस्तौल, जिंदा गोली, स्मार्टफोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है. इस संबंध में बुधवार को सिटी एसपी कौशल कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित की. उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तुरियाबेड़ा के डीडब्ल्यूपीएस स्कूल के पास ये अपराधी अवैध हथियार के साथ घूम रहे हैं. सूचना के आधार पर सिटी एसपी को सूचित करते हुए ग्रामीण एसपी के दिशा-निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया. जब पुलिस ने तुरियाबेड़ा के पास पहुंचकर इन्हें पकड़ने की कोशिश की तो दोनों अपराधी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें घेरकर गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान उनके पास से दो पिस्तौल, एक देसी कट्टा, मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद की गई. पूछताछ के दौरान दोनों ने कबूल किया कि 29 मार्च 2025 को उन्होंने हथियार के बल पर तुरियाबेड़ा में हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की थी. उनका उद्देश्य लवकुश कुशवाहा को डराना-धमकाना था. पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पहले ये दोनों किसी अन्य गैंग के साथ काम कर चुके थे, लेकिन अब अपना अलग गिरोह बना रहे थे. फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है.

## रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य हेतु वीबीडीए ने किया आनन्दमार्ग को सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन झारखंड की ओर से अपनी 38वीं वर्षगांठ पर पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिम सिंहभूम के सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में टाटा मोटर्स को अधिकतम यूनिट रक्तदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही,आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल सरायकेला को भी सम्मानित किया गया। टाटा मोटर्स की ओर से वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गुरमित सिंह तोते, महासचिव आरके सिंह तथा आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल सरायकेला-खरसावां की ओर से गोपाल बर्मन, दीपक कुमार, बालचन्द साहू, राहुल रजक, व्यास रजक ने सम्मान ग्रहण किया। समारोह में मारवाड़ी समाज, गायित्री परिवार, भक्तराज शनि मण्डली समेत कई अन्य संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान वीबीडीए के सचिव कमल कुमार घोष द्वारा संस्था के गतिविधि की जानकारी दी गई। बताया कि संस्था द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर बीते वर्ष कुल 40,156 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था जबकि वर्ष 2025-26 में 45 हजार यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है।

## तपती गर्मी के बीच डीएवी बिस्टुपुर का रक्तदान महाकुंभ 9 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भीषण गर्मी में मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल बिस्टुपुर का महा रक्तदान शिविर 9 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। डीएवी बिस्टुपुर के स्थापना दिवस एवं संस्थापक महात्मा हंसराज जी की जयंती के अवसर पर 500 यूनिट रक्तदान के लक्ष्य के साथ प्राचार्य प्रज्ञा सिंह ने 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों, सपोर्टिंग स्टाफ एवं स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को इस रक्तदान महाकुंभ में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है। इस संबंध में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य है सिर्फ और सिर्फ इस गर्मी में भी जरुरत के वक्त जरुरतमंदों को रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तदान शिविर प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित हो रहा है। रक्तदान शिविर 9 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 10.30 बजे डीईओ मनोज कुमार, डीएसई आशीष कुमार पांडे, डीएवी बिस्टुपुर के प्राचार्य प्रज्ञा सिंह, जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सचिव नलिनी राममूर्ती एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी के द्वारा तय है।

## जेएसएसपी ने नर्सरी के छात्रों के लिए पेरेंट्स के साथ किया ओरियंटेशन प्रोग्राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने आज कदमा के कुडी मोहंती ऑडिटोरियम में नर्सरी के अभिभावकों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने अभिभावकों का जेएसएसपी परिवार में स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अभिभावकों को फाउंडेशनल स्टेज में शिक्षण-अधिगम के लिए अपनाई जाने वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (इसीसीइ) पद्धति से परिचित कराया गया। उन्होंने नर्सरी के कक्षा शिक्षकों द्वारा प्री-प्राइमरी विंग में की जाने वाली रंगारंग और अभिनव गतिविधियों से परिचित कराया गया। गौरतलब हो कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में अभिभावकों और स्कूल के बीच दीर्घकालिक संबंध बनाने की दिशा में एक बेहतरीन पहला कदम था।

## राजनगर में झामुमो के नव मनोनीत प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर स्थित झामुमो कार्यालय में बुधवार को नव मनोनीत प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष रामसिंह हेम्ब्रम, उपाध्यक्ष भक्तू मार्डी, शेखर महाकुड़, राखाल प्रधान, सचिव सुबोल महतो, सह सचिव दिलीप कुमार महतो एवं कोषाध्यक्ष विश्वनाथ मुर्मू को फुल माला पहनाकर सम्मानित किया गया.

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पारुलिया में पूर्व मुखिया को दी श्रद्धांजलि



**मुसाबनी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र की पारुलिया पंचायत के पंचायत अध्यक्ष (पूर्व मुखिया) अशोक सोरेन की माताजी पूर्व मुखिया सुतामनी सोरेन की आत्मा की शांति के लिए उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, गुड़ाबांदा प्रखंड अध्यक्ष सुरई टुडू , वरिष्ठ नेता कान्हु सामंत, सचिव महेश्वर हांसदा, कोषाध्यक्ष पालु माझी, सोमाय सोरेन, गणेश टुडू, रामचंद्र मुर्मू, बिराम मुर्मू, साधु हेंब्रम, दुर्गा चरण मुर्मू , अमन मुर्मू, रविंद्र राज, विक्रम मुर्मू व सुनील किस्कू आदि उपस्थित थे।

## एसइटी और एसआईटीईई 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 12 अप्रैल तक

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) 12 अप्रैल 2025 को सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट (एसइटी) 2025 और एसआईटीईई (सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम) के रजिस्ट्रेशन बंद करने जा रही है। एसइटी और एसआईटीईई दोनों एप्टीट्यूड आधारित, कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा सिम्बायोसिस संस्थानों में फुल टाईम यूजी प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश के लिए किया जाता है। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज़्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है। वे छात्र जो इन कोर्सेज़ में प्रवेश लेना चाहते हैं वे अंतिम दिनांक से पहले ऑफिशियल पोर्टल www.set-test.org के ज़रिए 12 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हर परीक्षा के लिए रु 2250 का नॉन-रिफंडेबल शुल्क तथा प्रति प्रोग्राम रु 1000 का शुल्क देना होगा। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (एसइटी) के माध्यम से छात्र 11 जाने-माने अंडरग्रेजुएट संस्थानों में पुणे, नोएडा, नागपुर, बैंगलुरू और हैदराबाद कैंपस में विभिन्न विषयों जैसे मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, इकोनोमिक्स, अप्लाईड स्टेटिसटिक्स एवं डेटा साइसं, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट एण्ड एक्सरसाइज़ साइसं, कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन्स एवं लिबरल आर्ट्स में प्रवेश पा सकते हैं।

## डॉ शुभेंदु महतो दुबारा चुने गए झामुमो जिलाध्यक्ष, भोला महांती को उपाध्यक्ष का कमान





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमिटी ने सरायकेला - खरसावां जिला कमिटी का पुर्नगठन किया है. वहीं केंद्रीय कमिटी ने पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो पर एक बार फिर से विश्वास जताते हुए उन्हें दुबारा जिलाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है. वहीं जिला उपाध्यक्ष पद के लिए भोला महांती सहित भुंडा बेसरा, धरमू गोप,सुधीर किस्कू एवं संजय प्रधान का चयन किया गया है. केंद्रीय कमिटी ने जिला कमिटी का विस्तार करते हुए वैद्यनाथ टुडू को सचिव, करम सिंह मुंडा एवं अमृत महतो को संगठन सचिव, धानू मुखी,जगदीश महतो, सोमा पूरती,सुनाराम मुर्मू तथा गोरा बर्मन को सह सचिव का कमान सौंपा गया है.जबकि जिला कोषाध्यक्ष पद के लिए कमिटी ने मनोहर कर्मकार का चयन किया है.

## आईसीएआई के सेमिनार में बैंक ऑडिट में तकनीकी विकास के महत्व पर जोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर ।** बुधवार को आईसीएआई (द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) की जमशेदपुर शाखा के अंतर्गत आनेवाली सीआईसीएएसए (सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन) द्वारा रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस (आरएमसी) ऑडिटोरियम, जुबली पार्क में बैंक ऑडिट 2025 पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों को बैंक ऑडिट की जटिलताओं और नियामक पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इसका लाभ शहर के लगभग 100 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स ने उठाया। इसका नेतृत्व कोलकत्ता से आए प्रतिष्ठित सीए (डॉ.) तुलसी राम टिबरेवाला ने किया, जो लेखा परीक्षा और वित्त के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और बैंक ऑडिट में तकनीकी विकास के महत्व पर जोर दिया। सीए चेतन अग्रवाल, सिकासा अध्यक्ष जमशेदपुर ब्रांच ऑफ़ आईसीएआई ने वक्ता और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए लेखा परीक्षा क्षेत्र में सतत शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# बहस के टूटे ठीकरे में मीडिया

**बहुत** सारी बातें पता चलती हैं, जब प्रतिनिधियों के वेतन-भत्ते आगे निकलते हैं। राजनीति अगर प्रोफेशन है, तो पगार भी अधिकार है। गुजारे लायक जमीन सियासत को मिली है, तो हर जीत के विशेषाधिकार भी नत्थी हैं। हिमाचल विधानसभा जब खुशनुमा सहमति से विधायकों की तनख्वाह में बढ़ोतरी कर रही थी, तो बिरादरी क्या होती है इसकी खबर मीडिया को लग रही थी। इसलिए सदन में जिक्र बार-बार प्रेस गैलरी के नौजवानों पर हुआ और हर बहस के टूटे ठीकरों में बैठे मीडिया को कोसा भी गया, क्योंकि लोकतंत्र में पत्रकारिता का न अधिकार-न विशेषाधिकार है। महंगाई के दौर में लोकतांत्रिक रक्षा महंगी हो गई है यानी इसके हर स्तंभ को चाहिए खर्चा, शायद इसलिए 'इलेक्टोरल बांड' ईजाद हुआ और अपनी करामात से बंद भी हो गया। जनता पसोपेश में हर चुनाव की कीमत देखती है। बहुत मुश्किल है जीत कर विधायक या सांसद बनना। अब तो पंचायत पार्षद का चुनाव भी एक वित्तीय व्यवस्था है। इसलिए वेतन के भुगतान में अगले चुनाव की धडक़न सुनें, तो यह नाकाफी है। क्या कोई अपने वेतन-भत्तों की किफायत में चुनाव का खर्च उठा सकता है। यकीनन बड़ा मुश्किल है चुनाव से गुजर जाना। वेतन सांसदों के बढ़े, तो लाजिमी तौर पर प्रदेश के विधायकों के बढ़ाए जाने की जरूरत बढ़ गई। कम से कम वेतन बढ़ाने की कसौटी में डबल इंजन उपयोगी साबित होता ही है। सदन की बहस में भाजपा के जो विधायक बोले क्या खूब बोले। वे सरकार के पक्ष और प्रदेश के यथार्थ में बोले, मगर हम सिर्फ यह बोलेंगे कि इसी जज्बे से ये जवाबदेह प्रतिनिधि हिमाचल के पक्ष में केंद्र के कानों में भी बोलें। हमने कब एक बार चुने हुए प्रतिनिधि महोदय की क्षमता का विवरण उसकी शिक्षा में देखा। वह पांच साल लगाकर सैलरी और पेंशन का हकदार हो सकता है, क्योंकि यह उसका संवैधानिक अधिकार है। यहां यही लोकतंत्र है। हम कह सकते हैं कि भारत का लोकतंत्र अच्छे मूड में है और सदा रह सकता है, बशर्ते माननीयों को यह चिंता न हो कि देश में महंगाई दर क्या है, उनकी जरूरतें कितनी हैं, उनकी सुविधाएं कितनी हैं, उनका रौब कितना है, देश पंगु कितना है या प्रदेश पर कर्ज कितना है। वैसे हाजिरी का रजिस्टर तय करता है कि पगार पाने का भी अनुशासन होता है, इसलिए दिन भर खबर का इंतजार करता पत्रकार तनख्वाह की गैरहाजिरी लगाता है। यह दीगर है कि अब मीडिया की हाजिरी पर राजनीति के दस्तखत होने लगे हैं, हर दरबार में पत्रकार उपस्थित होने लगे हैं। मीडिया अब सिर्फ अखबार नहीं, इसलिए विधायक भी अपनी खबरों की वीडियो चढ़ाने लगे हैं या इधर-उधर डिजिटल चैनलों में सरकाने लगे हैं। जितना सदन अंदर था, उससे ज्यादा बाहर भी, क्योंकि विधायकों के वीडियो अब पत्रकारों की संपत्ति और व्यूज की हस्ती होने लगे हैं, फिर भी गिला है कि पत्रकार वफादार नहीं होते। जो माननीय सदन से अपने वीडियो, जनता से अपने संपर्क, पक्ष-प्रतिपक्ष के वाद-विवाद, राजनीतिक चुगलियां और अपनी छवि के मसलों पर मीडिया के मैत्री पक्ष पर सजदा करते हैं, वही अगर अपने वेतन के औचित्य पर पत्रकारिता को कोसें, तो मानना पड़ेगा कि उनकी शक्तियों का प्रदर्शन लोकतंत्र की किस बुनियाद पर हो रहा है। जिन तर्कों पर विधायकों के वेतन-भत्ते बढऩे चाहिए, उन्हीं की मर्यादा में राज्य की वित्तीय व्यवस्था, बेरोजगारों की महत्त्वाकांक्षा और पत्रकारों की आत्मनिर्भरता व स्वतंत्रता के पक्ष में वित्तीय अनुशंसा की आलोचना गैर जरूरी है। हिमाचल से करीब आधा दर्जन अखबार प्रकाशित हो रहे हैं और इतने ही बाहर से आ रहे हैं, तो यह रोजगार का निवेश भी तो है।

राजनीति अगर प्रोफेशन है, तो पगार भी अधिकार है। गुजारे लायक जमीन सियासत को मिली है, तो हर जीत के विशेषाधिकार भी नत्थी हैं। हिमाचल विधानसभा जब खुशनुमा सहमति से विधायकों की तनख्वाह में बढ़ोतरी कर रही थी, तो बिरादरी क्या होती है इसकी खबर मीडिया को लग रही थी। इसलिए सदन में जिक्र बार-बार प्रेस गैलरी के नौजवानों पर हुआ और हर बहस के टूटे ठीकरों में बैठे मीडिया को कोसा भी गया, क्योंकि लोकतंत्र में पत्रकारिता का न अधिकार-न विशेषाधिकार है। महंगाई के दौर में लोकतांत्रिक रक्षा महंगी हो गई है यानी इसके हर स्तंभ को चाहिए खर्चा, शायद इसलिए 'इलेक्टोरल बांड' ईजाद हुआ और अपनी करामात से बंद भी हो गया। जनता पसोपेश में हर चुनाव की कीमत देखती है। बहुत मुश्किल है जीत कर विधायक या सांसद बनना। अब तो पंचायत पार्षद का चुनाव भी एक वित्तीय व्यवस्था है। इसलिए वेतन के भुगतान में अगले चुनाव की धडक़न सुनें, तो यह नाकाफी है। क्या कोई अपने वेतन-भत्तों की किफायत में चुनाव का खर्च उठा सकता है। यकीनन बड़ा मुश्किल है चुनाव से गुजर जाना। वेतन सांसदों के बढ़े, तो लाजिमी तौर पर प्रदेश के विधायकों के बढ़ाए जाने की जरूरत बढ़ गई। कम से कम वेतन बढ़ाने की कसौटी में डबल इंजन उपयोगी साबित होता ही है।

### नई व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं

# टैरिफ जंग से मुकाबले की रणनीति

डा. जयंती लाल भंडारी

**यकीनन** जहां दुनिया में एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण बहुराष्ट्रीय व्यापार समझौतों का सितारा अस्त हो रहा है, वहीं नए द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का जो नया दौर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसमें भारत नई व्यापार रणनीति के साथ सबसे आगे है। भारत की इस नई व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, अब लंबे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल्स और ऑटोमोटिव सेक्टर को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। इससे वैश्विक वैल्यू चेन (जीवीसी) में भारत की जो हिस्सेदारी अभी सिर्फ 3.3 फीसदी है, वह हिस्सेदारी तेजी से बढ़ते हुए भी दिखाई देगी। हाल ही में 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम सझमौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के




दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले माह फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर रणनीति तय की है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब भारत प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुई। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। विगत 22 से 24 अक्टूबर तक कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का भारत ने द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए रणनीतिक लाभ लिया। साथ ही भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा कई और व्यापार वार्ताओं को तत्परता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने 16 से 21 नवंबर तक ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के पांच दिवसीय दौरे के दौरान जहां जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ 31 द्विपक्षीय और अनौपचारिक वार्ताएं की, वहीं नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं की। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि विगत 21 और 22 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा कुवैत यात्रा के दौरान कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ द्विपक्षीय वार्ता में आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, फिनटेक, बुनियादी ढांचे आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जो प्रभावी व्यापार वार्ता शीघ्र ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते के रूप में दिखाई दे सकती है। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दोमत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है।

तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल्स और ऑटोमोटिव सेक्टर को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। इससे वैश्विक वैल्यू चेन (जीवीसी) में भारत की जो हिस्सेदारी अभी सिर्फ 3.3 फीसदी है, वह हिस्सेदारी तेजी से बढ़ते हुए भी दिखाई देगी। हाल ही में 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम सझमौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

दृष्टि कोण

# बदल रहा सरकारी स्कूल का प्रांगण

**हिमाचल** के पुनर्गठन के बाद साक्षरता एवं शिक्षा में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। 1996, 2006 की प्रोब रिपोर्ट में आम जनमानस की शिक्षा के प्रति प्रगति, बच्चों को विद्यालय में पढ़ाने की सजगता तथा अच्छी शिक्षा के लिए तत्परता दिखाई देती है। क्वॉलिटी एजुकेशन के मानक होना जरूरी है, जिनमें मूलभूत इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य विद्यालय स्तरीय सुविधाएं, विद्यालय एवं कक्षा का वातावरण, अच्छी एवं सकारात्मक सोच, विद्वान अध्यापक व उनका पढऩे-पढ़ाने हेतु उपयुक्त एवं पर्याप्त समय, कक्षा में सीखने संबंधी विभिन्न गतिविधियां, डिजिटल स्मार्टबोर्ड प्रौद्योगिकी, नियोजित विद्यालय प्रबंधन, सुंदर ड्रेस कोड, मजबूत मूल्यांकन प्रणाली, डिजिटल लाइब्रेरी, समुदाय की सहायता, निरीक्षण एवं अनुश्रवण प्रमुख होते जा रहे हैं। इन सभी मानकों को हम विद्यालय के परिवेश में जितनी गहनता से उतारेंगे, उतनी ही अच्छी शिक्षा विद्यार्थियों में संप्रेषित होगी और उसे बच्चों के व्यवहार एवं अधिगम स्तरों में देखा जा सकता है। आधुनिक युग में माता-पिता के साथ-साथ विद्यार्थी भी अच्छी शिक्षा के लिए सजग हैं। जिस विद्यालय में यह सब स्टैंडर्ड हैं, वे भी वहीं पढऩा पसंद करते हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यालय को इन सभी मानकों को शुरू करने तथा इनमें निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता है और इन्हीं मानकों से बच्चे विद्यालय में प्रवेश लेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने हेतु केंद्र प्रायोजित योजना पीएम श्री प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया को 7 सितंबर, 2022 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। इस योजना के तहत मौजूदा सरकारी स्कूलों को सुदृढ़ करके पीएम श्री स्कूल (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) स्थापित करने का प्रावधान किया है। यह स्कूल एक आदर्श स्कूल के रूप में उभरेंगे और पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व भी प्रदान करेंगे। पीएम श्री स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूल में न्यायसंगत, समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करने के लिए वचनवद्ध हैं। इस योजना को प्राथमिक और प्रारंभिक विद्यालयों में बाला फीचर और जादुई पिटारा, प्री स्कूल शिक्षा में सहायता, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, आउटडोर खेल सामग्री आदि जैसे सभी घटकों को शामिल करके और माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए फर्नीचर, पूरी तरह से सुसज्जित एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला/भौतिकी प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला/जीवविज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट कक्षाएं, कंप्यूटर लैब/आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, कौशल प्रयोगशाला, स्कूल नवोन्मेष परिषद, अच्छी तरह से सुसज्जित खेल सुविधाओं के साथ खेल का मैदान उपलब्ध कराकर कार्यान्वित किया जा रहा है। इसी तरह से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल पूरी सुविधाओं से लैस होकर बनने वाले हैं। इससे पूर्व डीपीईपी, सर्व शिक्षा अभियान तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान ने भी विद्यालयों की दशा व दिशा सुधारी है और अब समग्र शिक्षा विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक धन सामग्री जुटाने के साथ-साथ अध्यापक प्रशिक्षण, नवाचार, डिजीटल स्मार्ट अधिगम प्रौद्योगिकी तथा विद्यार्थियों के उन्मुखीकरण के कार्य कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब पढ़ाई का तौर-तरीका बदल रहा है। यह बदलाव प्रदेश सरकार द्वारा गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए उठाए गए सार्थक कदमों के कारण हो रहे हैं। सरकारी स्कूलों में मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, मुफ्त वर्दी योजना, पोषणयुक्त मध्याह्न भोजन, कौशल भत्ता, सीसीटीवी सुरक्षा और विभिन्न छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं। सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान तेज किया है। परीक्षाओं के बीच शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर सरकारी स्कूलों की सुविधाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और बेहतर सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली बेहतर शिक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), सामाजिक जागरूकता शिविर, पर्यावरण संरक्षण, बच्चों का हेल्थ चेकअप, कैरियर काउंसिलिंग, नशा निवारण कार्यक्रम और मोबाइल के दुरुपयोग पर जागरूकता अभियान जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। सभी विद्यालय अपने-अपने विद्यालय के विज्ञापन सोशल मीडिया पर देकर विद्यालय का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। इसके साथ अंग्रेजी मीडियम में पढऩे की व्यवस्था करना तथा हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत के कम्युनिकेशन स्किल को सुदृढ़ता से विद्यालय में लागू करने की अभी और आवश्यकता है, जिसके लिए विद्यालय स्तर पर अध्यापकों को आम सहमति से आगे बढऩे की संभावनाएं तलाशनी होंगी। समय के साथ शिक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक का समावेश न केवल आवश्यक है, बल्कि यह बच्चों के सीखने के अनुभव को भी बेहतर बनाता है।

कुछ अलग

# एआई भारत में फेल...

**वह** दिल्ली में कूड़े के ढेर को देखकर उत्साहित होता है। घर से निकलते ही उसे देश की राजधानी का कूड़ा निमंत्रण देने लगता है। घर-घर का कूड़ा, कार्यक्रमों-योजनाओं और परियोजनाओं का कूड़ा। दिल्ली का कूड़ा उसके जीवन-प्राण का सहारा है। वह आदतन उस दिन भी कूड़े के ढेर के पास पहुंच कर मुस्कराया और काम पर जुट गया, सोचने लगा, कितना खजाना है उसकी किस्मत में, जो हर घर, हर गली, हर मोहल्ले और पूरे देश से निकल कर केवल उसके सामने हाथ-पांव जोड़ता है, 'उठा लो, अब भी मुझे उठा लो। और मैं उठा लेता कभी रेस्तरां से फेंका हुआ खाना, कभी फटी हुई जीन्स, कभी कोई पेंच और कभी कोई टूटे हुए चश्मे का फ्रेम।' उसके हाथों में टूटे हुए पंखे, वाशिंग मशीनों के पुर्जे, गैस के चूल्हे और कभी-कभी टूटे हुए बेलन भी आ जाते हैं। उस दिन कमाल हो गया। वहां रावण और राम के मुखौटे एक साथ मिल गए। उसने रावण का पहना और अट्टहास लगाया। पहली बार वह खुद पर खूब हंसा था, कितना बड़ा हो जाता है वह रावण के मुखौटे में। उसने राम का पहना तो खामोश हो गया। यह कैसा राम राज्य। घर-घर के कूड़े में, देश के कूड़े में। उसकी फटी अंगुलियों में, फटे पांव की बेडियों में। उसने सोचा, 'राम कहने में चाहे सरल हो, बनना तो बहुत मुश्किल है। मुखौटा पहने वह पूरे देश को देखने लगा, लेकिन सामने रावण के मुखौटे को देखना अति पीड़ाजनक था।' राम के मुखौटे में रावण होने का एहसास उसे होने लगा। वह इसी उधेड़बुन में था कि उसने कूड़े के ढेर पर हलचल देखी। वहां एलन मस्क का सबसे स्मार्ट एआई ग्रोक बीच में से निकल कर पूरी तरह विकसित होकर खड़ा था। वह हैरान हुआ कि असली कूड़े के ढेर में यह 'कृत्रिम होशियारी' क्या कर पाएगी। मन ही मन में वह खुश भी हुआ कि भारतीय कूड़े की गहराई और ऊंचाई एआई तक के दिमाग को चक्कर खाने पर मजबूर कर रही है। भारतीय संदर्भों की असलियत में एलन मस्क का एआई सिस्टम फेल हो रहा था। एआई ने इससे पहले भारत की हर गाली का जवाब गाली से दिया। नेताओं से लेकर प्रधानमंत्री तक को बुरा-भला कहा, लेकिन लाख कोशिश करके भी 'ग्रोक' कूड़े के भीतर भारतीय जिंदगी का राज नहीं खोल पाया। भारतीयता के इस अंबार में एआई फेल होने के करीब था। कूड़े ने उससे पूछा, 'क्या यह बता सकते हो मेरे भीतर कितने युगों का भंडार है।' ग्रोक ने सारे विश्व के कूड़े का रिकार्ड खंगाला, लेकिन बता नहीं पाया कि उस पहाड़ के नीचे कितने युगों का भारत है। कूड़ा हंसा और एआई को एक पुराने कूड़े का टुकड़ा पकड़ाया। एआई को छोटे से टुकड़े में सारा विश्व नजर आने लगा। कूड़े के सम्मोहन में आ चुका 'ग्रोक' भारत का मुरीद हो गया। वह कूड़े के ढेर में भारत की हकीकत देखने लगा। जो सामने था, उसे समझने लगा। वहां वह हजारों भारतीयों को कूड़े में से अपनी जरूरतें पूरी करते देख रहा था। कोई चीखा, 'देखो! यह रहा शराब ठेके को लूटने का दराट। यह चिट्टे को सप्लाई करने का बाक्स। वो सामने रहे विधानसभाओं से उखाड़े गए माइक और वे रहीं भ्रष्टाचार उन्मूलन की फाइलें।' वहां देश का कचरा रोजगार दे रहा था, लेकिन भारतीय करंसी के नोट जले हुए मिल रहे थे। एआई की समझ में यह नहीं आ रहा था कि भारतीय अपनी करंसी को जलाकर भी जॉब वर्क कैसे पूरा कर लेते हैं। एआई ने अपनी कृत्रिम शक्ति से सोचा ये करंसी के नोट आखिर जलने से बचे क्यों नहीं। कूड़ा एकत्रित कर रहे बच्चे ने कहा, 'यह भारत है, यहां हम आग बुझाने के लिए नोट जलाते हैं। सुना है इस बार किसी जज के घर की आग बुझाने के लिए ढेरों करंसी इस्तेमाल हुई।'

देश दुनीया से

# शत्ति-पर्व पर कल्याण कलश की स्थापना का अवसर

**ब्राण्डीय** ऊर्जा से पिण्डीय सामर्थ को विकसित करने हेतु ज्योतिष शास्त्र और नक्षत्रीय विज्ञान में नवरात्रि महापर्व पर की जाने वाली साधनाओं का उल्लेख किया गया है। सनातन धर्म में चैत्र माह के नवरात्रिकाल को शत्ति पर्व के रूप में मनाने की परम्परा रही है। इस हेतु काया में स्थापित पिण्ड को ब्रrण्ड की अनन्त शत्तियों से जोड़ने का विधान है जिसमें स्वः की आन्तरिक व्रियायें तीव्र करना पड़ती हैं। संगदोष से रहित होकर विचार शून्यता की स्थिति में पहुंचा जाता है, तभी एकाग्रता के केन्द्रीयकरण से चिन्तन की सामर्थ द्वारा परा- शत्तियों के साथ जुड़ाव होता है। इसी जुड़ाव को योग भी कहा जाता है। अतीत की अनुभूतियों और भविष्य की कल्पनाओं के चिन्तन में हमेशा लगे रहने वाले मन के शान्त होते ही अन्तःकरण में एक रित्तिता का भान होने लगता है। इस खालीपन को भरने के लिए अनन्त की शत्तियों का प्रवाह तरंगों के माध्यम से प्रारम्भ हो जाता है। अध्यात्म के गूढ़ रहस्यों, परा-विज्ञान के जटिल सूत्रों और शाश्वत के ज्ञान की दिशा में बढ़ने के लिए सद्गुरु की महती आवश्यता होती है। सद्गुरु न केवल अध्यात्म, परा-विज्ञान और शाश्वत की त्रिवेणी में स्नान कर चुका होता है बल्कि दूसरों को स्नान करने के सामर्थ पर भी अधिकार रखता है। ऐसे सामर्थवान लोग बा दिखावे, तुच्छ चमत्कार और बाजीगरी से कोसों दूर रहते हैं। उनकी साधनात्मक सुगन्ध स्वमेव ही वातावरण में पैलती है। उनके चुम्बकीय ऊर्जा चा से आगन्तुक अपने आप रोमांचित हो उठता है, वैचारिक झंझावतों का शमन होने लगता है और होने लगाता है एक अनजानी सी शान्ति का बोध। वर्तमान में कथित चमत्कारों से आर्कषित करने वाले बाबाओं की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है। सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त लोगों की भीड़ जादुई करिश्में की आशा में ढोंगी बाबाओं के दरबारों में माथा टेकने लगते हैं। टोने-टोटकों की दम पर अतीत की घटनाओं को बताने वाले धनलोलुप लोग अपनी वुटिल चालों, सोशल मीडिया और चन्द सिपाहसालारों की दम पर अन्धविश्वास परोसने में लगे हैं। यह अध्यात्म नहीं है, यह धर्म भी नहीं है और न ही होता है इसका कोई स्थाई परिणाम। जैसे दर्द नाशक दवा खाने से रसायन के असर रहने तक मस्तिष्क में पीड़ा के संदेश रुक जाते हैं परन्तु असर समाप्त होते ही कष्ट का विकराल स्वरूप सामने आने लगता है। ठीक ऐसा ही टोटकेबाजों के तिलिस्म का प्रभाव होता है। यहां पर बा रसायन नहीं दिया जाता बल्कि मानसिक खुराक की आपरूति होती है। टोटकेबाजों के पास पहुंचते ही वहां के वातावरण में व्याप्त कही-सुनी घटनाओं की चर्चाओं का बाहुल्य, एक अनोखी सुगन्ध का अहसास, जयकारों की गूंज, दिखावटी व्रियाओं का प्रत्यक्षीकरण, सिहासन की गरिमा, दरबार में बैठी अनुयायियों की भीड़ जैसे मानसिक प्रभाव डालने वाले कारक पहले से ही मौजूद रहते हैं। इन सब का प्रभाव आगन्तुक की मनःस्थिति पर पड़ने लगता है और वह वहां के सम्मोहित करने वाले तत्वों का शिकार हो जाता है। बस यहीं से शुरू हो जाती है आगन्तुक के शोषण की प्रव्रिया। सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक सामर्थ के अनुरूप टोटकेबाजी का दिग्दर्शन कराया जाता है, सम्मान दिया जाता है और फिर सेवा के नाम पर होने लगती है वसूली। बार-बार आने, विश्वास करने और प्रदान किये गये कर्मकाण्ड की नित्यावृति के निर्देशों के तले याचक दबता चला जाता है। समस्या की विकरालता, अनिष्ट का भय और वृपा से निदान की गारन्टी दी जाती है। ऐसे जाल में पंसने वाले लम्बे समय तक टोटकेबाजों के शोषण का शिकार होते रहते हैं। तिलिस्म टूटने की स्थिति तक पहुंचने-पहुंचते वे बरबाद हो चुके होते हैं। वहीं दूसरी ओर सत्य के मार्ग पर चलने वालों पर सहजता, सरलता और सौम्यता का आवरण पड़ा रहता है। प्रवृति के साथ सामंजस्य करने वाली अनुशासनात्मक जीवन शैली का अनुशरण करने वाले साधकों को पहचानना बेहद कठिन होता है। सांसारिक वैभव से दूर रहने वाले ऐसे साधकों के लिए परमानन्द से बड़ा कोई सुख नहीं है। इष्ट के निरंतर चिन्तन से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। बिना दिखावे के परमार्थ करने के कारण अहंकार भी नहीं है। ऐसे लोगों के सानिध्य में आते ही परिवर्तन की बयार चलने लगती है। सुखानुभूति होने लगती है। नश्वर भौतिक जगत की वास्तविकता का बोध होने लगता है। देश-दुनिया में न्यूनतम आवश्यकताओं पर सांसों की कदमताल करने वाली साधनात्मक कायाओं का अकाल नहीं है परन्तु उन्हें पहचानने हेतु अन्तर्दृष्टि की आवश्यकता होती है। समाज के प्रति, जीवों के प्रति और स्वः के प्रति संवेदनशील लोगों के लिए सद्गुरु के दर्शन, उनकी वृपा और मार्गदर्शन का सुयोग स्वतः ही बनने लगता है। दया के भाव से उदित होने वाले कल्याणकारी कार्य अपने आप संपादित होने लगते हैं। शत्ति-पर्व पर कल्याण कलश की स्थापना का अवसर सामने है। इस काल में अनन्त की ऊर्जा का प्रवाह तीव्रतम होता है जिसे साधनात्मक प्रव्रिया से ग्रहण किया जा सकता है। यही ऊर्जा आने वाले समय में जीवधारियों से लेकर प्रवृति तक के मध्य प्रेम, अपनत्व और सहकारिता की भावना विकसित करती है। धर्म के वास्तविक स्वरूप में जीवन जीने की विशेष पद्धति, समाज विशेष की विभेदकारी व्यवस्था या थोपी गई ायित्मक दक्षता का नितांत अभाव होता है। धर्म तो शाश्वत सत्य को विश्वास, श्रद्धा और प्रेम के सिद्धान्तानुसार ही समझा जा सकता है। देश, काल और परिस्थितियों से उपजी भाषा, क्षेत्र, मान्यता आदि की विभाजनकारी संस्वृतियों का इससे कोई संबंध नहीं होता। ईद और शत्ति-पर्व का समुच्चय धनात्मक दिशा में सुगन्ध का वातावरण निर्मित करने हेतु अवतरित हुआ है। इसमें वैमनुष्यता, कटुता और हिसा का कोई स्थान नहीं है परन्तु फिर भी धर्म के कथित ठेकेदार अपनी भौतिक स्वार्थ-सिद्धि हेतु षड्यंत्रों को अमली जामा पहनाने की फिराक में हैं। साधनात्मक काल को विवृत होने से बचाने का दायित्व केवल सरकारों का ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी है।

आप का नजरीया

# भूकंप नहीं, 'प्रलय'

**म्यांमार** और बैंकॉक में धरती का कंपन महज भूकंपीय आक्रमण नहीं था, बल्कि एक नए किस्म का 'प्रलय' था। हमने प्राचीन ग्रंथों में प्रलय का उल्लेख पढ़ा है, लेकिन यह प्रलय लोगों ने अपनी आंखों से देखा। खुद के अस्तित्व पर महसूस किया। तकनीक, विकास और इंजीनियरिंग की ताकत पर इतराती, गगनचुंबी इमारतों को ढहते और मलबा होते भी देखा। कैसा अप्रत्याशित, अभूतपूर्व अनुभव रहा होगा? जिंदगियों की अंतिम चीखें भी सुनीं और उन्हें लाश होते हुए भी देखा। यदि 30 मंजिला इमारत भी ताश के पत्तों की तरह, भरभरा कर, ढह जाए, बिखर जाए, तो बैंकॉक का अपनी अत्याधुनिक तकनीक, अपने विकास पर इतराना बेमानी लगता है। इनसान और देश कुदरत की नियति से बड़े नहीं हो सकते। हम सब धरती पर कुदरत के किराएदार हैं, यह एहसास हर समय रहना चाहिए। बैंकॉक में 70-80 मंजिल से 130 मंजिल तक की गगनचुंबी इमारतें हैं। यह इनसान, इंजीनियरिंग और उसकी विलासिता का अहंकार ही है। म्यांमार तो विश्व में सबसे अधिक भूकंप संवेदी देशों में एक है। वहां हर माह औसतन 7-8 भूकंप आते रहते हैं। इस बार भी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद भी 15 और झटके महसूस किए जा चुके हैं। यह भूकंप जापान के हिरोशिमा, नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों से कई गुणा अधिक ऊर्जा वाला था, नतीजतन मौत का आंकड़ा 1700 को पार कर चुका है। घायल 3400 से ज्यादा हैं और 139 लोग लापता हैं। करीब 2900 इमारतें, 30 सडक़ें, 7 पुल, एक बांध आदि क्षतिग्रस्त हुए हैं अथवा मलबे के ढेर में तबदील हो गए हैं। एक अमरीकी एजेंसी का आकलन है कि म्यांमार में ही मौत का आंकड़ा 10,000 को पार कर सकता है। ऐसा खौफनाक, डरावना मंजर 'प्रलय' नहीं होगा, तो और क्या होगा? म्यांमार ऐसा पिछड़ा देश है, जहां भूकंप के जोखिम और आक्रमण सामान्य हैं, लेकिन वह भूकंप के संदर्भ में अक्षम और पाषाणकालीन है। मलबा हटाने तक की मशीनें भी उसके पास नहीं हैं। हाथ से मलबा हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इतने में तो दम घुटने से जिंदगी का बचना असंभव लगता है। 'कुदरत का करिश्मा' तो अपवाद ही होते हैं। भारत ने 50 टन से अधिक राहत-खाद्य सामग्री भेजकर अपने पड़ोसी देश की मदद की है। एनडीआरएफ के जवान और उपकरणों के साथ चिकित्सीय टीमें भी भेजी हैं। म्यांमार-बैंकॉक के ताकतवर भूकंप का असर हमारे पूर्वोत्तर राज्यों-मणिपुर, मेघालय, मिजोरम आदि-समेत बंगाल पर भी पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल से फोन पर बातचीत की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। दुनिया में 7 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप असामान्य नहीं हैं। पिछले दो सालों में तीन बड़े भूकंप आ चुके हैं। भारत में कई इलाके भूकंप की तीव्रता के दायरे में हैं। उनका वर्गीकरण किया हुआ है। विडंबना तो यह है कि भारत में करीब 45 फीसदी इमारतें बिना नक्शे के ही बनाई गई हैं। हमें इस भूकंप से सबक लेना होगा।

# डीएवी स्कूल में माता-पिता उन्मुखीकरण सह शिशु अभि संस्करण समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा टाउनशिप स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को जूनियर कक्षाओं में नव नामांकित नवागंतुक छात्रों के लिए माता -पिता उन्मुखीकरण सह शिशु अभि संस्करण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके माता -पिता व अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरानुसार दीप प्रज्वलित किया गया। दीप प्रज्वलन में विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा एवं पीटीए अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया, अध्यापिका दीपाली आचार्या तथा मौजूद अभिभावकों ने संयुक्त रूप से किया। वहीं मंच का संचालन अध्यापक संतोष कुमार मंडल एवं अध्यापिका आदिती सिंह ने किया। इस आशीर्वाद सह संस्कार कार्यक्रम में पहुंचकर अभिभावक डीएवी परंपरा और शिक्षण गुणवत्ता से रूबरू हुए। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को अंकों के आधार पर न आंके अपितु बच्चों का मूल्यांकन उनमें निहित भाषा और चारित्रिक गुणवत्ता से करें। हम आपके अबोध बालकों को संवारकर आपके और आपके बच्चों के स्वर्णिम भविष्य निर्माण में महती भूमिका निभाएंगे। आज देश को ज्ञान, विज्ञान एवं चरित्र से आदर्श तथा भारतीय संस्कारों से युक्त मानव की परम आवश्यकता है। आज हमारा देश चरित्र की प्रधानता को सर्वोपरी स्थान देता है। संबोधन के अंत में प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि हम सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच कर बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु कृत संकल्पित हैं। अभिभावकगण बच्चों के स्वर्णिम भविष्य निर्माण में सतत् प्रयासरत रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें चूंकि बच्चों के नामांकन के बाद अभिभावकों का दायित्व और भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम की समाप्ति शांति पाठ से हुई। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार की सराहनीय भूमिका रही।

# चौदह अप्रैल को प्रखंड स्तरीय अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर महा बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति के बैनर तले बुधवार को स्थानीय नगर भवन में प्रखंड स्तरीय महा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी रामदेव पासवान एवं संचालन प्रयाग दास ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी चौदह अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रखंड स्तरीय जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुभाष दास, सचिव रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष रविंद्र दास एवं उपाध्यक्ष सुबेष राम, रामवतार राम, प्रयाग दास, विजय पासवान, अर्जुन दास, अमीरका राम, उपसचिव पिंटू राम, मिथलेश रजक व अन्य, मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान, सचिन्द्र राम का चयन किया गया। नवयुक्त सभी पदाधिकारीयों ने बाबा साहब की जयंती समारोह पूरे धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक प्रतापपुर में मनाया गया 7 वां वर्षगांठ



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक प्रतापपुर में 7 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को सातवां वर्षगांठ मनाया गया। इस दौरान झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक चंदन वर्मा ने खाता धारकों व ग्रामीण के साथ बैठक की, जीवन ज्योति, अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।मौके पर शाखा प्रबंधक चंदन कुमार वर्मा, उप शाखा प्रबंधक अनिल कुमार यादव, रिजवाज होंडा, बीसी संचालक विकाश कुमार यादव, बैंक सखी सोनी कुमारी, रामशंकर कुमार, मंटू कुमार, पूर्व मुखिया राजेंद्र साव, पीयूष कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि समेत कई लोग मौजूद थे।

# लामटा में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 मारुति नंदन वार्षिकोत्सव महायज्ञ आज से



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लामटा दक्षिण टोला में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 मारुति नंदन वार्षिकोत्सव महायज्ञ बुधवार को आयोजन किया गया, अनुष्ठान को लेकर आयोजन स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए, मौके पर हिंदुराष्ट्र संघ जिला अध्यक्ष रंजन कुमार सागर समेत सैकड़ों भक्त कलश यात्रा में शामिल थे।

# दो दिवसीय कौलेश्वरी महोत्सव को लेकर कौलेश्वरी प्रबंधन समिति ने किया प्रेस वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज में दो दिवसीय 4 एवं 5 अप्रैल 2025 को होनेवाले कौलेश्वरी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर प्रबंधन समिति ने बुधवार को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि राजकीय कौलेश्वरी महोत्सव 2025 के स्थानीय कलाकारों, राज्य स्तर के कलाकार एवं कलाकारों का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें राजकीय कौलेश्वरी महोत्सव के पहले दिन 4 अप्रैल को संध्या 7 बजे सर्वप्रथम चतरा सांसद, कालीचरण सिंह का आगमन, मंदिर दर्शन, पूजन एवं महोत्सव का उद्घाटन, उद्घाटन में मुख्य अतिथि, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, सम्मानित अतिथि चतरा पूर्व लोकसभा सांसद सुनील सिंह, झारखण्ड सरकार पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गरीमामयी उपस्थिति जिप सदस्य अध्यक्ष ममता कुमारी, हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजुद रहेंगे। उद्घाटन के पश्चात अतिथियों के द्वारा बारा के मलाह और शेरघाटी नगरपालिका सफाई कर्मीयों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम की प्रस्तुति 8 बजे से 12:00 बजे रात्रि तक लोकगीत के प्रसिद्ध गायिका डिंपल भूमि एवं स्थानीय कॉमेडियन, अपना जलवा बिखरेंगे। 5 अप्रैल संध्या 07:00 बजे से 8 बजे तक झांकी 08:00 बजे से 12 बजे तक लोक कलाकर कुमार सतीश एण्ड महाबीर मन्दिर पटना ग्रुप द्वारा लोकगीत, के अलावे स्थनीय कलाकार देवदर्शी सहित कई कलाकर अपना जलवा बिखेरेंगे। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति सदस्य कौशलेंद्र सिंह, सदस्य अरमेंद्र कुमार केशरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य जयहिंद पासवान, पूर्व चेयरमैन अध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह, बिट्टू सिंह, आदि दर्जनों लोग मौजुद थे।

# धर्मपुर रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ एसडीओ ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना परिसर मे बुधवार को एसडीओ अजय कुमार रजक की अध्यक्षता मे धर्मपुर रामनवमी पूजा समित के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक की गई। बैठक मे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने अपनी बातों को प्रशासन के समक्ष रखा। जबकि प्रशासन की ओर से नेतृत्व करते हुए एसडीओ अजय कुमार रजक ने बताया कि बैठक चल रही है। विवाद का कोई विषय नहीं है। हमारा जीएम लैंड था। संबधित पक्ष अपना एविडेंस प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद आगे की कारवाई की जाएगी। इधर रामनवमी पूजा महा समिति के महा मंत्री राजन तिवारी ने भी समिति की ओर से अपनी बातों को रखा। और बताया कि पिछले कई वर्षों से बहुदेशीय भवन के समीप बने चबूतरा स्थान पर रामनवमी झंडा की पूजा किया जाता रहा है। और यही से रामनवमी का जुलूस निकाला जाता है। मंगलवार की रात्रि बिना समिति को सूचना दिए नगर पंचायत विभाग द्वारा जेसीबी से उक्त चबूतरा को तोड़ दिया गया। जिसके बाद समिति के लोगो और स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया था। इसी मुद्दे को लेकर बैठक की गई। इधर सदर थाना प्रभारी दुलर चौड़े ने बैठक में हुए निर्णय के बाबत बताया कि अभी स्थिति यथावत रहेगी। धूमधाम सेरामनवमी पूजा मनाई जाएगी। मौके पर एसडीपीओ अरविंद कुमार प्रशासक राजीव रंजन सदर थाना प्रभारी रामनवमी समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार समेत धर्मपुर समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य समेत स्थानीय लोग मौजूद थे।

# 26 दिनों बाद जंगल में मिला लापता युवक का शव, प्रेमिका ने पत्थर से कुचलकर की हत्या

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के ग्राम तिसिया में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मिट्ठू नगेसिया (पुत्र केवट किसान) के रूप में हुई है। उसका शव 26 दिनों बाद तिसिया जंगल में सड़ी-गली अवस्था में मिला। **घटना का खुलासा** मिट्ठू नगेसिया 6 मार्च से लापता था। परिजनों और ग्रामीणों ने 13 मार्च को इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट महुआडांड़ थाने में दर्ज कराई थी। 30 मार्च को ग्रामीणों को जंगल में एक युवक के बाल दिखे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी इंद्रदेव राजभर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव बरामद किया। **प्रेमिका ने कबूली हत्या की बात** पुलिस ने जब मामले की जांच की तो मृतक के प्रेम प्रसंग का खुलासा हुआ। परिजनों की निशानदेही पर पुलिस ने संभावित आरोपी पम्मी कुमारी (पुत्री दीनू नगेसिया) से पूछताछ की। महिला ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। **हत्या की वजह** आरोपी महिला ने बताया कि 6 मार्च को उसके परिवार के लोग शादी में गए हुए थे और वह घर पर अकेली थी। तभी नशे की हालत में मिट्ठू नगेसिया वहां पहुंचा और उसके साथ मारपीट करने लगा। अपने बचाव में महिला ने पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चैती छठ व्रत का खरना सम्पन्न, अस्तचलगामी सूर्य का पहला अर्घ्य आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में चैती छठ पर्व नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हुआ, जिसके दूसरे दिन बुधवार की शाम करीब पाँच बजे व्रतियों ने औरंगा नदी छठ घाट, विभिन्न तालाबों और कुओं पर विधिवत घाट बनाकर खरना पूजा संपन्न की। इसके साथ ही छठ व्रतियों का कठिन 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया। गुरुवार की शाम भगवान भास्कर को अस्ताचलगामी अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि 4 अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ व्रत पूर्ण होगा। इस व्रत की विशेषता यह है कि यह चैत्र नवरात्र में होता है। नहाय-खाय के दिन देवी कूष्मांडा की पूजा की जाती है, जबकि खरना के दिन कुमार कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की उपासना होती है। संध्या अर्घ्य के दिन माता कात्यायनी की पूजा होती है और प्रातः अर्घ्य के समय माता कालरात्रि की। इसलिए, चैत्र नवरात्रि के दौरान जो श्रद्धालु चैती छठ का व्रत रखते हैं, उन्हें छठी मईया के साथ-साथ इन देवियों का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत से बल, आरोग्य, समृद्धि और संतान सुख की प्राप्ति होती है। साथ ही, इसके पुण्य प्रभाव से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। संतान प्राप्ति की कामना करने वाली महिलाओं के लिए यह व्रत अत्यंत फलदायी माना गया है।

संकट मोचन भवानी मंदिर का निकला कलश यात्रा

# चार अप्रैल को रुद्राभिषेक हवन पूजन और भव्य भंडारा का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के जुबली रोड स्थित संकट मोचन भवानी मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम मंदिर परिसर से बुधवार की सुबह गाजे के साथ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ की गई।कलश यात्रा मे बतौर मुख्य यजमान साकेत प्रसाद सपत्नीक मौजूद थे।जबकि सभी कार्यक्रम मुख्य आचार्य अनिल मिश्रा के सानिध्य में की जा रही है।कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर भ्रमण की गई। उसके बाद कलश यात्रा औरंगा नदी के तट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान कलश यात्रा मे जिप अध्यक्ष पूनम देवी भाजपा के वरिष्ठ नेता राजधानी यादव रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार महा मंत्री राजन तिवारी निर्मल कुमार महलका रामदेव सिंह सुरेश प्रसाद दिलीप प्रसाद समेत मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य और बड़ी संख्या में महिलाएं युवती बच्चे शामिल थे। इधर समिति के कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम के सभी जानकारी पर प्रकाश डाला।

# छठ घाट में स्नानागार से लेकर शौचालय तक की रहेगी व्यवस्था : सुरेंद्र कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चैती छठ पर्व को लेकर श्री सूर्यनारायण पूजा समिति की ओर से छठ व्रतियों को घाट पर असुविधा ना हो इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। भगवान भास्कर को आज शाम पहला अस्तचलगामी सूर्य अर्घ्य अर्पित किया जाएगा और व्रति इसके लिए छठ घाट पर पहुंचेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी के अध्यक्ष सुरेद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि छठ व्रतियों के सुविधा के लिए पूरा छठ घाट की साफ सफाई करा दी गई है। नये नये घाटों का निर्माण कराया गया है। साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही व्रतियों के सुविधा के लिए घाट पर ही स्नानागार और अस्थाई शौचालय का निर्माण कराया गया है। वहीं अर्घ्य देने के लिए समिति के ओर से दूध की भी व्यवस्था रहेगी।इधर बहेराटांड निवासी दीपक पासवान ने श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी लातेहार का सक्रिय सदस्य के रूप में 11 सौ रूपये देकर सदस्यता ग्रहण कर ली। मौके पर समिति के सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने उन्हें ढेर सारी बधाईयां और शुभकामना दी है।

# अंजुमन इस्लामिया ने किया सरहुल शोभा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत व सम्मानित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के द्वारा सरहुल शोभा यात्रा शामिल लोगों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। केन्द्रीय सरना समिति के पदाधिकारियों, पाहन-पुजार,तथा गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। साथ ही सदर अब्दुल रउफ अंसारी,सचिव शाहिद अहमद बेलू, नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, उपाध्यक्ष हाजी नईम खान,आरीफ हुसैन बब्लू, कोषाध्यक्ष सैयद फिरोज शाह, सहसचिव अनवर अंसारी, अल्ताफ कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, सैयद खालिद अहमद, मो. मनीरूद्दीन गुलाम मुरतुजा, फारूक कुरैशी, सरफुल अंसारी, अब्दुल मोहेमीन बबन समेत अंजुमन इस्लामिया के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। अंजुमन इस्लामिया ने शर्बत, चना, पेयजल आदि भी वितरित किए गए। इस दौरान सदर अब्दुल रऊफ अंसारी,सेक्रेटरी शहीद अहमद बेलू सहित अन्य पदाधिकारियों ने मांदर व नगाड़ा वादन कर शोभायात्रा की शान बढ़ाए।

# त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में 2 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव माधव प्रसाद तथा प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती ओउम् एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किए ।अतिथि परिचय एवं विषय की प्रस्तावना को रखते हुए प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने कहा कि भैया/ बहनों को विद्या भारती के राष्ट्रीय शिक्षण संरचना के अनुरूप बेहतरीन शिक्षा देने के लिए योजना बनाई गई है। कार्यशाला में सचिव माधव प्रसाद ने बताया कि विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों को लेकर शिक्षण कार्य को पूर्ण किया जाए। ताकि भैया /बहने भावी राष्ट्र के निर्माण में सहायक हो। सभी आचार्य एवं आचार्या टीम भावना, समर्पण एवं निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करें। माननीय विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा ने कहा कि आप सभी आचार्य एवं आचार्या पठन-पाठन हेतु कक्षा में पूरी ऊर्जा एवं तैयारी के साथ जाएं ।भैया/ बहने को चित्र के माध्यम से सीखाने का प्रयास करें ।इससे भैया /बहनें जल्दी सीखते हैं। कक्षा में प्रवेश करने पर एक बार पूरी कक्षा -कक्ष को अवलोकन कर लेना चाहिए। भैया/ बहनें को सतत् मूल्यांकन हो। तथा उसमें से सबसे कमजोर भैया /बहनें पर विशेष ध्यान दिया जाए। अंत में प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने कहा कि यह विद्यालय भैया/ बहनों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी अभिभावक /बंधु विश्वास के साथ भैया/ बहनों को इस विद्यालय में नामांकन कराएं। यहां पर उनका भविष्य सुरक्षित है। कार्यशाला में सभी आचार्य व अचार्या उपस्थित थे।

# राम भक्तों की भव्य आस्थाः महुआडांड़ में निकला मंगला जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में हिंदू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इस दौरान सैकड़ों राम भक्त पारंपरिक हथियारों एवं भगवा ध्वज के साथ जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों के बीच नगर भ्रमण पर निकले।

**शोभायात्रा का मार्ग एवं प्रमुख आयोजन**

जुलूस की शुरुआत दुर्गा बाड़ी मंदिर परिसर से हुई और शास्त्री चौक, मुख्य बाजार होते हुए महावीर मंदिर पहुंची, जहां आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद पुनः शास्त्री चौक के रास्ते दुर्गा बाड़ी मंदिर परिसर में समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न



चौक-चौराहों पर अखाड़ों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें राम भक्तों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

**शस्त्र पूजन एवं सांस्कृतिक उत्साह**

जुलूस के पूर्व दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा दुर्गा बाड़ी मंदिर परिसर में विधिवत शस्त्र पूजन किया गया। संगीतमय माहौल में बजरंगबली मच गई खलबली और राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। विशेष रूप से दुर्गा वाहिनी की बहनों एवं बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

**सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था**

मंगला शोभायात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए महुआडांड़ एसडीएम विपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ शिवपुजन बहेलिया, थाना प्रभारी इंद्रदेव रजवार, पुअनि बादल दास समेत पुलिस बल के जवानों ने ड्रोन कैमरों से निगरानी की। इसके तहत छतों पर रखे ईट-पत्थरों को हटाने की कार्यवाही भी की गई। जुलूस के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रही।

**समारोह की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान**

जुलूस को सफल बनाने में हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल विभाग संयोजक सूरज साहू, महावीर मंडल अध्यक्ष नीतीश साहू, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष पंकज दास बाबू, अंकित जायसवाल, दीपक गुप्ता, आयुष जायसवाल समेत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस भव्य आयोजन ने महुआडांड़ में धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूती प्रदान की।

# बड़कागांव में फिर से दिखा सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल

### यज्ञ के दौरान मांस, मुर्गी, मछली का सेवन नहीं करेंगे मुस्लिम समुदाय के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में जामा मस्जिद के प्रांगण में हिंदू - मुस्लिम बुद्धिजीवी वर्ग की विशेष बैठक हुई। बैठक में बादम पंचवाहिनी मंदिर के पास होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महा यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान हिन्दू समाज के लोगों ने कहा के बादम में कभी भी यज्ञ नहीं हुआ है। हमलोग मुस्लिम समाज से यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपेक्षा करते हैं। यज्ञ की पवित्रता के लिए जरूरी है के क्षेत्र में मांस, मुर्गी, मछली और शराब का सेवन न हो। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा के अगर आप हमें भाई मान कर सहयोग के लिए आए हैं तो हमारा दायित्व है के हम अपने भाई का सहयोग करें। हमारे बाप दादा इसी गांव में भाईचारगी से साथ रहते आए हैं और उनकी विरासत को संभाल के रखना हम सब की जिम्मेवारी है । इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने आश्वस्त किया के यज्ञ के दौरान मुस्लिम मुहल्ले में न ही जीव हत्या होगा न ही मांस, मुर्गी, मछली का सेवन होगा। हमारे मुहल्ले में शराब न ही बनता है और न ही बिकता है। इस लिए आस पास जहां भी शराब बनता या बिकता है उसकी बंद करवाने के लिए हिन्दू समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आना होगा। यज्ञ 29 अप्रैल से शुरू होगा और 7 मई को समाप्त होगा। 27 अप्रैल से 8 मई तक मुस्लिम मुहल्ले में मांस, मछली का सेवन बंद कर दिया जाएगा। यज्ञ के दौरान कोई असमाजिक तत्व किसी तरह का गलत कार्य करता है तो उसके लिए पूरे समाज को दोषी न माना जाए। कोई भी गलत कार्य करता है तो उसे दोनों समाज के लोग मिल कर दंडित करें। यज्ञ के लिए मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा भी चंदे के रूप में आर्थिक सहयोग किया जाएगा। जैसे अभी हमलोग भाईचारगी दिखा रहे हैं वैसे आगे भी इस भाईचारगी को कायम रखा जाएगा यही हमलोग कामना करते हैं। बताते चले के दो दिन पूर्व भी ईद के दिन बड़कागांव प्रखंड के छवनियां गांव में कलश यात्रा में शामिल हिन्दू समाज के लोगों को मुस्लिम समाज के लोगों ने कोल्ड ड्रिंक और पानी पिला कर स्वागत किया गया था। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य राजा खान, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा, बादम अंजुमन सदर मो मोकीत उल्लाह, सचिव शहंशाह खान, शेख अबदुल्लाह, समाजसेवी गौतम वर्मा, नरेश साव, हाजी अजहर इमाम, जमाल सगीर, टिकेंद्र महतो, प्रकाश राम, प्रमोद कुमार, मोदस्सर खान, नसीब खान, विक्रम गुप्ता, गोविंद महतो, संजय कुमार, कैलाश कुमार, त्रिवेणी महतो, ज्ञानी महतो, जावेद हुसैन, शहीद अहमद, मिसबाहुल इस्लाम, गुड्डू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मंगला जुलूस संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग : रामनवमी का अंतिम मंगला जुलूस शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। जय श्री राम और जय वीर हनुमान के जयकारों के बीच हजारों राम भक्तों ने जुलूस में हिस्सा लिया। विभिन्न अखाड़ों ने भव्य जुलूस निकाला। हाथों मे बड़े बड़े पताको के साथ वीर हनुमान की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। राम भक्तों ने परंपरागत हथियारों से शौर्य प्रदर्शन किया। तलवार और लाठी से करतब दिखाए गए। झंडा चौक पर सभी अखाड़े एकत्र हुए। इसके बाद हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

पिछले मंगलवार को हुए तनाव को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। शाम 5 बजे से ही पुलिस सक्रिय हो गई। हर चौक-चौराहे पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। जामा मस्जिद चौक के आसपास विशेष सुरक्षा रखी गई। एसएसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी निगरानी में लगे रहे। उन्होंने सभी से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ साथ रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव पूर्व अध्यक्ष कुणाल यादव, अमरदीप यादव, सुधीर यादव समेत कई गणमान्य लोग भी विभिन्न क्षेत्रों में शांतिपूर्वक जुलूस संपन्न कराने मे सक्रिय रहे।

## सरहुल महोत्सव के अवसर पर बिरहोर टोला में साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** सरहुल महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को बिरहोर समुदाय की महिलाओं के सम्मान में साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के तहत आयोजित किया गया, जो कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें परियोजना प्रमुख नवीन कुमार गुप्ता, अपर महाप्रबंधक डिस्पैच पवन रावत, अपर महाप्रबंधक माइनिंग पवन खांडवे, अपर महाप्रबंधक ष्टस्क्र नीलमधाब स्वाइन और सिविल विभाग के उप महाप्रबंधक और स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधि शामिल थे। उनके द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने से इस अवसर की महत्ता और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाली बिरहोर समुदाय की महिलाओं ने कहा, हम सभी महिलाएं चट्टी बरियातु परियोजना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती हैं। उनका यह दयालु और सहयोगपूर्ण प्रयास हमारे समुदाय की महिलाओं के लिए लंबे समय तक याद रखा जाएगा। बिरहोर समुदाय की महिलाओं ने परियोजना द्वारा इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और सारोल दिवस पर इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक अविस्मरणीय दिन बनाने के लिए उपस्थित अतिथियों का भी दिल से आभार व्यक्त किया। यह आयोजन परियोजना द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया सरहुल



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में बुधवार को धूमधाम से सरहुल का त्योहार मनाया गया। इस मौके प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक गीत, संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की। मांदर की थाप पर प्रशिक्षु खूब थिरके और झारखंड की संस्कृति का रसपान कराया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ वसुंधरा कुमारी ने सरहुल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरहुल झारखंड के महत्वपूर्ण त्योहारों में एक है। यह हमें प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। आदिवासी इस त्योहार को प्रकृति से जोड़कर देखते हैं। सखुआ की डाली की पूजा हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति की आराधना का संदेश देती है। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का नारा बुलंद किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ गुलशन कुमार, डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, एस एस मैती, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, रचना कुमारी, संदीप खलखो, डॉ मीरा कुमारी, वर्षा दूबे, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा, निर्मला बेंग समेत पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

## नरेन्द्र मोदी ने अंबानी-अडानी को लाभ पहुचाने के वक्फ बोर्ड में संशोधन किया : साजिद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने वक्फ बोर्ड संसोधित बिल पर प्रतिक्रया देते हुए कहा है केन्द्र कि मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड के सदस्यो के बगैर सहमति के संसद भवन मे संयोजित ढंग से बिल को संशोधित किया है यह केन्द्र सरकार के नियत पर कई बडे सवाल पैदा कर रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह बिल किसी के दबाव मे संशोधित किया गया है, निश्चित तौर पर केन्द्र सरकार वक्फ बोर्ड में संशोधन कर साजिश के तहत मुसलमानो का हक मारकर यह सम्पति देश के बडे उधोगपतियों को देना चाहती है । उन्होंने आगे कहा की ज्ञात हो कि जिस प्रकार से केन्द्र कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान देश के लगभग सभी संसाधनो को अंबानी और अडानी समेत एंव अन्य बडे उधोगपतियों सौंपे गए है उन्हे पूर्ण रूप से संचालित करने में पूर्व कि यूपीए सरकार द्वारा बनाई गई भूमि अधिग्रहण अधिनियम बाध्यता बन रही है यही वजह है कि वक्फ बोर्ड कि 8.12 लाख कि सम्पति मुसलमानो से छीनकर उधोगपतियों को देना चाहती है जो कि पूर्ण रूप से असंवैधानिक है इस संसोधित बिल को मुसलमान कभी नही मानेगा इसकी लड़ाई संविधानिक ढंग से आगे भी लडी जाएगी और अवश्यकता पडी तो इसकी लड़ाई सडक से लेकर सदन तक शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन के माध्यम से लडी जाएगी।

## रफ्तार का कहर : दो बाइक आपस में टकराने से चार घायल, रेफर



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट में दो बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए, जिसमें पल्सर पर कोडरमा के असनाबाद गांव निवासी इमाम अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र अदिल अंसारी व अख्तर अंसारी के 18 वर्षीय पुत्री तान्या प्रवीण घायल हो गई। वही एफजेड यामाहा मोटरसाइकिल पर सवार नवलशाही थाना के विंडोमोह गांव निवासी मजहर खान के 20 वर्षीय पुत्र सुल्तान खान, डोमचांच के कर्मडीबीघा गांव निवासी मोबिन अंसारी की पुत्री बुशरा प्रवीण घायल हो गई। जिसका प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में करने के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## चैती नवरात्र चैती छठ और महारामनवमी की गूंज से गुंजायमान है केरेडारी



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हिंदू नव वर्ष के अनुसार चैत्र महीने में हिंदू धर्मवालंबियों के लिए मनाए जाने वाले त्योहारों चैत्र रामनवमी, चैती काली नवरात्री पूजा और चैती छठ पूजा के अवसर पर केरेडारी प्रखंड भक्ति मय है। चहुंओर जय श्री राम जय माता दी जय छठ माई के गूंज से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। वहीं प्रखंड वासी भी त्योहार को लेकर उत्सुक दिख रहे हैं। इस अवसर पर जमीर गांव में मां दुर्गा की पूजा पूरे भक्ति भाव से की जा रही है। वहीं 1 अप्रैल को नहाय खाय से शुरू हुए चैती छठ पूजा को लेकर बुधवार शाम में छठव्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। 3 अप्रैल संध्या में अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य और 4 अप्रैल के सुबह में उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर छठ पूजा का पारण करेंगी। इन्हीं त्योहारों के साथ हजारीबाग के विश्व प्रसिद्ध इंटरनेशनल रामनवमी का खुमार भी राम भक्तों के सर चढ़ कर बोल रहा है। प्रखंड क्षेत्र के गरी कलां, कुठान, पेटो, पगार, पचड़ा, कंडाबेर समेत अन्य जगहों पर प्रभु श्री राम के भक्तों ने मंगला जुलूस निकाल कर अपनी कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

## हज़ारीबाग में श्री रामराज्य महोत्सव झंडा शोभायात्रा का भव्य आयोजन



**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को सनराइज ग्रुप, हज़ारीबाग के तत्वावधान में श्री रामराज्य महोत्सव झंडा शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा नगर राममय हो उठा।

**सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश**

शोभायात्रा का उद्देश्य श्रीराम के आदर्शों, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रचार-प्रसार करना था। इस यात्रा का शुभारंभ काली बाड़ी, दुर्गा मंडप और भगत सिंह चौक से हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का स्मरण कर जयकारे लगाए। भक्तों ने रामनाम संकीर्तन करते हुए पूरे हज़ारीबाग को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

### परंपरा का निर्वहन के साथ कई नई चीजों का समावेश होगा इस वर्ष की रामनवमी में

## रामनवमी को और भव्य रूप देने का रहेगा प्रयास : बसंत यादव

- सप्तमी के दिन बड़ा अखाड़ा मे होगा अस्त्र शस्त्र परिचालन सह प्रदर्शन प्रतियोगिता
- रामनवमी मे अपनी सहभागिता निभाने वाले बुजुर्गों को सम्मानित करेगी रामनवमी महासमिति
- रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** होली समाप्त होते ही हजारीबाग रामनवमी के रंग मे रंग जाती है। यहाँ की फिज़ा राममय हो जाता है चारों ओर जय श्री राम जय बजरंग बली के जयघोष से माहौल गुंजयमान हो जाता है। रामनवमी की तैयारी मे लोग होली के बाद जोर शोर से लग जाते हैं। रामनवमी का सुगमतापूर्वक संचालन व परंपरा का विधिवत निर्वहन करते रहने के लिए प्रत्येक वर्ष रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष का चुनाव यहाँ जितने भी अखाड़े हैं उनके अध्यक्ष सचिव व रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मिलकर करते हैं। जिसके बाद महासमिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी होती है की वो रामनवमी का संचालन व नेतृत्व करे। जो भी अध्यक्ष बनते हैं वो अपनी कमीटी का विस्तार करते हुए परंपरा का पालन करते हुए अपनी तरफ से कई नई चीजों का भी समावेश करते हैं ताकि इस महोत्सव को और भव्य रूप दिया जा सके इसी कड़ी में इस बार के निर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव ने इस वर्ष महासमिति के द्वारा किये जा रहे कार्यो के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया की परंपरा के निर्वहन के साथ साथ नई नई चीजों का समावेश करते हुए इस रामनवमी को और भव्य रूप दिया जाय। उन्होंने आगे जानकारी दी की प्रत्येक वर्ष सप्तमी तिथि को बड़ा अखाड़ा मे अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता होती है वो इस बार भी होगी साथ ही साथ उसी दिन हजारीबाग के रामनवमी मे योगदान देने वाले 101 बुजुर्गों को सम्मानित भी किया जायेगा। रामनवमी महासमिति के द्वारा इस बार हजारीबाग शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों को भी भगवामय किया जा रहा है । पूरे क्षेत्र को भगवा पताका से पाट दिया जायेगा। 2023 के अध्यक्ष कुणाल यादव द्वारा प्रारंभ किये गये नशामुक्त रामनवमी मनाने के लिए रामभक्तों को प्रेरित करने हेतु जागरुकता रथ इस वर्ष भी रवाना किया जायेगा जो विभिन्न अखाड़ा मे जाकर नशामुक्त रामनवमी मनाने को लेकर लोगो को प्रेरित करेगा। सभी अखाड़ो को पारंपरिक हथियार भेंट किये जायेंगे ताकि वे जुलूस मे बेहतर कला कौशल का प्रदर्शन कर सके साथ ही रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा की सभी श्रद्धालुगण निर्भीक होकर जुलूस देखने आये वे विभिन्न समितियों व प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर रामनवमी शोभायात्रा को सुरक्षित भयमुक्त बनाने के प्रयास मे जुटे हुए हैं । उन्होंने आगे कहा की सुदूरवर्ती क्षेत्रों से रामनवमी के शोभायात्रा देखने आये माताओं और बहनों की सुविधाओ का विशेष ध्यान रखा जायेगा। रामनवमी महासमिति के वर्तमान अध्यक्ष के द्वारा पूर्व अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष बिगन लाल गुप्ता राजकुमार यादव, अमरदीप यादव, सुनील केशरी, बिरेंद्र कुमार बिरु, सुधीर यादव, राजेश गोप, शशि केशरी, राजेश यादव, पवन गुप्ता, कुणाल यादव, जीतू यादव पूर्व प्रमुख अशोक यादव, समाजसेवी मनोज गुप्ता महंत विजयानंद दास समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## दुर्घटना : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर रूप से जख्मी, रेफर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गौरियाकरमा पुल के पास बाइक अनियंत्रित होने से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को ग्रामीणों की मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान गोमिया के लालपनिया थाना क्षेत्र के अजय मरांडी पिता शिवलाल मरांडी का इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही घायल रामगढ़ जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र के बालसगरा गांव निवासी हीरालाल करमाली पिता लखन करमाली का अनुमंडलीय अस्पताल बरही में इलाज करवाने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। मृतक के चचेरे भाई संजय मरांडी ने बताया कि गौरीयाकरमा में एक कंपनी द्वारा की जा रहे कार्य के मजदूरी का काम करने छः महीने पहले आया था, होली में घर गया था, तीन दिन पहले फिर काम करने आया था। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो छोटेङ्कछोटे बेटा छोड़ गया। इधर कंपनी के द्वारा अंतिम संस्कार करने के लिए सहयोग राशि दी गई, वही आगे भी सहयोग करने की बात कही गई। वही बातया गया कि उक्त दोनों गौरीयाकरमा बाजार से समान लेकर आ रहे थे, उसी दौरान उक्त घटना घटी।

## कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम ने अपने पति पर लगाया मारपीट का आरोप, थाने में दिया आवेदन, न्याय की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा पंचायत की मुखिया यास्मीन तबस्सुम के साथ उनके पति द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी मुखिया यास्मीन तबस्सुम ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन उन्होंने अपने पति पर नशे में धुत होकर मारपीट करने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। वही उन्होंने आवेदन में बताया कि पिछले 20 मार्च को मेरे पति ने मुझे तलाक दे दिया था, तलाक देने की बात मैंने अपने ससुर एवं सगे संबंधियों को बताया। उसके पश्चात मेरे ससुर सगे संबंधियों के साथ एक सामाजिक बैठक कर हम दोनों पति-पत्नी को अलग कर दिया और अलग रहने का फैसला दिया गया। उसके बाद मुझे मेरे घर के नीचे का कमरा पति से अलग रहने को दिया गया और हम दोनों अलग-अलग रहने की बात पर सहमति बनी। लेकिन मुझे अलग करने के बावजूद मेरे पति के द्वारा मेरे साथ अनैतिक कार्य किया गया। मेरे द्वारा विरोध करने पर मेरे पति व सास, ससुर, ननद, ननदोसी, भगना समेत 7 लोग सभी ग्राम कोनरा आजाद मोहल्ला के द्वारा मिलकर मुझे जान से मारने के नियत से मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें उक्त सभी लोग द्वारा मुझे पड़कर दबोच कर जमीन पर पटक कर सिगरेट से मेरे चेहरे पर दागा गया। वहीं दांत से काटा गया। एवं बाल पड़कर दीवार में पटका गया, जिससे मेरे सिर फट गया, मैं बेहोश हो गई। मुझे मरा हुआ समझकर सभी लोग घर से फरार हो गए। कुछ देर बाद मुझे होश आया तो मैं जैसे तैसे बरही थाना पहुंची, उसके बाद थाना से मुझे इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मेरी स्थिति नाजुक बनी हुई है, मुझे डर है कि मेरे ऊपर उक्त लोगों के द्वारा फिर से जानलेवा हमला हो सकता है। मैं बहुत घबराई हुई हूं और डरी सहमी हुई हूं। वहीं उन्होंने बरही प्रशासन से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर बरही पुलिस ने मुखिया के आवेदन के आधार पर बरही थाना कांड संख्या 113/25 दर्ज करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है। आवेदन देने के समय मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, छोटन ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे। इधर मुखिया पति मो. ताजुद्दीन से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल बंद बताया।

## बराकर नदी में एक युवक का तैरता हुआ मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया डैम के बराकर नदी में डूबने से एक युवक की मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान प्रकाश दास के 22 वर्षीय पुत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पिता प्रकाश साव कोल्हुआकला निवासी ने बरही थाना में आवेदन देकर उचित न्याय की गुहार लगाया है। उक्त आवेदन के माध्यम से बताया कि बीते 1 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को करीब 1 से 2 बजे के बीच मेरे पुत्र सागर कुमार को बादल गिरी ने अपने फोन करके मिलने के लिए बाजार मोड़ कोल्हुआकला बुलाया, और अपने साथ मोटरसाइकिल में बैठाकर गुड़ियो चौक तक ले गया। बादल गिरी महुआटांड़ तिलैया का निवासी है, जो विगत माह अपने दोस्तों के साथ मिलने आया था। पहले की तरह वह अपने दोस्तों के साथ बुलाकर ले गया। और करीब शाम 5ः00 बजे के आसपास राहुल ने फोन के द्वारा सूचना दिया कि सागर कुमार नदी में डूब गया है। सूचना प्राप्त होते ही ग्रामीणों के घटना स्थल पर पहुंचे। और नदी में खोजबीन करने लगे, जिसका कहीं आता पता नहीं चला। उसी समय ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल बरही प्रशासन को दिया गया। 2 अप्रैल दिन बुधवार को सुबह 7ः00 बजे सागर कुमार बराकर की नदी के पानी के ऊपर तैरता हुआ मृत पाया गया। उस समय मृतक के शरीर में सिर्फ अंडरवियर पहने हुए था। मृतक के गर्दन में बयां तरफ रस्सी का निशान दिखाई दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बादल गिरि एवं उनके साथ दो दोस्तों ने मिलकर मेरे पुत्र सागर कुमार को षड्यंत्र रचकर हत्या कर दिया है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया। मामला सस्पेक्टेट देखते हुए। चिकित्सकों ने शव को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर बरही अनुमंडली अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार को मदद किया। वहीं उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। मौके पर कॉंग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, मुखिया मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, सचिव संतोष दास, रामकुमार दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ आजसू के प्रभारी अशोक राम बेदिया बनाए गए



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के दिशा निर्देश अनुसार रामगढ़ जिला आजसू पार्टी एक संयोजक पद और चार प्रभारी बनाए गए जिसमे रामगढ़ जिला प्रभारी के रूप में अशोक बेदिया, हेमलाल महतो, मदन महतो, हकीम अंसारी को मनोनीत किये हैं जबकि जिला संयोजक नरेश महतो को बनाया गया, इसके लिये मैं तहे दिल से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कु महतो, गिरीडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ पूर्व विधायक सुनिता चौधरी सहित सभी के केंद्रीय पदा धिकारीयों का अभार प्रकट करता हूँ। पार्टी द्वारा जो भी दायित्व भुझे दिया गया है उसे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूगा।इस मौके या पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों क पादाधिकारीयों एवं सदस्यों में शुभकामनाये दी। निरंजन मुण्डा अमृत लाल मुण्डा, मोतीलाल करमाली महेश करमाली, नेपाल विश्वकर्मा, सतीश मुण्डा दिवाकर नायक, सतीश कुमार, महानन्द महतो. बढन राम दांगी, ईश्वरी प्रसाद, छोटू करमाली दीपक -मुडा, मुडा, बबलू करमाली, अमरदीप राम, सुबीन तिवारी, विखल करमाली, इत्यादी।

## कांग्रेस नेता इकबाल अंसारी ने सड़क दुर्घटना में घायल गुलाम अंसारी से किया मुलाकात



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के कांग्रेस नेता सह समाजसेवी इकबाल अंसारी ने पोटमदगा निवासी गुलाम अंसारी से उनके घर जाकर मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। गुलाम अंसारी हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।इकबाल अंसारी ने न केवल उन्हें सांत्वना दी, बल्कि उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही उन्होंने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया, जिससे पीड़ित के परिवार को सहायता मिल सके।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में हर जरूरतमंद व्यक्ति को मदद मिलनी चाहिए और समाज के सक्षम व्यक्तियों को आगे आकर पीड़ितों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में मंगल जुलूस भव्य तरीके से निकाला गया




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में मंगल जुलूस भाव्य तरीके से निकल गया समिति के अध्यक्ष कुंदन कुमार कोषाध्यक्ष अशोक कुमार समिति के उपाध्यक्ष लालमोहन कुमार कमेटी के तूफान कुमार सोनू कुमार छोटन रविदास अजय रविदास विकास रविदास शीतल भुइया छोटेलाल शाह सुजीत कुमार उदय कुमार कार्यकारिणी अध्यक्ष बालेश्वर भुईयां मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने कमेटी के सभी मेंबरों को आगरा किया कि शांतिपूर्ण मंगल जुलूस घुमाव सभी मेंबर गण उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र पर फूलों से सजा माँ छिन्नमस्ता का दरबार,
# सजावट से माँ भगवती के दरबार के भव्यता को चार चाँद लगा रहा है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** बुधवार को चैत्र नवरात्र का चौथा एवं पाँचवाँ दिन है। इस अवसर पर जिले के रजरप्पा में स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल माँ छिन्नमस्ता मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। खूबसूरत लाइटिंग पूरे मंदिर प्रक्षेत्र में की गई है, जिससे मंदिर की खूबसूरती देखते ही बन रही है। जो भी भक्त आ रहे हैं, वह फूलों की सजावट को देख मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।

**मंदिर में फूलों की भव्य सजावट की गई है**

चैत्र नवरात्र के शुभारंभ होने से पहले कोलकाता से आए 25 कारीगरों की टीम द्वारा माँ छिन्नमस्ता मंदिर परिसर को फूलों की सजावट से भव्य रूप दिया गया। कोलकाता, दिल्ली, बेंगलुरु और अन्य स्थान के फूलों से पूरे मंदिर प्रक्षेत्र को सजाया गया है। फूलों की ऐसी सजावट माँ भगवती के दरबार को भव्यता को चार चाँद लगा रहा है। रंग-बिरंगे फूलों से मंदिर सजने के बाद पूरा क्षेत्र खुशबू से महक उठा है।

**कोलकाता के कारीगरों ने सजाया पूरा मंदिर**

कोलकाता से आए कारीगर ने बताया कि वह पिछले 8-10 सालों से वे लोग लगातार माता के मंदिर को सजाने के लिए कोलकाता से पूरी टीम के साथ आते हैं। इस बार 25 कारीगरों की टीम के साथ मंदिर को सजाने के लिए आए हुए हैं। कारीगरों ने बताया के साज सज्जा का ये कार्य उनके लिए सिर्फ पेशा नहीं बल्कि माता रानी के प्रति उनकी आत्मियता है। पिछले 15 दिनों से मंदिर को सजाने की तैयारी चल रही है और आज देर रात तक मंदिर परिसर को पूरी तरह सजा दिया गया। कृत्रिम फूलों के साथ-साथ कोलकाता, बेंगलुरु और दिल्ली से भी मंगाए गए प्राकृतिक फूलों से सजावट की गई और पूरे मंदिर को भव्य तरीके से सजा दिया गया है।झारखंड के बाहर से आए भक्तों ने कहा कि माता का श्रृंगार और भव्य फूलों की सजावट देखकर वह काफी अभिभूत है। माता का आशीर्वाद तो यहाँ आने मात्र से हीं मिलता है लेकिन यह सजावट और यहाँ की भव्यता देखने को काफी




कम मिलती है। पूरे मंदिर को जिस तरह फूलों से सजाया गया है, वह काफी आकर्षक लग रहा है।

**फूलों से बनाया गया शिवलिंग का आकार**

वहीं, मंदिर के वरिष्ठ पुजारी छोटू पंडा ने बताया कि हर वर्ष चैत्र नवरात्र में फूलों से मंदिर को भव्य बनाया जाता है। मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने के साथ-साथ मंदिर परिसर में की गई फूल और लाइट की सजावट लोगों को और भी आनंदित कर रही है। माँ छिन्नमस्ता का यह मंदिर जागृत सिद्धपीठ है, जो भी भक्त माता के इस मंदिर में आते हैं माता का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही भक्तों की मनोकामनाएँ भी अवश्य पूरी होती हैं। विशेष तौर पर नवरात्र का अपना अलग महत्व है।

# इतिहास विभाग ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण कराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय,रामगढ़ इतिहास विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण के लिए इटखोरी चतरा तथा पद्मा किला ले जाया गया। इस ऐतिहासिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य झारखंड के ऐतिहासिक स्थलों को इतिहास के पन्नों में उजागर करना है ताकि नई पीढ़ी के इतिहास में इन स्थलों को अंकित किया जा सके। इनको भारत के प्रमुख पुरातात्विक स्थल के साथ संरक्षित किया जा सके। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन.साह ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक शैक्षणिक भ्रमण झारखंड के ऐतिहासिक स्थल इटखोरी पद्मा



किला एक अमूल्य धरोहर है जो इतिहास को एक नई दिशा देगी। संस्था के सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए यादगार और ज्ञानवर्धक है।विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने छात्रों को इस भ्रमण के लिए उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह भ्रमण छात्रों को झारखंड के इन स्थलों को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा जिससे यह क्षेत्र पर्यटन की दिशा में कारगर सिद्ध होगा। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूनम कुमारी ने बताया की इटखोरी हिंदू जैन बौद्ध का समागम स्थल रहा है यहां का संग्रहालय समृद्ध है जहां बुद्ध के कई रूप के अंकन की कृति मिली है शीतल नाथ के पैरों के चिन्ह की कृति भी मिली है इसके साथ-साथ वामन अवतार नगर शैली के मंदिर स्तूप की आकृति जैसे कई पुरातात्विक साक्ष्यप मौजूद हैं इन्हें इतिहास लेखन की नई दिशा तय करेंगे। शैक्षणिक भ्रमण के समन्वयक सहायक अध्यापिका डॉ ममता ने भी सभी विद्यार्थियों को इटखोरी और पद्म किला का परिचय कराया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ,वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ,परीक्षा नियंत्रण प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों के इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए हार्दिक बधाइयां दी।

## 6 दिवसीय 1008 श्री श्री पवन पुत्र हनुमान प्रणा प्रतिठा को लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के ग्राम ईचातु मे 6 दिवसीय 1008 श्री श्री पवन पुत्र हनुमान प्रणा प्रतिठा को लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई।इसमे डेढ़ हजार महिलाएं शामिल हुई।के साथ गांव से होते हुऐ मंदिर तक हनुमान जी का श्रधांलु ने जल लेकर पहुँची। यहां पर एक मंडप में कलश को वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच स्थापित किया गया है



## आदर्श क्षेत्र चिकित्सालय के नए एरिया मेडिकल ऑफिसर बने डॉक्टर जे एल खान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा क्षेत्र के आदर्श क्षेत्र चिकित्सालय के नए एरिया मेडिकल ऑफिसर बने डॉक्टर जे एल खान को बनाया गया। झारखंड के सीसीएल हेड क्वार्टर रांची के द्वारा यह आदेश जारी किया गया। उससे पहले डॉक्टर उरांव इस एरिया के मेडिकल चीफ ऑफिसर थे वह रिटायरमेंट के कारण डॉक्टर जे एल खान को अरगड्डा एरिया क्षेत्र का मेडिकल चीफ ऑफिसर बनाया गया। उनका स्वागत केशव राय के द्वारा गुलद्शता के किया गया। साथ में सतीश चौधरी धीरज सोनू शंकर हेमलाल आदि उपस्थित थे।



### पसेरिया में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मना

## सरहुल पर्व झारखंड कि रग रग में बसा है : रौशन लाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत क्षेत्र के पसेरिया में बुधवार को प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। गांव के पहान बसंत गंझू ने सखुआ पेड़ के नीचे विधि - विधान से पूजा-अर्चना कर सरना माता से गांव की खुशहाली और सुख समृद्धि व शांति के साथ अच्छी बारिश होने की कामना किया। वहीं पहान बसंत गंझू ने उपस्थित लोगों को आशीर्वाद रूपी सरय फुल दिया। इस पावन अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित रहें।इस दौरान विधायक ने मांदर की थाप पर पारंपारिक नृत्य किया। विधायक ने उपस्थित लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं दी और कहा कि सरहुल हमारी संस्कृति और पहचान है। हमें अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व है सरहुल झारखंड के रग रग में बसा है। मौके पर सुनील उरांव, मनोज गंझू,चंदन गंझू,बालदेव सोरेन,जोपाल मांझी, शंकर सोरेन, देवनारायण गंझू, राजू गंझू, अनिल मांझी, गणेश मांझी आदि महिला पुरुष मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में नवीन सत्र हेतु आचार्य कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में विद्या भारती के योजना के अनुसार नवीन शैक्षणिक सत्र के आरंभ से पूर्व आचार्यों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।कार्यशाला में प्राचार्य उमेश प्रसाद अपने संबोधन में कहा- शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिवर्तन हो रहे हैं और हमें समय-समय पर नवीन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। यह कार्यशाला हमारे शिक्षकों को नवाचारों से परिचित कराएगी और शिक्षण प्रक्रिया को और प्रभावी बनाएगी।इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, नई पाठ्यचर्या, और कक्षा प्रबंधन तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे वे छात्रों को और अधिक प्रभावी तरीके से शिक्षित कर सकें साथ ही अगले सत्र की शैक्षणिक गतिविधियां एवं अन्यान्य कार्यों को लेकर आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।आचार्य भारती का गठन, दिवसाधिकारी का निर्धारण तथा सभी के दायित्वों पर चर्चा की गई। इसके अलावे शुन्य कालांश में प्रतिदिन के विषयों पर चर्चा तथा सभी का अभ्यास कराया गया। %एकात्मता-स्तोत्र% में वर्णित महापुरुषों, देवियों की चर्चा की गई। इस कार्यशाला में विद्यालय के समस्त प्रकार की पंजियों ,संचिकाओं एवं अभिलेखों आदि को व्यवस्थित किया गया।इस कार्यशाला में आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अमरदीप नाथ शाहदेव,शम्मी राज,अमरदीप,दुर्गा प्रसाद,चितरंजन लाल खन्ना,डॉ गायत्री पाठक,पूनम सिंह,अमृता चौधरी, ललिता गिरी आदि उपस्थित थे।

## मांडू विधायक को बुद्धिजिवि मंच द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू विधायक तिवारी महतो के अरगड्डा आवास पर के बुद्धिजिवि मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत बेलथरिया ने मांडू विधायक तिवारी को अंग वस्त्र देकर सिरका परियोजना परिवार कि ओर से ऐतिहासिक लक्ष्य और उत्पादन में उत्पादन में 2024- 25 आंकडा के पार किया उन्हें आभार और बधाई दिया कि इस जादुई लक्ष्य के पीछे सिरका के देव तुल्यकालिक तथा मस्त कर्मचारियों के अथक परिश्रम आपका तथा अपने सारणी समय पर पहुंचने के लिए बुद्धिजीवी मंच की ओर से भी उन्हें अपने सत्र में विधानसभा के सामाजिक सरोकार सड़क आवास शिक्षा उद्योग पर्यटन तथा पर्यावरण और कानून व्यवस्था पर अपनी जवाब देते हुए यह अपने प्रदेश पर अपनी एवं की ओर रखो तथा सर्वाधिक लोकप्रिय होने का गौरव प्राप्त हुआ ।

# राज्यकिय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटंगा में चोरों ने किया चोरी का प्रयास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बिते रात चोरो ने चोरी करने का प्रयास किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार दास ने बताया कि चोरों ने स्कूल के छोटी बाउंड्री होने के कारण पिछे रास्ते से विद्यालय में प्रवेश कर गये। वहीं चोरो ने पहले शराब पी उसके बाद विधालय के प्रधानाध्यापक कक्ष, सहायक अध्यापक कक्ष और वर्ग सात के कमरे का ताला तोड कर कक्षा में प्रवेश कर गये। वहीं कक्षा सात में रखे स्कूली ड्रेस को तितर-बितर कर दिए। वहीं चोरी कि भनक अगले दिन लगी। वहीं प्रधानाध्यापक ने घटना कि सुचना उरीमारी ओपी को दी। जिसपर उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव व दलबल सहित स्कूल परिसर पहुंचे। वहीं चोरी मामले कि छानबीन में जुट गए। वहीं विधालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार दास ने यह भी बताया कि गनीमत रही कि विधालय में रखे कम्प्यूटर सेट, कुर्सी, टेबल सभी सुरक्षित है। अगर चोर उपर के दरवाजे तोड़ते तो किमती सामान उनके हाथ लग सकती थी। वहीं दूसरी ओर चोरी कि घटना से उब चुके ग्रामीणों ने बैठक कर पुलिस से उचित कार्रवाई करने कि मांग कर रहे थे। यहां बता दें कि इसी विधालय में बिते दिनों चोरों ने चोरी कि घटना को अंजाम दिया था। जिसकी शिकायत प्रधानाध्यापक ने उरीमारी ओपी से कि थी। वहीं बैठक में कुछ ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस चोरी के प्रयास मामला होने के बाद ग्रामीण खुद ही विधालय के सुरक्षा हेतु दो दिनों तक रतजगा कर रहे थे। वहीं इस बैठक में विधालय के पुर्व अध्यक्ष अकल मुंडा, वर्तमान अध्यक्ष बिनोद मुंडा,जीतन मुंडा, गणेश गंझू, मुकुंद मुंडा, राजेन्द्र गंझू, दिलीप कुमार मुंडा,इन्द्रदेव प्रजापति,कमेश्वर मुंडा, संतोष प्रजापति आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। ग्रामीणों कि निगरानी में मार्केट कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट किया गया सामान उरीमारी- राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोटंगा में बिते दिनों हुए चोरी के प्रयास के बाद पोटंगा के ग्रामीणो कि निगरानी में स्कूल परिसर में रखे किमती कम्प्यूटर सेट व अन्य सामान को निजी वाहन के माध्यम से पारगढा स्थित बने मार्केट कॉम्प्लेक्स के एक दुकान में शिफ्ट किया गया। जहां सामान कि सुरक्षा हेतु आस पड़ोस के दुकानदार उसकी निगरानी कर सकते हैं।

# यज्ञ से मानव समाज का कल्याण व जीवन में सुख समृद्धि मिलती है : सुधा देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बड़कीपोना में श्री श्री 108 राम लखन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ भव्य कलशयात्रा के साथ ही बुधवार को शुरूआत हो गई। कलश यात्रा में 525 महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने हनुमान मंदिर से कलश के साथ दामोदर नदी पहुंची और वहां से जल संकल्प करा कर कलश यात्री यज्ञ स्थल पर पहुंची। यज्ञाचार्य सत्येंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना के बाद शंखनाद के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञाचार्य यज्ञ मंडप में प्रवेश किए। कलश शोभा यात्रा में महिला-



पुरूषों की भीड़ उमड़ पड़ी,केशरिया रंग में डूबे ग्रामीण पूरा क्षेत्र भक्तिमय हुआ, इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे हर-हर महादेव जय श्री राम जय बजरंग बली जय माता दी आदि देवी देवताओं के जोरदार उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस मौके पर रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, आजसू पार्टी युवा नेता पियूष चौधरी शामिल हुए। मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे अनुष्ठान से आध्यात्मिक शक्ति बढती है। वहीं वैदिक मंत्रोचारण व हवन से वातावरण को शुद्धि मिलती है. यज्ञ से मानव जाति में कल्याण के साथ-साथ ज्ञान की वृद्धि होती है हमारा देश भक्ति श्रद्धा भाव के लिए संसार में जाना जाता है तथा यहां की पावन भूमि पर ही परमात्मा का होता रहा है। प्रकृति के साथ हो रही छेड़छाड़ और वातावरण में बढ़ रहे प्रदूषण को नियंत्रित करने में यज्ञ का एक बड़ा योगदान होता है। यहां पहुँचे सभी लोगों का अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया. जानकारी के अनुसार 4 दिन तक चलने वाल इस महायज्ञ में बनारस, प्रयागराज, अयोध्या से यज्ञ के लिए आचार्यों को बुलाया गया है. यज्ञ मंत्रोचारण से पूरा माहौल गुंज उठेगा।

**2 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक आयोजन**

यज्ञस्थल के चारों ओर विभिन्न देवताओं की प्रतिमा बनी हुई है। 2 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक यज्ञ की आयोजन होगी। जिसमें विद्वान पंडित द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही साथ राम चरित्र मानस का भी आयोजन होगी। शाम में आरती रात्रि में भजनों का सुर संगम होगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा, मुख्य संरक्षक मुखिया अरविन्द कुमार सिंह सहित संयोजक पंसस शम्भु कुमार, सचिव विद्यासागर कुशवाहा, पूर्व मुखिया निर्मला देवी, पंसस प्रतिनिधि प्रदीप कुमार के अलावा जीतभन महतो, रामनारायण महतो, रामध्यानी दांगी, लालकिसून महतो, नंदकिशोर दांगी, वेदप्रकाश वर्मा, अमृत कुमार, कृष्ण मुरारी, पवन कुमार, प्रदीप मुंडा, भीष्मदेव दांगी अमित, संतोष सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मलकेरा-महुदा खंड पर ओवरब्रिज निर्माण है जरूरी, ग्रामीणों की मांग को सरकार करे पूरा : ढुलू महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने लोकसभा में अपने क्षेत्र के एक गंभीर मुद्दे को उठाया। उन्होंने मलकेरा (एमएलक्यू) और महुदा (एमएचक्यू) खंड पर स्थित समपार सं. रू50 और रू51 के बीच प्रस्तावित अंडरपास को निरस्त करने को कहा। ग्रामीणों की सुविधा के लिए वहां ओवरब्रिज (ऊपर सड़क पुल) के निर्माण की मांग रखी।रेल मंत्रालय ने इस पर जवाब देते हुए बताया कि समपार सं. रू 50 को पहले ही बंद कर दिया गया है और सड़क यातायात को समपार सं. रू51 से डायवर्ट किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अब यातायात की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, समपार सं. रू51 पर ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई गई है। यह परियोजना तकनीकी रूप से व्यवहारिक पाई गई है और 5 मीटर × 5 मीटर आकार का ओवरब्रिज बनाने की योजना को मंजूरी दी गई है।रेल मंत्रालय ने जानकारी दी कि भारतीय रेलवे निरंतर समपार फाटकों को खत्म कर वहां ओवरब्रिज/अंडरब्रिज का निर्माण कर रही है। इस दिशा में, वर्ष 2004-14 की तुलना में 2014-25 (फरवरी 2025 तक) के दौरान तीन गुना अधिक 12,977 ओवरब्रिज/अंडरब्रिज बनाए गए हैं, जिनमें झारखंड में 459 शामिल हैं।इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने 01 फरवरी 2025 तक 4,344 ओवरब्रिज/अंडरब्रिज के निर्माण कार्य को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लागत ?97,422 करोड़ है। इनमें झारखंड राज्य के लिए, 2,641 करोड़ रुपये की लागत से 157 पुल स्वीकृत किए गए हैं, जो विभिन्न चरणों में हैं।रेल मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि ओवरब्रिज निर्माण की समय-सीमा राज्य सरकार के सहयोग, भूमि अधिग्रहण, बाधाओं को हटाने, आवश्यक अनुमतियों, मौसम की परिस्थितियों और सुरक्षा व्यवस्था जैसी विभिन्न प्रक्रियाओं पर निर्भर करती है।सांसद ढुलू महतो ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र के विकास और जनता की मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मलकेरा-महुदा खंड पर ओवरब्रिज निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुगम और सुरक्षित यातायात की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार सारी प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा करे ताकि इस निर्माण कार्य प्रारंभ हो।



# अब ऑनलाइन हो सकेगी बंदियों से मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अगर आपके कोई परिचित या रिश्तेदार जेल में बंद है तो अब उनसे मुलाकात करने के लिए आपको जेल गेट आने की जरूरत नहीं। ऑनलाइन बंदियों से उनके परिजन मित्र मुलाकात कर सकते हैं, बातचीत कर सकते है, आपके मुकदमे के अद्यतन स्थिति के विषय में भी पूरी जानकारी आप ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सिविल कोर्ट धनबाद में ई सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि व्यवहार न्यायालय, धनबाद मे बने ई-सेवा केंद्र (ई-एसके) के माध्यम से आमजन मामले की स्थिति, सुनवाई की अगली तारीख और अन्य विवरण के बारे में जानकारी, प्रमाण-पत्र की प्रतियां और अन्य फाइलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा, याचिकाओं की हार्डकॉपी स्कैन करने से लेकर ई-फाइलिंग की सुविधा, ई-हस्ताक्षर जोड़ना, उन्हें सीआईएस में अपलोड करना और फाइलिंग नंबर तैयार करना, ई-स्टाम्प पेपर/ई-भुगतान की ऑनलाइन खरीद में सहायता करना, आधार आधारित डिजिटल हस्ताक्षर के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने में सहायता करना, एंड्रॉइड और आई.ओ.एस के लिए ई-कोर्ट्स के मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने में प्रचार और सहायता करना, जेल में बंद रिश्तेदारों से मुलाकात के लिए ई-मुलाकात अपॉइंटमेंट की बुकिंग में सुविधा प्रदान करना, छुट्टी पर गए न्यायाधीशों के बारे में प्रश्नों की जानकारी, विशेष न्यायालय के स्थान, उसकी वाद-सूची तथा मामला सुनवाई के लिए लिया गया है या नहीं, इन सब के बारे में प्रश्नों की जानकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति और सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के बारे में लोगों को मार्गदर्शन, वर्चुअल न्यायालयों में ट्रैफिक चालान के निपटान की सुविधा प्रदान तथा ट्रैफिक चालान और अन्य छोटे अपराधों के ऑनलाइन निपटारे की सुविधा प्रदान, ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत डिजिटल रूप से उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अन्य सभी प्रश्न और सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोर्ट सुनवाई की व्यवस्था और संचालन की विधि की जानकारी, न्यायिक आदेशों/निर्णयों की सॉफ्ट कॉपी ईमेल, व्हाट्सएप या किसी अन्य उपलब्ध माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी।



# ब्लास्टिंग से घरों में पड़ी दरार, आक्रोशित लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी में आउटसोर्सिंग कार्य को शुरू करने का मोदीभीठा ब्राह्मण बरारी के ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों के सामने किया विरोध प्रदर्शन। ग्रामीणों ने झारखंड लोकतांत्रिक कांतकारी मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया है। जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद सिंह ने आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधन चेतावनी देते हुए कहा है की ग्रामीणों की एक इंची जमीन पर भी काम को शुरू किया गया तो जयराम महतो टाइगर के नेतृत्व में ईट से ईट बजा देंगे। उन्होंने कहा है की बीसीसीएल प्रबंधन को 364 परिवार के लोगों सम्पूर्ण विस्थापित किये बगैर काम नही किया जायेगा। वही सुरेश चक्रवती ने कहा है की आउटसोर्सिंग कंपनी ने बिना अनुमति के 5 हजार पेड़ को काट दिया गया है। पड़ोस में प्रोजेक्ट चलाया जाता हैं जिससे प्रदूषण फैलता है, वही ग्रामीणों के घरों में दरार पड़ गया है। जब पड़ोस में प्रोजेक्ट चलेगा तो गरीबो का घर गिर जायेगा। उन्होंने कहा है की अब जब भी वार्ता होगा ग्रामीणों एवं उच्च अधिकारियों के बीच गांव में ही होगा। बीसीसीएल के महाप्रबंधक निखिल बी त्रिवेदी ने कहा कि कंपनी की सूची के अनुसार सभी 296 ग्रामीणों को जेरेड़ा के तहत मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजा के लिए झरिया सीओ से वार्ता किया जा रहा है।

# रानी और प्रिंस का मामला निकला प्रेम प्रसंग का



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा कॉलोनी नंबर 4 निवासी रानी और प्रिंस का मामला प्रेम प्रसंग निकला। रानी के पिता दिलीप कुमार तुरी के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 32/25 में मामला दर्ज किया है। दर्ज मामले में दिलीप ने कहा है घर के सभी सदस्य बाहर थे तभी प्रिंस कुमार पासवान अपने रिश्तेदारों के साथ भाई लोकेश कुमार, सुमित कुमार पासवान, शालिल कुमार, बहन रीना पासवान घर में घुस कर मेरी पुत्री के साथ मारपीट कर घर में रखा गया 50 हजार रुपये नगद एवं 1 लाख 20 हजार रुपये की लूट कर फरार हो गये है। जबकि रानी और प्रिंस का प्रेम प्रसंग का मामला है। रानी कुमारी ने 29/3/2025 को धनबाद कोर्ट में अपनी सहमती से शादी के लिए आवेदन दे चुकी है। लिखित आवेदन में उन्होंने कहा की पूरा परिवार शादी के खेलाफ़ है इसलिए वो कभी भी हमे एवं उसके पति को फंसा सकते है। मै बालिग हूँ और मैं अपनी मर्जी से शादी की हूँ। रानी ने एक विडिओ भी बना कर भेजा है जिसमे अपनी मर्जी से शादी की बात कही है। जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया है की मामले की जाँच की जा रही है तथा जाँच के बाद कार्यवाही की जायगी।

# बाइक सवार लूटेरों ने महिला के गले से चेन झपटा, हुए फरार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में लगातार चेन स्नैचिंग गिरोह एक के बाद एक चेन छिनतई की घटना को अंजाम देते आ रहे है। लेकिन पुलिस अब तक सिर्फ हवा में तीर चलाती नजर आ रही हैं। ताजा घटना बुधवार 2 अप्रैल की सुबह धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी के पास की है। जहां दादा-दादी पार्क के सामने लूटेरों ने फिर एक महिला के गले से चेन छिनतई की घटना को अंजाम देकर फरार होने में सफल रहे। महिला का नाम सरस्वती पांडे बताया जाता है। वह सेवानिवृत डॉक्टर आर आर पांडे की पत्नी है। घटना के बाद महिला ने इसकी लिखित शिकायत धनबाद थाने में कर दी है।घटना के बारे में उन्होंने बताया कि सुबह हर दिन की तरह वह टहलने निकली थी। वही मंदिर में प्रणाम करने के बाद घर वापस लौट रही थी कि इसी दौरान बाइक पर सवार दो लोग आए और झपट्टा मारकर गले से चेन झपट कर फरार हो गए। मैने जोर जोर से आवाज भी लगाई, जब तक लोग आते अपराधी फरार हो चुके थे। इसके बाद महिला ने इसकी जानकारी परिवार के साथ साथ पुलिस को दी। जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर सीसीटीवी के सहारे अपराधियों की धड़पकड़ में जुट गई। महिला ने बताया कि चेन लगभग 2 भरी की थी।

# शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एवं कादीर मियां का शहादत दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एवं कादीर मियां की 52 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीदी बेदी स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ईस्ट बसुरिया की धरती से माफिया मुक्ति के आंदोलन में तीन वीर शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल एवं कादरी मियां ने अपनी शहादत दी एलएम जो प्रत्येक वर्ष 2 अप्रैल को शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते आए हैं। इन तीन वीरों ने अपनी शहादत देकर ईस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्र में माफिया शक्ति को समाप्त किया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में शहीद जगदीश मंडल की पत्नी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, राज्य कमेटी के सदस्य हरी प्रसाद पप्पू, भाकपा माले के पवन महतो, झामुमो के मोहम्मद आजाद मुखिया, बसंत महतो, मनोज महतो, बी सी के यु के टेकलाल महतो, दुलाल चंद्र बाउरी, भोला चौहान, फागु भुइयाँ, आर के ठाकुर, मनोज रवानी, भवानी दास, सुजल दत्ता, प्रकाश भुइयाँ, दीपक चौधरी, सरबजीत कौर, ईस्ट बसुरिया कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी बी के झा, प्रबंधक रंजीत सिंह आदि लोग शामिल थे।

# पहला कदम में मनाई गई विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में बुधवार को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया गया। यह कार्यक्रम ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समर्थन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सचिव अनीता अग्रवाल द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख अतिथियों के रूप में राम अवतार रूप के सीएमडी अमरेश सिंह, दशरथ प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, दीपक तोड़ी, राष्ट्रीय सचिव चंद्र भूषण पाठक, सोमनाथ पूर्ति, पीके सराफ और मनोज खेमका उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रभावित बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल इन बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था, बल्कि समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता और समर्थन को बढ़ावा देना भी है। अतिथियों को सम्मानित किया गया और अतिथियों द्वारा बच्चों को उपहार भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



# धनबाद मंडल में चला टिकट चेकिंग अभियान

## 108 यात्रियों से 62 हज़ार 555 रूपए जुर्माना वसूला गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन एवं रात्रि में भी चल रहा है। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की जा रही है। गोमो - कोडरमा - पहाड़पुर खंड में विशेष जांच अभियान चलाया गया जिसमें कुल 108 बिना टिकट या अनुचित टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया। इस दौरान उनसे 62 हज़ार 555 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई। तथा पकड़े गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में यह जारी रहेगी। इस तरह के जांच अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## ईशान सिंह दृष्टिहीन एवं कैंसर पेशेंट के लिए कर रहे हैं उल्लेखनीय कार्य



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईशान सिंह लीड इंटरनेशनल स्टूडेंट एम्बेसडर धनबाद के रहने वाले निवासी जो शिकागो (अमेरिका) में ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं। तथा अपनी एक एनजीओ संस्था एसएचआरपीएस सस्टेनेबल हेल्थ रिसर्च पोर्टल ऑफ़ इंस्टीट्यूट चला रहे हैं जिनका मुख्य उद्देश्य है लोगों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करना और कैंसर पेशेंट्स तथा दृष्टिहीन छात्रों के मदद के मद्देनजर ध्यान ज्यादा है जिनके लिए वे बहुत उल्लेखनीय काम कर रहे हैं। उन्होंने धनबाद के रेजिडेंशियल ब्लाइंड स्कूल सरायढेला में भी वहां के बच्चों से मिल कर उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण किया। डॉक्टर के सहयोग और इनरव्हिल माइलस्टोन के साथ मिलकर उन्होंने काफी अच्छा कार्य किया है तथा आश्वासन भी दिया है कि वह भविष्य में सदा उनके लिए कुछ काम करते रहेंगे।

## चरणप्रीत सिंह ने किया 100वीं बार रक्तदान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवा के प्रति अपनी अटूट निष्ठा को दर्शाते हुए चरणप्रीत सिंह ने एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक में 100वीं बार रक्तदान कर एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। उनके इस सेवा भाव की शुरुआत 16 वर्ष की उम्र में हुई थी, जब उनकी माता ने उन्हें रक्तदान करने की प्रेरणा दी। अपने व्यक्तिगत रक्तदान के अलावा, चरणप्रीत सिंह प्रतिदिन 2-3 जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था करते हैं, जिससे अनगिनत जीवन बचाए गए हैं। रक्तदान के बाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर बी.के. पांडेय और ब्लड बैंक के टीम ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और मोमेंटो भेंट किया।

## हमारा किन्नर समाज जजमानों के घरों में खुशियां लाने के लिए छठ महापर्व करती है : छमछम देवी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैती पर्व छठ बहुत ही श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ कोयलांचल में मनाई जा रही है। इस चैती छठ में अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम्म छम देवी के द्वारा उनके शिष्य काजल किन्नर ने छठ कर रही है। यह छठ न्यू मटकुरिया रेलवे लाइन के किनारे किया जा रहा है। इस संबंध में छम छम देवी किन्नर ने बताई की हमारा किन्नर समाज जजमानों के घरों में खुशियां लाने के लिए यह छठ करती हूँ वैसे मैं विगत 50 वर्षों से छठ करती आ रहे थी। अब मैं छठ करने में असमर्थ हो रही हूं इसलिए हमारे शिष्यों द्वारा यह पर्व की जा रही है। किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम्म छम देवी जब न्यू मटकिया पहुंची तो किन्नरों ने उनका स्वागत पुष्प वर्षा करके किया और स्थानीय महिलाओं ने भी माला पहना कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्वेता किन्नर जो की ब्रांड एंबेसडर भी है इसके अलावा निर्मला किन्नर, राखी किन्नर, रेखा किन्नर, समेत कई किन्नर छठ महापर्व में शामिल है। छठ कर रहे काजल किन्नर ने बताई की मैं विगत 6 साल से चैती छठ कर रही हूं। हमारे गुरु माता छम्म छम देवी की उम्र काफी हो जाने कारण वह छठ करने में असमर्थ है इसलिए, मैं यह छठ कर रही।

## धनबाद- भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यात्रियों की सुविधा एवं उनके सुगम आवागमन हेतु गाड़ी संख्या 02831/ 02832 धनबाद- भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन का विस्तार किया जाएगा जिनका विवरण इस प्रकार है - 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल प्रतिदिन 01.05.25 से 29.06.25 तक, 02832 भुवनेश्वर - धनबाद स्पेशल प्रतिदिन 02.05.25 से 30.06.25 तक चलेगी।उपरोक्त स्पेशल ट्रेनों का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 02831/ 02832 धनबाद- भुवनेश्वर - धनबाद स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा। उक्त सारी बातें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने कही।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई–नीलामी
धनबाद मंडल धनबाद, दिनांक: 01.04.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है:
क्रम सं० i . (1) ई–नीलामी सूची: ii पार्सल, ई–नीलामी सूची सं.: iii लीज–29 –25, ई. नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण: iv 17.04.2025 14.00 बजे से, कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम: v पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेप्पी तक 3.9 टन का एफएसएलआर–। कम्पार्टमेंट (07 दिनों के लिए), पट्टे पर ट्रेन सं. 12340 धनबाद से हावड़ा तक 3.9 टन का एफएसएलआर–। कम्पार्टमेंट (07 दिनों के लिए), पट्टे पर ट्रेन सं. 11046 धनबाद से कोल्हापुर तक 4 टन का एफएसएलआर–। कम्पार्टमेंट (साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को), पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेप्पी तक 3.9 टन का आरएसएलआर–। कम्पार्टमेंट (सप्ताह में पाच दिन, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार), ट्रेन सं. 13307 धनबाद से फिरोजपुर तक 3.9 टन का आरएसएलआर–। कम्पार्टमेंट (07 दिनों के लिए), पट्टे पर ट्रेन सं. 22388 धनबाद से हावड़ा तक 04 टन का एफएसएलआर– । कम्पार्टमेंट (07 दिनों के लिए)
क्रम सं० i .(2) ई–नीलामी सूची: ii पार्सल स्कैनर, ई–नीलामी सूची सं.: iii पीएस–डीएचएन–25–3, ई. नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण: iv 17.04.2025 14.00 बजे से, कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम: v 05 वर्ष के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन पर स्थित (पार्सल कार्यालय) में सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन के लिए ई–नीलामी।
सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।
रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। स०वा०प्र०
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद
पीआर/0009/डीएचएन/सीओएमएमएल/ईएन/25–26/60

पूर्व मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
संख्या:RP/ECR/DNR/EL/PMS/GMO-PTRU
दिनांक– 28.03.2025
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Request for proposal (RFP) appointment of project management services (PMS) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between Gomoh-Patratu Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway 2. कार्य का अनुमानित लागत : रूपये 63148809.53/–, 3. निविदा फार्म की किमत: रूपये 0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : रूपये 465800.00/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–20.05.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 03.06.2025 को 15:00 बजे।, 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है: पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in, वेबसाइट पर देखा जा सकता है।, 7. पता एवं अन्य जानकारी: मुख्य विद्युत अभियंता / रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105
उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना दानापुर
पीआर/0003/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/48

# ठेठईटांगर प्रखंड में क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड का मंगलवार को क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने भ्रमण कर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने ईद उल फितर व सरहुल त्योहार की भी ग्रामीणों को बधाई दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईद उल फितर दुनिया भर में आपसी भाईचारे और शांति के साथ सभी को प्रेम भाव के साथ ईश्वर की उपासना करते हुए जीवन जीने का संदेश देता है, जिस पर हम सभी लोग चाहे वो किसी भी धर्म के मानने वाले है को इसका अनुशरण करना चाहिए। इससे मानव जाति के साथ-साथ सभी का उद्धार हो सकेगा। वही ठेठईटांगर खास में पैदल भ्रमण कर रहे विधायक से ग्रामीणों ने जगह-जगह मुलाकात कर अपने-अपने गांवों में व्याप्त समस्या के बारे में अवगत कराया। कई ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में जियों टैग में देरी के कारण अग्रिम भुगतान में विलंब होने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कार्यालयों में चक्कर लगाने, योजना से जुड़ी राशि भुगतान के लिए पोस्ट ऑफिस, बैंकों द्वारा किश्तवार तरीकों से कुछ-कुछ राशि दिए जाने के कारण कई दिनों तक बैंकों के चक्कर लगाने, गांव में पेयजल अभाव से ग्रामीणों के साथ-साथ जिव- जंतु की परेशानी, गत दिनों हुई ओलावृष्टि से हुए आर्थिक नुकसान के लिए सरकार से मुआवजा दिलाने आदि की मांग की गई। इसके अलावा ग्रामीणों क्षेत्रों में बिजली की समस्या आदि के बारे में जानकारी देते हुए निदान की मांग की। विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने समस्याओं से अवगत होते हुए जल्द से जल्द निदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही ओलावृष्टि से हुए नुकसान के आंकलन हेतु प्रखंड को पूर्व में ही निर्देशित करने की बात बताते हुए कहा कि अगर इसमे लापरवाही बरती जा रही है तो वे अपने स्तर से इसपर कार्रवाई करेंगे और आवश्यकता हुए तो सम्बंधित विभाग के मंत्री से भी शिकायत करेंगे। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, नवनीत, ठेठईटांगर प्रतिनिधि मो कारू, प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो वाहिद, हार्दूगन केरकेट्टा, मो राजा, शुशील मिंज, विक्टर बारला, जुनुल आदि मौजूद रहे।

# नुकीले खाट पर लेट कर कर रहीं हैं नवरात्र, नवरात्री में मिलता हैं माता का विशेष आशीर्वाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरसई :** केरसई प्रखंड के नायक बस्ती में एक अनुसूचित जाति की महिला विमला देवी लगातार 3 वर्षो से कांटी के नुकीले बेड पर लेट कर नवरात्र कर रहीं हैं,खास बात ये है कि 9 दिन तक चलने वाले यह चैत्र नवरात्र में 9 दिन तक निर्जला रूप से नुकीले बेड पर लेट कर नवरात्र का पर्व करती है। व्रती विमला देवी ने कहा कि मुझे माता रानी से शक्ति प्रदान होती है मैं मां का उपासना कर अपने क्षेत्र वासियों के कल्याण के लिए कामना करती हूं। नवरात्रि के अवसर पर लोग दूर-दूर से वर्ती को देखने आते हैं एवं आशीर्वाद लेते हैं।

# आरती में उत्साह पूर्वक सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुये राम भक्त : सचिन कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन शास्त्री नगर ढोडा टोली प्राचीन शिव मंदिर में बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की जिसमें सैकड़ो की संख्या में राम भक्त, माताएं बहने पहुंचकर महाआरती में सम्मिलित हुए। और सभी भक्तों ने मिलकर हनुमान चालीसा पाठ, गणेश स्तुति, राम स्तुति पाठ करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष अशोक कसकर ने कहा कि नगर के विभिन्न मंदिरों में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भव्य महाआरती का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ो राम भक्त महा आरती में सम्मिलित हो रहे हैं। मंत्र उच्चारण बृज बिहारी गिरी के द्वारा की गई। जिसमें मुख्य रूप से विकास साहू, सुशील पटनायक, राजू यादव, शैलेश कुमार, रंथू साहू, किरण साहू, पंकज साहू, बबलू साहू, राजू साहू, रवि साहू, ऋतिक खत्री, राजवीर, भरत सोनी, सरस्वती देवी, दिनेश साहू, सुनील खत्री, गंगा साहू, कुणाल ठाकुर, संतोष कुमार, दीपक कुमार, मनोज कुमार के साथ अन्य राम भक्त मौजूद रहे।

## भूमि संरक्षण पदाधिकारी के लापरवाही के कारण पानी पंचायत के लोग आत्महत्या करने पर मजबूर

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में क्राइम फ्री इंडिया ब्यूरो झारखंड राज्य के सदस्य एवं प्रतिनिधि प्रद्युमन सिंह ने भूमि संरक्षण विभाग लोहरदगा में पदस्थापित भूमि संरक्षण पदाधिकारी,लिपिक मुकेश कुमार पंडित एवं कनीय अभियंता नवनीत भगत की कर्तव्य हीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण पानी पंचायत की गरीब लोगों का बिल नहीं निकल पाया है। जबकि 29 मार्च 2025 को अधिकारियों द्वारा निकासी के अंतिम समय तक बिल निदेशालय नहीं पहुंचाया गया जिस कारण मार्च में बिल नहीं निकल पाया है।जबकि इन लोगों ने सभी लाभुको से 30 प्रतिशत रिश्वत ले चुका है फिर भी बिल नहीं निकलवाया है दुर्भाग्यपूर्ण है की अधिकतर पानी पंचायत के लोगों ने साहूकारों से 5 से 10प्रतिशत ब्याज में राशि लेकर योजना पूर्ण कराया गया, बिल नहीं निकलने के कारण पानी पंचायत के लिए आर्थिक समस्या बन चुका है उनके समक्ष आत्महत्या करने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसका जिम्मा पदाधिकारी को दी गई थी, उन्होंने निर्देशक महोदय से इस संबंध में एक माह पूर्व लिखित सूचना दिया जा चुका है कि इन लोगों के द्वारा मार्च में बिल नहीं निकाला जा सकता है इसलिए दूसरे लिपिक के प्रतिनियूक्ति किया जाए लेकिन उन्होंने मेरी बात को अमल करने के बजाय हल्के में लिया जिसका परिणाम पानी पंचायत के लोगों को भोगना पड़ रहा है। जिन लोगों के कारण बिल नहीं निकला उन लोगों पर कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों के पास अनुशंसा कर भेजा जाए साथ ही लिपिक मुकेश कुमार पंडित को रांची के नजदीकी स्थानांतरण ना कर कहीं दूर के जिलों में स्थानांतरण किया जाए। इस दौरान उन्होंने सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई एवं विभागीय कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में दूसरे लोग इस तरह की लापरवाही करने से पहले एक नहीं सौ बार सोचे।

**कुरु प्रखंड के चिरी फुटबॉल मैदान में होगी लोहरदगा कांग्रेस की बड़ी कार्यकर्ता सम्मेलन**

# पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव तैयारी में जुटे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा कांग्रेस की आवश्यक बैठक की गई जिसमें आगामी 17 अप्रैल 2025 को कुरु प्रखंड के चिरी फुटबॉल मैदान में लोहरदगा कांग्रेस की कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कई नेता, प्रदेश प्रभारी समेत प्रदेश स्तर के कई नेता शामिल होंगे। जिसमें ज़िले प्रखंड, पंचायत, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का महाजुटान होगा जिसमें हजारों हज़ार की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे इसके साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें नागपुरी जगत के मशहूर सिंगर नीतेश कच्छप, पवन रॉय, चिंता देवी आदि भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव तैयारी में ज़ोर - शोर से जुट गए हैं। इसे लेकर आज आवश्यक बैठक की गई जिसमें विशेष विचार विमर्श किया गया। मौक़े पर कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, युवा ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुरु बीससूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, कुरु प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर,भण्डरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनिस अहमद, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, पेसरार ज़िलाध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार,युवा उपाध्यक्ष असलम अंसारी, मुज़ाहिर अंसारी, ज़फ़र इमाम आदि उपस्थित थे।

# कुरु के सुन्दरू पंचायत अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर कॉग्रेसयों ने किया शोक संवेदना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा कॉग्रेस द्वारा कुरु प्रखंड अंतर्गत पंचायत सुन्दरू के पंचायत अध्यक्ष महरूम शमसुल अंसारी का आकस्मिक निधन हो गया जिसपर कार्यालय राजेन्द्र भवन में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा मौन रख कर शोक संवेदना की गई, एवं उनके आवास पहुंच परिवार जनों से मिल कर सांत्वना दी। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष मरहूम शमसुल अंसारी का आकस्मिक निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने पार्टी की निस्वार्थ भाव से सेवा की उनके सहयोग को नहीं भुलाया जा सकता। वे एक कॉग्रेस के सच्चे सिपाही थे। विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल ने कहा कि मरहूम शमसुल अंसारी एक नेकदिल इंसान थे उनका आकस्मिक निधन काफी दुखदायी है। उन्होंने समर्पित रूप से पार्टी में योगदान दिया इस दुख की घड़ी में कॉग्रेस परिवार दु:खित परिवार के साथ है। मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उराँव, युवा ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुरु बीससूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, कुरु प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, भण्डरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनिस अहमद, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, पेसरार अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, सेनहा अध्यक्ष अनिल उरांव,युवा उपाध्यक्ष असलम अंसारी, मुज़ाहिर अंसारी, ज़फ़र इमाम आदि उपस्थित थे।

## चैती छठ व्रत प्रारंभ, अस्ताचलगामी भगवान भास्कर का अर्घ्य आज, उदियमान अर्घ्य के साथ कल व्रत का पारण



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व चैती छठ व्रत पिछले दिनांक 01अप्रैल से ही नहाय खाय से प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर ब्रतियों ने बुधवार को खीरभोजन किया वहीं आज 03 अप्रैल गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की अर्घ्य एवम 04 अप्रैल शुक्रवार को कल उदियमान अर्घ्य के साथ व्रत का पारण हो जायेगा। चैती छठ के शुभ अवसर पर प्रखंड के हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली व गुड़ी पंचायत के गांवों में सुप्रसिद्ध भोजपुरी छठ गीत गायिका शारदा सिन्हा की गीत बाट से पुछेला बटोहीया ई दल केकर जाए, ई दल सुरजदेव के जाए के गीत से छठ व्रत को लेकर भक्तिमय हो गया है माहौल। व्रत धारियों के परिजन छठ घाट नदी तालाबों के साफ सफाई व कैरो बुधवार साप्ताहिक बाजार से छठ व्रत के निमित सामग्री जुटाने में व्यस्त दिखाई पड़े व्रत धारियों के परिवार।

# सढ़ाबे गांव में प्रकृति का पर्व सरहुल धूमधाम के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** प्रखण्ड के सढ़ाबे गांव में बुधवार को प्रकृति का पर्व सरहुल धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर पहान पुजार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई।मौके पर आदिवासी सरना धर्मावलम्बियों के द्वारा सरहुल शोभा यात्रा निकाली गई जो विभिन्न गली मुहल्लों से गुजरते हुए अपने गंतब्य स्थान तक पहुंची इस दौरान गांव पंचायत की महिलाए पारंपरिक भेष भूषा में पुरुषों के साथ अपनी परंपरा के अनुरूप गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को सरहुल की बधाई दी।मौके पर मुख्य रूप से सढ़ाबे मखिया सुमित्रा उरांव उपस्थित होकर ढोल मांदर साउंड सिस्टम पर नृत्य दल का साथ देते हुए कहा कि हम प्रकृति के पजारी हैं हमारी आस्था विश्वास, परम्परा, सभ्यता संस्कृति सभी प्रकृति से जुड़ा हुआ है आज हमारे प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया किया जा रहा प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है हमे हर हाल में प्रकृति की रक्षा करनी है तभी हम सब सुरक्षित है। मौके पर राम उरांव, विजय कुमार एक्का, लखन उरांव, किशोर उरांव, राजेंद्र महतो, परमान्द साहू, नगवा उरांव, ससि उरांव, रोहित उरांव, धुचु उरांव चिखु उरांव, सुकरा उरांव, भीम उरांव, सरोज उरांव, अनिल उरांव, फूलकुमार भगत, राम उरांव, सुनील उरांव आदि उपस्थित थे।

# वक्फ बिल संशोधन गरीब मुस्लिम परिवारों को सहायता मिलेगी : टीपू खान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** वक्फ बिल केंद्र सरकार द्वारा संशोधन बिल को लेकर लोहरदगा जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष टीपू खान ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पीएम नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में कानून मंत्री किरेन रिजिजू जी के द्वारा संशोधन कर बिल पारित करने का नया आदेश देश के मूलभूत सुधार को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा संशोधन भाग संपत्तियों से जुड़े मामलों पर राज्य सरकार नियंत्रित की भूमिका तथा वक्फ की संपति है या नहीं राज्य सरकार के द्वारा अधिकारी को नियुक्त किया जाना सराहनीय कार्य है। तथा मौजूदा पुरानी मस्जिद दरगाह और अन्य धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ नहीं होगी या सुझाव सहयोगी दल द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थन में भाजपा को दिया गया है। वक्फ परिषद में सदस्यों के अलावा दो गैर मुस्लिम सदस्य वक्फ बोर्ड में मामलों में संबंधित सचिव सदस्य बनाने की योजना की जाएगी जिससे वक्फ की संपत्ति में लाभान्वित होंगे। गरीब यतीम मुस्लिम एवं मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु उद्देश्य से बदलाव लाने हेतु केंद्र सरकार के द्वारा पारित किया गया जो सराहनीय पहल है।

## बड़की चांपि पंचायत के बन्दुवा गांव में प्राकृतिक पर्व सरहुल काफी धूमधाम एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चाँपि पंचायत के बन्दुवा गांव में प्राकृतिक पर्व सरहुल काफी धूमधाम एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर बंदुआ गांव के पाहन विश्राम भगत एवं पुजार रमेश भगत के द्वारा विधिवत झखरा स्थल पर पूजा पाठ किया गया तत्पश्चात अखड़ा में पारंपरिक रूप से नृत्य संगीत का आयोजन किया गया। इस इस मौके पर बंदुआ अखड़ा एवं बंदुआ बर टोली में गांव के स्थानीय लोगों के द्वारा सरहुल के मौके पर धूमधाम से नृत्य संगीत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से आदिवासी छात्र संघ जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव, पड़हा बेल विजय उरांव, जतरू उरांव, अमित उराँव, अनूप उराँव, अनिल उरांव, वार्ड सदस्य बंदुआ गीता भगत, वार्ड सदस्य छोटकी चाँपि सुनील मुंडा, ग्राम प्रधान बंदुआ अम्बिका टाना भगत, सुनील टाना भगत, रविंद्र उरांव, बना उराँव, प्रदीप भगत, फुलमनी भगत, धर्मदेव भगत, वासुदेव भगत, दामोदर भगत, मीणा देवी, तुलसी भगत, संजय गंझू, कौशल्या देवी, मंजू देवी, बसंती देवी, मंगलदेव भगत, पूनम मिंज, बृजमोहन उरांव, हीरामणि देवी, विद्यावती भगत, फूलमानी देवी, बिंदु भगत, शांति देवी, मंगरी देवी, अनु भगत, दिवाकर भगत, सूरजमनी कुमारी उरांव, सोमरा टाना भगत, अजीत भगत, सतीश भगत, विमला देवी, पार्वती देवी, भिनसरिया देवी, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खरना के बाद छठवर्तियो ने 36 घंटे का निर्जला व्रत किया प्रारम्भ, पहला अर्ग्य आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में मंगलवार से छठ गीतो के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो गई, वही जिले में पूजा सामग्री की खरीदारी के साथ बुधवार को खरना किया गया जिसमे गाय के दूध तथा अरवा चावल से बने प्रसाद से छठवर्ती प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ की गई।गांव से लेकर शहर तक सूप एवं दउरा को नारियल,कतारी मिट्टी के दीए, डाम्भा,फल फूल इत्यादि सामानों से सूप सजाया जाता है,वही खरना से पूर्व संध्या पर छठवर्ती छठ घाटों पर जा कर अपने अपने पूजा पाठ के लिए घाट बांधते है उसी जगह पर संध्या एवं सुबह कर अर्ग दिया जाता है,छठ पूजा में खरना महाप्रसाद का बड़ा ही महत्व है लोग एक दूसरे के घर घर जा कर इस महाप्रसाद को ग्रहण करते हैं,वही जिले भर में गुरुवार को कई घाटों में जैसे कोयल नदी भक्सो, कोयल नदी सेरेंगहातु, शंख नदी, ठकुराइन तालाब तथा छोटे बड़े सभी घाटों पर अर्ग्य दिया जाना है। वही पंचांग के अनुसार गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध 6 बजे दिया जाएगा तथा शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य 5 बजकर 40 मिनट पर अर्घ्य दिया जाएगा।

# तेलांगना में अत्यंत गरीब प्रवासी मजदूर की मौत, ग्रामीणों के सहयोग से वापस लाया गया शव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मामला जिले के सदर थाना क्षेत्र की है जहां एक प्रवासी मजदूर को मौत हो जाने से परिवार पर आफत आ पड़ी। घटना पांच दिन पहले की जहां सदर प्रखंड क्षेत्र के भट्टखिजरी पंचायत अंतर्गत मुंदो गांव की है जहां रामदेनी साहू नामक व्यक्ति हैदराबाद तेलांगना रोजी रोटी के लिए कमाने गया था वहां जाने के बाद इसकी तबियत अचानक बिगड़ गई जिसे वहां के स्थानीय लोगो द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान सोमवार को रामदेनी साहू मौत हो गई।मौत के बाद जब इसकी सूचना परिवार वालो को मिली तो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।गरीबी से तंग परिवार वालो को उसका शव लाने की चिंता सताने लगी।जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली तो फिर उन लोगों ने समाज और गांव वालो साथ मिल बैठकर कर विचार विमर्श किया और चंदा कर उसकी शव लाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की मांग की गई इस दौरान सभी लोगो बातो को समर्थन करते हुए।लगभग 50 हजार से ज्यादा की राशि इकट्ठा कर परिवार वालो के सहयोग से पार्थिव शरीर को एंबुलेंस से लगभग 15 सौ किमी से मंगलवार शाम 5 बजे घर लाया गया।जिसके बाद उनके पुत्र पवन साहू के द्वारा उनका मुख अग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया।इस दौरान ग्रामीणों ने बताया की पिछले 10 सालो के अंदर मृतक रामदेनी साहू के दो बेटो की मृत्यु बीमारी के कारण हुई थी।जिसे रामदेनी साहू का परिवार काफी गरीबी और तंगहाली की जीवन जीने को मजबूर हो गया था।इस दौरान साहू समाज के लोगो ने एकता और मानवता का परिचय देते हुए बड़े ही नेक काम को अंजाम दिया है जिसे अन्य समाज या धर्म को प्रेरणा लेने की भी जरूरत है। इस दौरान ग्रामीणों में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया सुरेंद्र लोहरा, राजकुमार साहू, बाल्मिकी, नीरज, ललन, नागेंद्र, बबलू, सुनील, रामेश्वर, प्रह्लाद, रवि, पंकज, दिनेश, राजू, बिनोद, मुन्ना, राजा, दीपक, मनोज, मनोहर, संजीत, उदित, रामावतार, बांबेश्वर, भीम, ज्योतिष, राजेश, सुनील अग्रवाल, रमेश, साधु उरांव, नंदलाल उरांव, विजय कुमार साहू के साथ अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# लोहरदगा ज़िला में 200 नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रामोत्सव मनाने का लक्ष्य : रितेश कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** स्थानीय गुदरी बाजार हनुमान मंदिर के पास मंगला शोभायात्रा के दौरान उपस्थित अखाड़ों के बीच युवा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेंड़ा द्वारा रामोत्सव का पोस्टर जारी कर रामोत्सव पर्व का शुरुआत किया गया। इसके बाद नगर के विभिन्न अखाड़ों बरवा टोली, मोटीया संघ, बी आई डी, मिशन चौक,बजरंग दल अमला टोली, थाना टोली, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा का भर्मण कर वहां के मंदिरों तथा अखाड़ा में रामोत्सव का पोस्टर लगाकर तथा उपस्थित सनातनियों को रामोत्सव का महत्व बताकर उन्हें जागरूक करने का काम विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों के बीच राम भगवान के जन्म का महत्व बताते हुए कहा कि राम भगवान एक आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श पति के साथ साथ पुरुषोत्तम का मिशाल हैं। जिनका जन्म अच्छे और धर्म आधारित आदर्शों को स्थापित करने हेतु हुआ था। जहाँ एक ओर अपने पिता द्वारा दिये वचन को पूरा करने हेतु 14 वर्ष का वनवास काटा, तो दूसरी ओर वनवास के दौरान दुष्ट शक्तियों का संहार कर धर्म की रक्षा किये वहीं निषाद से गला मित्रवत गला मिलकर तथा सबरी की जूठे बैर खाकर समाज मे ऊंच नीच, जात पात के भेदभाव को खत्म करने का आदर्श स्थापित किया जबकि अपने छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपना और भरत द्वारा उसे अस्वीकार कर अपने बड़े भाई का खांड़ाव को राजगद्दी में रखकर एक सेवक की तरह देश सेवा करना,रिश्तों को निभाने की श्रेष्ठ उदाहरण है। दूसरी शब्दो मे बोल सकते हैं कि राम भगवान का जन्म ही दुष्टो का सर्वनाश करने, आदर्श समाज का निर्माण करने तथा धर्म की रक्षा करने तथा इसकी अक्षुण्यता को स्थापित करने के लिये ही हुआ था। रामोत्सव कार्यक्रम 12 अप्रैल तक होना है, जिसके अंतर्गत लोहरदगा ज़िला के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के दो सौ मठ,मंदिर तथा अखाड़ों में सम्पर्क करने का लक्ष्य रखा गया है फिर 12 अप्रैल को हनुमान जन्मदिवस को समापन बलोपसना के साथ किया जायेगा।

चलते चलते एक नजर

## ऑनलाइन व दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों को मिली मंजूरी



**हिसार :** यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र द्वारा सेंटर फॉर इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो.नरसी राम बिश्नोई ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों और विषय-विशेषज्ञों ने भाग लिया।कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि इस बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।उन्होंने बताया कि इससे विश्वविद्यालयडिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा।यह निर्णय शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं ऑनलाइन सुलभ शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब दूर-दराजके विद्यार्थी भी घर बैठे उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।इससे हरियाणा एवं दिल्ली एनसीआर के विद्यार्थियों को अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने का मौका मिलेगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को शुरू करने की मंजूरी दी गई। नए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में मास्टरऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी), मास्टरऑफ आर्ट्स (हिन्दी), मास्टर ऑफ साइंस (गणित) और डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों के साथ-साथ सभी पीजीपाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ओडीएल के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम में भी उपलब्ध होंगे। साथ ही बैठक में नए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को शुरू करने का अनुमोदन किया गया है।

## बाल कैदियों के फरार होने की घटना सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक : बाबूलाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाईबासा के बाल सुधार गृह से बड़ी संख्या में बाल कैदियों के फरार होने की घटना सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक को दर्शाती है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि बाल सुधार गृह का उद्देश्य भटके हुए किशोरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना होता है, लेकिन चाईबासा की यह घटना दर्शाती है कि सरकार बाल सुधार गृह के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि सभी फरार किशोरों को वापस लाकर उनके लिए उचित काउंसलिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। अन्यथा यह समाज के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे क्यों भागे और किसकी लापरवाही से भागे, इसकी उच्चस्तरीय जांच करा कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में बाल सुधार गृह से 21 बाल बंदी मंगलवार की शाम फरार हो गए थे। फरार बाल बंदी में चार मिले थे। बाकी अन्य की तलाश पुलिस कर रही है।

# रिटायरमेंट के दिन अंतिम यात्रा में हुआ लोको पायलट की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज :** जिले में मंगलवार को भीषण रेल हादसा देखने को मिला था। यहां सुबह तड़के दो मालगाड़ियों की भीषण टक्कर हो गई थी जिसमें दो लोको पायलटों की मौत हो गई थी। दरअसल, एक खाली मालगाड़ी को कोयले से लदी मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस कारण मालगाड़ी के इंजन में आग लग गई। बता दें कि साहेबगंज रेल हादसे में जिन लोको पायलटों की मौत हुई, उनमें से एक सोमवार को रिटायर होने वाले थे। झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों के बीच टक्कर में लोको पायलट गंगेश्वर मल की मौत हो गई। वह एक अप्रैल को ही नौकरी से रिटायर होने वाले थे और सेवा में रहने के दौरान उनकी अंतिम यात्रा थी।जानकारी के मुताबिक, लोको पायलट के पूरे परिवार ने रिटायरमेंट के दिन साथ में रात्रि भोज करने की प्लानिंग की थी। हालांकि, अब उनके पास केवल यादें और आंसू हैं।मृतक लोको पायलट गंगेश्वर मल का परिवार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में जियागंज में रहता है। परिवार के मुताबिक, लोको पायलट ने काम से लौटने के बाद रात का खाना साथ में खाने का वादा



किया था। लोको पायलट की बेटी ने बताया कि एक अप्रैल उनके पिता का आखिरी कार्य दिवस था। उन्होंने अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बनाई थी।हमने सुना कि पिता वापसी में सिग्नल प्वाइंट पर इंतजार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मालगाड़ी के इंजन ने उनके इंजन को सामने से टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को तड़के तीन बजे के करीब एनटीपीसी द्वारा संचालित दो मालगाड़ियां साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह के पास टकरा गईं। ये मालगाड़ियां फरक्का में थर्मल पावर प्लांट में कोयला ले जा रही थीं। आमने-सामने की टक्कर में दोनों मालगाड़ियों के चालकों की मौत हो गई। पूर्वी रेलवे के प्रवक्ता कौशिक मित्रा ने बताया कि यह घटना एनटीपीसी के बुनियादी ढांचे से जुड़ी है। मालगाड़ियां और पटरियां एनटीपीसी की हैं।

## आठवें वेतन आयोग का लाभ न मिलने पर जताया रोष

**जींद :** बुधवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक का आयोजन प्रधान राजीव जुलानी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक का संचालन सब यूनिट प्रधान संदीप लाठर ने किया। जिला प्रधान संजीव ढांडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों व सभी पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग का लाभ नही दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार अपने कर्मचारियों को कम से कम छह प्रतिशत मंहगाई भत्ता दे। केंद्र सरकार वेतन आयोग के नियमों से कोई छेड़छाड़ ना करे।वेतन आयोग का गठन तुरंत किया जाए और वेतन आयोग की सिफारिशों को समय पर लागू करने का कार्य करें। हरियाणा सरकार प्रदेश का अलग से वेतन आयोग गठित करें।

## राम नवमी को दोपहर 12 बजे रामलला का होगा जन्म : चम्पत राय



एजेंसी

**अयोध्या :** राम जन्मभूमि में राम जन्मोत्सव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट धूमधाम से मना रहा है। जन्मोत्सव पर प्रतिदिन श्री रामलला के सामने सायंकाल बधाई गायन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हो रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राम नवमी के अवसर पर छह अप्रैल को रामलला का जन्म होगा।ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि चैत्र राम नवमी के अवसर पर आगामी छह अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे रामलला का जन्म होगा। उसी समय से उनके कुल देवता सूर्य अपनी किरणों से अगले चार मिनट तक उनका अभिषेक करेंगे। सूर्य तिलक का सीधा लाइव प्रसारण होगा। राम नवमी को प्रातःकाल भगवान का अभिषेक प्रातः 9 बजकर 30 मिनट से एक घंटे तक किया जाएगा। अभिषेक करने के उपरांत भगवान का श्रृंगार होगा। उसके बाद भगवान को 56 भोग लगाया जाएगा। भगवान श्रीराम ने सूर्यवंश में जन्म लिया है। इसलिए सूर्य तिलक का कार्यक्रम हो रहा है।मंदिर में प्रातः 8 बजकर 30 मिनट से श्रीराम चरित मानस और वाल्मीकि रामायण का राम नवमी तक नवान्ह पाठ किया जा रहा है। राम जन्मभूमि परिसर के अंगद टीला पर सायंकाल राम भक्तों को श्री राम कथा में भगवान राम की लीलाओं का व्याख्यान वृंदावन के चर्चित रामकथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज के द्वारा सुनाया जा रहा है। हजारों की संख्या में राम भक्त राम मंदिर में दर्शन कर रहे हैं।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को रामनवमी पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए वीडियो जारी कर राम भक्तों से सभी जानकारी साझा की हैं।

## मंगलवारी शोभायात्रा में गूंजे जय श्री राम के जयकारे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा में रामनवमी के अवसर पर मंगलवार को भव्य मंगलवारी जुलूस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रीरामनवमी पूजा समिति जेनरल व महावीर मंडल अखाड़ा ने भाग लिया। जुलूस की शुरुआत मां काली मंदिर प्रांगण से हुई, जो रंका मोड़ मुख्य मार्ग से होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचा। वहां श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया और फिर झंडा चौक पहुंचे, जहां अखाड़ों के युवाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद जुलूस भगवान राम लला कुटी पहुंचकर संपन्न हुआ। इस शोभायात्रा में बच्चे, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में



शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालु %जय श्री राम% के गगनभेदी नारे लगाते रहे। जुलूस में शामिल भक्तों ने बताया कि यह पहली मंगलवारी शोभायात्रा थी और सभी राम भक्त मिलकर भगवान के दरबार में पहुंचे। समाजसेवियों व विभिन्न पूजा समितियों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान व प्रसाद की व्यवस्था की। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जुलूस के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा। अधिकारियों ने बताया कि एसपी के निर्देश पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# गढ़वा जिला स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** सदर अनुमंडल कार्यालय सभा कक्ष में गढ़वा जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर सपनों का गढ़वा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने की। संगोष्ठी में डॉ मुरली श्याम गुप्ता ने कहा कि वे ढिबरी युग में पैदा हुए थे। तब लैंपपोस्ट होते थे।पर ब्लॉक, डिवीजन और बाद में जिला बनने पर उत्तरोत्तर विकास हुआ। समाजसेवी डॉक्टर यासीन अंसारी ने अपने संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि जब गढ़वा जिला बना तब वे सत्ताधारी पार्टी के जिला अध्यक्ष हुआ करते थे। जिला बनने से पूर्व गढ़वा में 90% से अधिक खपरैल के मकान होते थे। आज 2% से भी कम कच्चे मकान बचे हैं। गढ़वा तरक्की कर रहा है, यह





तरक्की जारी रहे, यही कामना है। सुशील केसरी ने कहा कि गढ़वा ने काफी विकास किया है। शिक्षक अरुण दुबे ने कहा कि सभी संसाधनों में सर्वोच्च मानव संसाधन होता है। जिसके लिए हमें शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है।समाजसेवी दयाशंकर गुप्ता ने कहा कि गढ़वा जिला बनने के उपरांत कई सपने पूरे हुए, किंतु कुछ सपने अधूरे रह गए। वरिष्ठ पत्रकार नित्यानंद ने कहा कि जब 1 अप्रैल 1991 को गढ़वा जिला जन्म ले रहा था तब यह घोर उग्रवाद से ग्रस्त था। आज हर गांव तक बिजली पहुंच गई है।प्रमोद सोनी ने कहा कि गढ़वा ने कला और संस्कृति क्षेत्र में भी बहुत विकास किया है। नीरज श्रीधर ने कहा कि गढ़वा जिले में संसाधन बढ़े हैं, किंतु साहित्यिक दिशा में अभी बहुत काम किया जाना बचा हुआ है। अधिवक्ता अशोक पटवा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अभी उत्तरोत्तर प्रगति की जरूरत है। संगोष्ठी को इम्तियाज अंसारी, डॉ लालमोहन मिश्रा, बृजेश पांडे, समाजसेवी शौकत खान,आत्माराम पांडे, इम्तियाज अंसारी, पूनम श्री आदि ने भी अपने विचार रखें।

## राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय स्पोर्ट्स मीट का हुआ उद्घाटन

**जोधपुर :** नर्सिंग विद्यार्थियों में खेलकूद के प्रति जागरूकता के मद्देनजर व खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए शाला क्रीड़ा संगम गौशाला मैदान जोधपुर पर जीकान स्पोर्ट्स मीट 2025 का बुधवार को संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल विधिवत उद्घाटन किया गया।राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जोधपुर के प्रधानाचार्य मुकेश तेतरवाल ने बताया कि 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2025 तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एवेंजर, ब्लास्टर, रेंजर, स्ट्राइकर,थंडर, व वॉरियर नाम के छह ग्रुप में विभक्त कर प्रत्येक ग्रुप में बीएससी, पोस्ट बेसिक बीएससी व एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों को बराबर संख्या में बांटकर खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप विजेताओं से की मुलाकात





एजेंसी

**नई दिल्ली :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों मनीषा भानवाला (गोल्ड), रीतिका हुड्डा (सिल्वर), मुस्कान नंदल (ब्रॉन्ज) और उनके कोच मंदीप से मुलाकात की। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय जनता पार्टी नेता योगेश्वर दत्त भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने लिखा,आज सीनियर एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता मनीषा, रजत पदक विजेता रीतिका हुड्डा, कांस्य पदक विजेता मुस्कान नंदल और कोच मंदीप ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी गईं और माता रानी की कृपा से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।मनीषा भानवाला (62 किग्रा) और अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप 2025 में भारत के लिए स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता अम्मान, जॉर्डन में आयोजित की गई थी।मनीषा भानवाला ने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को फाइनल मुकाबले में 8-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 से 2024 तक लगातार तीन बार कांस्य पदक जीतने के बाद इस बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया।रीतिका हुड्डा ने महिला फ्रीस्टाइल 76 किग्रा श्रेणी में रजत पदक हासिल किया। मुस्कान नंदल (59 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ग्रीको-रोमन पहलवान नितेश (97 किग्रा) और सुनील कुमार (87 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

## हैदराबाद विवि की 400 एकड़ भूमि नीलामी के विरोध में एबीवीपी ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सचिव श्रवण बी राज और शिवांगी खारवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर हैदराबाद विश्वविद्यालय की 400 एकड़ भूमि के अतिक्रमण और नीलामी के गंभीर मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार से इस भूमि को बचाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप कर विश्वविद्यालय को उसका अधिकार वापस दिलाने की मांग की है।इस संदर्भ में अभाविप ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर तेलंगाना सरकार की मनमानी और छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। परिषद ने स्पष्ट किया कि शिक्षा और अनुसंधान के लिए समर्पित इस भूमि का निजी कंपनियों को सौंपा जाना न केवल अनुचित और निंदनीय है बल्कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी संतुलन को भी गहरी क्षति पहुंचेगी।

यह भूमि न केवल शैक्षिक महत्व रखती है, बल्कि अपने समृद्ध जैवविविधता के कारण एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय धरोहर भी है। यहां अनेक दुर्लभ प्रजातियों का प्राकृतिक आवास है, जिनके अस्तित्व पर संकट मंडराएगा। इस भूमि का विनाश जैविक तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा, जिससे जलवायु संतुलन, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।हैदराबाद विश्वविद्यालय की यह भूमि केवल एक भूखंड नहीं बल्कि एक शैक्षणिक और पारिस्थितिक धरोहर है, जिसे किसी भी स्थिति में नष्ट नहीं होने दिया जाएगा।

जब अभाविप कार्यकर्ताओं और छात्र समुदाय ने इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई तो तेलंगाना पुलिस ने विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति के बिना जबरन परिसर में घुसकर छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। यह न केवल छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है बल्कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता पर भी सीधा प्रहार है।

## अगले तीन वर्ष में मप्र की सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ा जाए : मुख्यमंत्री

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश की शत-प्रतिशत बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करें। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाए। सड़कों की आवश्यकता के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अवश्य लिया जाए। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार में टूट रहे पुलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट नाराज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बिहार में एक के बाद एक पुलों के गिरने की घटनाओं को लेकर दाखिल याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के पास भेज दिया है। हाईकोर्ट इस पर 14 मई से सुनवाई शुरू करेगा। याचिकाकर्ता ने पुलों की सुरक्षा जांच को लेकर उठाए जा रहे कदमों की मॉनिटरिंग करने की मांग की है। निर्माण के दौरान 3 पुलों के गिर जाने के मामले में अधिकारियों के खिलाफ चल रही विभागीय जांच की भी निगरानी करने की मांग की है। याचिकाकर्ता की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट राज्य सरकारों को सुरक्षा जांच की मॉनिटरिंग और अधिकारियों के खिलाफ चल रही जांच की निगरानी करने का निर्देश दे. लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट में याचिका दाखिल कर बिहार सरकार को पुलों का ऑडिट करने का निर्देश देने की मांग की गई है।



याचिका में कहा गया कि इसके लिए राज्य सरकार को निर्देश दें कि वह हाई लेवल एक्सपर्ट कमेटी बनाए, जो पुलों की निगरानी करे और कमजोर पुलों की पहचान करे और उनको मरम्मत कर मजबूत किया जाए.सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने रजिस्ट्री को 4 हफ्ते के अंदर मामला हाईकोर्ट ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है।

बिहार सरकार की ओर से दिए गए काउंटर पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा, हमे पता है, आपके काउंटर का पहला पन्ना हमने पढ़ा है, बिहार के पास ये स्कीम है, वो स्कीम है. उन्होंने आगे कहा कि बेंच ने राज्य सरकार का जवाब पढ़ लिया है और सुप्रीम कोर्ट इस मामले को पटना हाईकोर्ट ट्रांसफर कर रहा है. उन्होंने कहा कि वो जांच की डिटेल्स भी हाईकोर्ट को भेजी जा रही है, जिसमें राज्य सरकार ने बताया है कि वो इस मामले में क्या कर रहे हैं.जस्टिस संजय कुमार ने कहा कि अब तक तीन पुल गिर चुके हैं और जिम्मेदार लोगों को सस्पेंड किया जाता है, लेकिन थोड़े समय बाद उनको फिर वापस बुला लिया जाता है. याचिकाकर्ता ने कोर्ट में कहा कि बिहार में पुल टूट रहे हैं और कोई उनका निरीक्षण नहीं कर रहा है. बिहार सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि विभागीय जांच शुरू कर दी गई है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है. उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार 10 हजार से ज्यादा पुलों की निगरानी करवा रही है.